3 **बस्तर संभाग** नोनी एप्प के माध्यम से हो रही होम आईसोलेशन में रहने ...

6 **अभिमत** नेपाल में राजनीतिक अस्थिरता

10 **संस्कारधानी** वेंटिलेटर का ट्रायल और 80 बिस्तरों पर मरीजों का ...

11 **छत्तीसगढ़** लॉकडाउन का पहला दिन, चारों तरफ पसरा ...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 15 अप्रैल 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 233 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### कोविंद ने अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने संविधान निर्माता बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की जयंती पर बुधवार को उन्हें याद किया और श्रद्धांजलि दी। श्री कोविंद ने ट्वीट करके कहा भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पी, बाबासाहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि। डॉ आंबेडकर ने समतामूलक न्यायपूर्ण समाज बनाने के लिए आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने लिखा, आइए, आज हम उनके जीवन तथा विचारों से शिक्षा ग्रहण करके उनके आदर्शों को अपने आचरण में ढालने का संकल्प लें।

### पेट्रोल-डीजल के दाम लगातार 15वें दिन स्थिर

**नयी दिल्ली।** देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें आज लगातार 15वें दिन स्थिर रहीं। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आज पेट्रोल का भाव 90.56 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा। डीजल की कीमत भी 80.87 रुपये प्रति लीटर पर अपरिवर्तित रही। गत 30 मार्च के बाद से दोनों जीवाश्म ईंधनों के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। अन्य महानगरों में भी पेट्रोल और डीजल के दाम स्थिर रहे। एक लीटर पेट्रोल मुंबई में 96.98 रुपये, चेन्नई में 92.58 रुपये और कोलकाता में 90.77 रुपये का मिला। एक लीटर डीजल की कीमत मुंबई में 87.96 रुपये, चेन्नई में 85.88 रुपये और कोलकाता में 83.75 रुपये रही।

### वित्त वर्ष 2020-21 में अप्रत्यक्ष कर संग्रह में 12 प्रतिशत की वृद्धि

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2020-21 में अप्रत्यक्ष कर संग्रह (जीएसटी तथा गैर-जीएसटी) 12.3 प्रतिशत बढ़कर 10.71 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गय जो इससे पिछले वित्त वर्ष में संग्रहित 9.54 लाख करोड़ रुपए की तुलना में 12.3फीसदी अधिक है। वित्त मंत्रालय ने आज यहां बताया कि यह राशि वित्त वर्ष 2020-21 के लिए अप्रत्यक्ष करों के संशोधित अनुमान का 108.2 प्रतिशत हासिल कर लिया गया है। वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान सीमा शुल्क में कुल 1.32 लाख करोड़ रुपए की कर वसूली हुई। पिछले वित्त वर्ष के दौरान 1.09 लाख करोड़ रुपए की वसूली हुई थी। इस तरह सीमा शुल्क वसूली में 21 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

# मुख्यमंत्री भूपेश ने आपदा मोचन निधि से जिलों को 9 करोड़ की राशि आबंटित की

## आईसोलेशन सेंटरों में चिकित्सकीय परीक्षण के लिए मशीन और उपकरण खरीदने खर्च किए जाएंगे

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के दिशानिर्देश पर वित्तीय वर्ष 2021-22 में प्रदेश के जिला चिकित्सालय एवं स्वास्थ्य केन्द्रों तथा चिन्हांकित कोविड अस्पताल, आईसोलेशन सेंटरों में चिकित्सकीय परीक्षण हेतु मशीन और उपकरण- चिकित्सकीय उपकरण मद मे नौ करोड़ रुपये की राशि के आबंटन की स्वीकृति संचालक स्वास्थ्य सेवाएं के द्वारा प्रदान की गई है। कोविड-19 के रोकथाम एवं बचाव हेतु आपदा मोचन निधि से राज्य के सभी 28 जिलों में राशि का आबंटन किया गया है। रायपुर जिले को 90 लाख रुपये, बलौदाबाजार जिले को 25 लाख रुपये, गरियाबंद जिले को 55 लाख, महासमुंद जिले को 35 लाख, धमतरी जिले को 40 लाख, दुर्ग जिले को 50 लाख, बालोद जिले को 10 लाख, बेमेतरा जिले को 40 लाख, राजनांदगांव जिले को 40 लाख, कवर्धा जिले को 40 लाख, बिलासपुर को 20 लाख, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही को 50 लाख, मुंगेली को 50 लाख, जांजगीर-चाम्पा को 20 लाख, कोरबा को 20 लाख, रायग? को 20 लाख, दंतेवाड़ा को 20 लाख, सुकमा को 10 लाख, बीजापुर को 10 लाख, कांकेर को 25 लाख, बस्तर को 20 लाख, कोंडागांव को 30 लाख, नारायणपुर को 20 लाख, कोरिया को 30 लाख, जशपुर को 30 लाख, सरगुजा को 50 लाख, बलरामपुर को 10 लाख और सूरजपुर जिले को 40 लाख रुपये की राशि आबंटित की गई है। उपरोक्त आबंटित राशि का उपयोग केवल नोवेल कोरोना वायरस के संक्रमण के रोकथाम एवं बचाव से संबंधित कार्यों में ही किये जाने के निर्देश दिए गए हैं।

## डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना और आयुष्मान योजना के तहत निजी अस्पतालों के लिए कोरोना उपचार की दरें जारी

राज्य शासन द्वारा कोविड उपचार की अनुमति प्राप्त प्राइवेट अस्पताल जो कि डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना एवं आयुष्मान भारत योजना में पंजीकृत भी है, ऐसे समस्त अस्पतालों में कोविड उपचार की दर संबंधी आदेश जारी किया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कल जारी आदेश के अनुसार इस योजना के तहत प्रतिदिन के मान से जनरल वॉर्ड हेतु- रू 2000 , एच डी यू (ऑक्सीजन के साथ) 5500 रू.,आईसीयू (बिना वेंटिलेटर के) रू 7000 और आईसीयू (वेंटिलेटर के साथ)- रू 9000 रूपये निर्धारित किए गए हैं। आरटी पी सी आर की दर 550 रखी गई है। उपरोक्त पैकेज दर की परिभाषा एबी - पीएमजेवाई 2.0 गाइडलाइन के अनुसार होगी। सीटी स्कैन की जांच पर विषेष परिस्थिति में प्रतिबंध हटाया जाता है जिससे कोविड 19 महामारी के दौरान भर्ती मरीज को इसकी सुविधा मिल सके। ज्ञात हो कि इसके पूर्व विभाग ने 12 अप्रैल को निजी अस्पतालों में उक्त योजनाओं के तहत पंजीकृत लोगों के लिए 20 प्रतिषत बिस्तर आरक्षित करने के आदेश जारी किए थे।



# अंबेडकर के समान अवसर और अधिकारों के सपने को पूरा कर रही है सरकार : मोदी



वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सरकार समाज के सभी वर्गों को समान अवसर तथा समान अधिकार प्रदान करने के बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के सपने को पूरा करने का काम कर रही है। श्री मोदी ने बुधवार को वीडियो कांफ्रेन्स के माध्यम से भारतीय विश्वविद्यालयों के संघ के 95 वें वार्षिक सम्मेलन और कुलपतियों की राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने इस अवसर पर डॉ. अंबेडकर के बारे में श्री किशोर मकवाना द्वारा लिखित चार पुस्तकों का विमोचन भी किया। साथ ही बाबा साहेब अंबेडकर मुक्त विश्वविद्यालय में 'बाबा साहेब समरसता चेयर' की स्थापना की घोषणा भी की गयी। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों ने जिस समरस-समावेशी भारत का सपना देखा था उन सपनों को पूरा करने की शुरुआत बाबा साहेब ने देश को संविधान देकर की थी और उसी संविधान पर चलकर देश एक नया भविष्य ग? रहा है, सफलता के नए आयाम हासिल कर रहा है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर के कदमों पर चलते हुए देश तेजी से गरीब, दलित, पीड़ित, शोषित, वंचित, सभी के जीवन में बदलाव ला रहा है। बाबा साहेब ने समान अवसरों की बात की थी, समान अधिकारों की बात की थी उसके लिए सरकारी योजनाएं चलायी जा रही हैं। बाबा साहेब के जीवन संदेश को जन जन तक पहुंचाने के लिए भी देश काम कर रहा है। बाबा साहेब से जुड़े स्थानों को पंच तीर्थ के रूप में विकसित किया जा रहा है।

# सीबीएसई दसवीं की परीक्षाएं रद्द, बारहवीं की स्थगित




वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की दसवीं कक्षा की परीक्षाओं को रद्द और बारहवीं की परीक्षाओं को स्थगित कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने अधिकारियों के साथ आज एक उच्च स्तरीय बैठक के बाद सीबीएसई बोर्ड की दसवीं कक्षा की परीक्षाओं को रद्द और 12वीं की परीक्षाओं को स्थगित करने का निर्णय लिया। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार बारहवीं कक्षा की परीक्षाओं का नया शेड्यूल एक जून को देश में कोरोना वायरस संक्रमण की स्थिति को देखकर तैयार किया जाएगा। तय समय से 15 दिन पहले विद्यार्थियों को परीक्षा के बारे में सूचित कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि चार मई से 14 जून तक होने वाली 12वीं कक्षा की परीक्षाओं को स्थगित कर दिया गया है जबकि 10वीं कक्षा की परीक्षाएं जो चार मई से 14 जून तक होनी थी, उन्हें रद्द कर दिया गया है।

# बंगाल और उसकी संस्कृति को नष्ट करने की कोशिश कर रही भाजपाः राहुल

एजेंसी ◄ गोअलपोखर
www.dailypioneer.com

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बंगाल और उसकी संस्कृति को नष्ट करने की कोशिश कर रही है। श्री गांधी ने कहा कि वे (भाजपा) बंगाल को नष्ट और विभाजित करना चाहते हैं, वे असम और तमिलनाडु में भी ऐसा ही कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर बंगाल का विभाजन हुआ तो नुकसान बंगाल के लोगों का ही होगा।

केरल के वायनाड से सांसद श्री गांधी ने आठ चरणों वाले बंगाल चुनाव में अपनी पहली जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने 'सोनार बांग्ला' के निर्माण का दावा किया है जो एक 'मृगतृष्णा' है। उन्होंने कहा कि भगवा पार्टी के पास भाषा, धर्म, जाति और पंथ के आधार पर नफरत, हिंसा और लोगों को



विभाजित करने के अलावा कुछ भी नहीं है। कांग्रेस नेता ने कहा कि हर राज्य में, वे 'सोनार बांग्ला' जैसी बातें कहते हैं लेकिन, वे केवल लोगों को धर्म, जाति और भाषा के आधार पर विभाजित करते हैं। उत्तर प्रदेश में क्या हुआ, लोग कोरोना से मर रहे हैं। अस्पताल शवों से भरे पड़े हैं, मुख्यमंत्री (योगी आदित्यनाथ) को कोई मतलब नहीं है। कांग्रेस नेता ने कहा कि बंगाल ने तृणमूल कांग्रेस को मौका दिया लेकिन वह लोगों की सेवा करने में विफल रही। बंगाल में 'कट मनी' (रिश्वत) संस्कृति पर, उन्होंने कहा कि आपने तृणमूल को एक मौका दिया। लेकिन, वे असफल रहे। राज्य के लोगों को नौकरियों की तलाश में बाहर जाना पड़ता है। यह एकमात्र राज्य है जहां आपको नौकरी पाने के लिए 'कट मनी' का भुगतान करना होगा।

श्री गांधी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर कटाक्ष करते हुए और कहा कि उनकी पार्टी कभी भी तृणमूल की तरह भाजपा और आरएसएस के साथ गठबंधन नहीं करेगी, जो अतीत में भगवा पार्टी नीत राजग का सहयोगी थी। कांग्रेस नेता ने तृणमूल के चुनावी नारे 'खेला होबे' पर तंज कसते हुए कहा कि लोगों की सेवा करना और इसको लेकर खेल खेलना एक समान नहीं है।

# भाई-बहन हैं नरेंद्र मोदी और ममता दोनों में कोई अंतर नहीं : ओवैसी

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

बंगाल में विधानसभा चुनाव का घमासान अपने चरम पर है। इस बीच एआईएमआईएम के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी ने तंज कसते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी दोनों भाई-बहन हैं और दोनों में कोई अंतर नहीं है। पीएम मोदी और ममता पर हमला करते हुए ओवैसी ने कहा कि दोनों एक ही सिक्के को दो पहलू हैं। बंगाल के आसनसोल में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए ओवैसी ने कहा कि ममता बनर्जी और नरेंद्र मोदी में कोई अंतर नहीं है। दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। उन्होंने आगे कहा कि नरेंद्र मोदी और ममता बनर्जी भाई-बहन हैं, जो अपने बयानों से लोगों को मुर्ख बना रहे हैं। टीएमसी की अगुवाई वाली पश्चिम बंगाल सरकार की आलोचना करते हुए उन्होंने आगे कहा कि मैं टीएमसी को चुनौती देता हूं कि वे बताएं कि पिछले 10 वर्षों




में उनकी सरकार ने मुसलमानों के लिए की क्या किया है। बता दें कि पश्चिम बंगाल में पहले चार चरणों का मतदान संपन्न हो चुका है। पांचवें चरण में बंगाल की 45 विधानसभा सीटों पर 17 अप्रैल को चुनाव होने हैं। वहीं छठे चरण का चुनाव 22 अप्रैल को होगा। मतों की गिनती 2 मई को होगी। इस चुनाव में भाजपा और टीएमसी के बीच सीधी टक्कर दिख रही है, हालांकि, कई विश्लेषकों का मानना है कि वाम और कांग्रेस गठबंधन भी इस लड़ाई में है और मुकाबला त्रिकोणीय हो सकता है।

## देश में संक्रमितों की संख्या एक करोड़ 38 लाख 73 हजार 825 हो गयी

# देश में कोरोना संक्रमण के 1.84 लाख नये मामले

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

देश में कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है और पिछले 24 घंटों के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में 1.84 लाख नये मामले दर्ज किए गए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बुधवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान देश में 1,84,372 नये मामले दर्ज किए गए। इसके साथ ही संक्रमितों की संख्या एक करोड़ 38 लाख 73 हजार 825 हो गयी है। वहीं इस दौरान 82,339 मरीज स्वस्थ हुए हैं जिसे मिलाकर अब तक 1,23,36,036 मरीज कोरोना मुक्त भी हो चुके हैं। देश में कोरोना के सक्रिय मामले 13 लाख को पार कर 13,65,704 हो गये हैं। इसी अवधि में 1027 और मरीजों की मौत के साथ इस बीमारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 1,72,085 हो गयी है। देश में रिकवरी दर घटकर 88.92 फीसदी और सक्रिय मामलों की दर बढ़कर 9.84 प्रतिशत हो गयी है, जबकि मृत्युदर घटकर 1.24 फीसदी रह गयी है। महाराष्ट्र कोरोना के



सक्रिय मामलों में शीर्ष पर है और राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान सक्रिय मामले 28,307 बढ़कर 5,94,585 हो गयी है। इस दौरान राज्य में 31,624 और मरीज स्वस्थ हुए, जिसे मिलाकर कोरोना को मात देने वालों की तादाद 28,66,097 पहुंच गयी है जबकि 281 और मरीजों की मौत से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 58,526 हो गया है।

## पत्रकारों को प्राथमिकता के आधार पर लगायी जाये वैक्सीन : केजरीवाल

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केन्द्र सरकार से पत्रकारों के लिए कोरोना वायरस वैक्सीन लगाने की सुविधा उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। श्री केजरीवाल ने अपने आधिकारिक ट्विटर एकाउंट पर लिखा कि पत्रकार बेहद विपरीत परिस्थितियों में रिपोर्टिंग कर रहे हैं। उन्हें फ्रंटलाइन वर्कर की तरह माना जाना चाहिए और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर वैक्सीन लगवाने की अनुमति दी जानी चाहिए। दिल्ली सरकार इस बारे में केन्द्र



सरकार को पत्र लिख रही है। गौरतलब है कि केन्द्र सरकार की ओर से जारी दिशा-निर्देश के अनुसार इस समय चल रहे राष्ट्रीय कोरोना वायरस टीकाकरण अभियान के तहत स्वास्थ्य कर्मी, फ्रंट लाइन वर्कर और 45 वर्ष के अधिक उम्र के लोग कोरोना वैक्सीन लगवाने के पात्र हैं। यह अभियान जनवरी में शुरू किया गया था। कई मीडिया संगठनों और नागरिक संगठनों ने भी पत्रकारों को कोरोना वैक्सीन प्राथमिकता के आधार पर लगवाये जाने के अनुरोध किये हैं।

# केंद्र और राज्य सरकारें गरीबों को मुफ्त वैक्सीन लगाने का ऐलान करें : मायावती

एजेंसी ◄ लखनऊ
www.dailypioneer.com

बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने केन्द्र और राज्य सरकारों से आज बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर देश के सभी गरीबों को मुफ्त कोरोना वैक्सीन लगाने की मांग की । संश्री मायावती ने बाबा साहब को याद करते हुये आज कहा कि केंद्र सरकार ने 11 से 14 अप्रैल तक वैक्सीन उत्सव मनाने की बात की थी जो अच्छी बात है लेकिन बसपा यह मांग करती है कि देश के सभी गरीबों को आज से मुफ्त वैक्सीन लगाने का ऐलान करे । वह ऐसी अपील सभी राज्य सरकारों से ही कर रही हैं । अगर यह किया जाता है तो बाबा साहब को यह सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने आजादी के बाद लंबे समय तक बाबा साहब को भारत रत्न



नहीं दिये जाने पर कांग्रेस सरकार की आलोचना भी की और कहा कि दलितों के उत्थान के लिये काम करने वाले बाबा साहब की कांग्रेस सरकार में उपेक्षा की गई जबकि पंडित जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी ने अपने प्रधानमंत्रित्व काल में ही भारत रत्न ले लिया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के अथक प्रयास से ही देश में दलित एक हुये और उत्तर प्रदेश में बसपा की चार बार सरकार बनी ।देश में दलितों के उत्थान में बाबा साहब के प्रयासों को नकारा नहीं जा सकता । बसपा लगातार बाबा साहब के सिद्धांतों को आगे बढ़ाने के प्रयास में लगी है।

# कोरोना से निपटने 15 दिन के भीतर ऑक्सीजन बेड का सबसे बड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया गया

## 725 ऑक्सीजन युक्त बेड की सुविधा दुर्ग जिले के शासकीय अस्पतालों में कोविड मरीजों के लिए

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

कोविड की गंभीर आपदा से जूझते हुए दुर्ग जिले में इससे निपटने के लिए प्रशासन द्वारा असाधारण प्रयास किए गए हैं। केवल 15 दिनों के भीतर ही ऑक्सीजन बेड का बड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया गया है। अभी 725 ऑक्सीजन बेड जिले में शासकीय संस्थाओं में है इसके साथ ही 36 वेंटिलेटर की सुविधा भी शासकीय अस्पतालों में है। चंदूलाल कोविड हॉस्पिटल में 25 बेड का आईसीयू तैयार किया जा रहा है। इसमें वेंटिलेटर बेड की सुविधा भी होगी। कोविड सस्पेक्टेड मरीजों के लिए भी 236 बेड के आइसोलेशन वार्ड बनाये गए हैं। इस तरह कोविड की बड़ी आपदा को देखते हुए प्रशासन ने इसके लिए बड़ा रिस्पांस भी किया है। ऑक्सीजन की स्थिति को देखते हुए 100 कंसंट्रेटर भी खरीदे गए हैं ऑक्सीजन कंसंट्रेटर की विशेषता होती है कि यह इनमें रिफिलिंग की जरूरत नहीं होती तथा सीधे यह वातावरण से ऑक्सीजन ले लेते है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे हर दिन ऑक्सीजन बेड बढ़ाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं और हर दिन लगभग 50 से 100 अतिरिक्त ऑक्सीजन बेड शासकीय अस्पतालों में उपलब्ध कराए गए हैं। इसके साथ ही सामाजिक संस्थाओं से भी सहयोग लेकर उनके कोविड केयर संस्थान भी चल रहे हैं जिनमें विभिन्न समाजों की भागीदारी है। अग्रसेन समाज और जैन समाज द्वारा 18 बेड वाले और 15 बेड ऑक्सीजन सुविधा वाले केंद्र आरंभ किए हैं। इस तरह से अन्य सामाजिक संस्थाएं भी आगे आई हैं। कलेक्टर ने बीते दिनों सामाजिक संस्थाओं की बैठक भी बुलाई थी और उनसे आग्रह किया था कि कोविड की गंभीर स्थिति को देखते हुए नागरिकों की मदद के लिए आगे आकर बड़े कार्य में सहभागिता निभाएं। उल्लेखनीय है कि जिला अस्पताल में अभी 160 बेड ऑक्सीजन युक्त हैं इनमें 100 बेड कोविड केयर के लिए तथा 60 बेड सस्पेक्टेड कोविड मरीजों के लिए रखे गए हैं। चंदूलाल हॉस्पिटल में 237 ऑक्सीजन बेड है शंकराचार्य अस्पताल में 76 ऑक्सीजन बेड है। सीएचसी झीठ में 20 ऑक्सीजन बेड है इसके अलावा आइसोलेशन बेड की सुविधा भी दी गई है इनमें प्रत्येक विकासखंड में 20 ऑक्सीजन बेड सस्पेक्टेड मरीजों के लिए सुविधा दी गई है। यह सुविधा कुम्हारी में भी आरंभ की गई है। चंदूलाल हॉस्पिटल में तैयार हो रहा 25 बेड का आईसीयू-क्रिटिकल केयर वाले मरीजों की विशेष देखभाल के लिए चंदूलाल चंद्राकार हॉस्पिटल में बेड का आईसीयू तैयार हो रहा है। इसमें वेंटिलेटर की सुविधा भी होगी इससे गंभीर मरीजों को काफी राहत मिलेगी। 100 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर भी क्रय किये गए- कोविड मरीजों के लिए सबसे जरूरी ऑक्सीजन सिलेंडर होते हैं। इसकी उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिले में ऑक्सीजन कंसेंट्रेटर खरीदे गए हैं। इनमें रेफिलिंग की समस्या नहीं होती। डेडिकेटेड कोविड सेंटर के लिए नियुक्त किये गए चिकित्सक, स्टाफ नर्स एवं वार्ड ब्वाय- कोविड हास्पिटल के लिए पांच डाक्टरों की नई नियुक्ति के साथ ही डीएमएफ और एनएचएम के माध्यम से 70 स्टाफ नर्स, डीएमएफ के माध्यम से 46 स्टाफ नर्स तथा डीएमएफ के माध्यम से 60 वार्ड ब्वाय नियुक्त किये गए हैं। अभी विशेषज्ञ चिकित्सकों सहित सात पदों के लिए साक्षात्कार भी लिये जा रहे हैं। साक्षात्कार में चयनित होते ही इन्हें डेडिकेटेड कोविड केयर सेंटर में नियुक्त कर दिया जाएगा।



# आपदा में राजनीति तो कांग्रेस कर रही है हम नहीं: कौशिक

■ केंद्र से वैक्सीन की आपूर्ति बढ़ाने की मांग करें : विकास

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com





कांग्रेस के आरोप पर नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने पलटवार किया है। भाजपा पर आपदा में राजनीति करने के आरोप पर नेता प्रतिपक्ष धरम लाल कौशिक ने कहा कि हम लोगों में जागरूकता लाने के लिए कोशिश कर रहे हैं। मुख्य सचिव और राज्यपाल से भी हमने मुलाकात की है। कांग्रेस ने अब तक भाजपा के जनप्रतिनिधि से कोई सुझाव नहीं लिया है। हम सहयोग करने के लिए तैयार हैं, आपदा में राजनीति तो कांग्रेस कर रही है हम नहीं। कोरोना पर सियासत को लेकर आरोप प्रत्यारोप लगातार जारी है। बता दें कि कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव विकास उपाध्याय ने भाजपा पर हमला बोला है, विकास उपाध्याय ने कहा कि कोरोना संकट के समय भी बीजेपी नेता राजनीति करने में लगे हैं। छत्तीसगढ़ की चिंता है तो केंद्र से वैक्सीन की आपूर्ति बढ़ाने की मांग करें, सरकार अपने संसाधनों से टेस्टिंग और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करा रही है।

इससे पहले नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने छत्तीसगढ़ में बढ़ते कोरोना संक्रमण को लेकर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा था । कौशिक ने कहा था कि प्रदेश में कोरोना से हालात बद से बदतर हो रहे हैं। हमने इसकी जानकारी सीएस और राज्यपाल को दी है। प्रधानमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को भी पत्र लिखकर हम जानकारी देंगे। नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि पूर्व सीएम रमन सिंह की केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से लगातार बात हो रही है। कोरोना के रोकथाम के लिए लगातार केंद्र सरकार से बात हो रही है। इस आपदा से निपटने हम केंद्र सरकार और पीएम को पत्र लिखेंगे । नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कोरोना की भयावह स्थिति पर प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जनसंख्या की दर और कोरोना संक्रमण के हिसाब से हिंदुस्तान में छत्तीसगढ़ दूसरे स्थान पर है, कोरोना संक्रमण के प्रमुख कारण गिनाते हुए कौशिक ने कहा कि रायपुर में कराई गई क्रिकेट सीरीज इसका प्रमुख कारण है। समय रहते कोरोना की रोकथाम पर प्रयास नहीं हुआ है। केंद्र की गाइडलाइन का गंभीरता से पालन नहीं किया गया है। केंद्र को सिखाने की कोशिश करना, वैक्सीन को लेकर राजनीति करना, आरटीपीसीआर की जांच रिपोर्ट में विलंब होना यही संक्रमण फैलने की मुख्य वजह हैं। कौशिक ने कहा कि रायपुर और दुर्ग में कोरोना के रोकथाम की व्यवस्था में देरी हुई है। इसी वजह से स्थिति गंभीर हुई है,अब जबकि स्थिति कंट्रोल से बाहर हो चुकी है तब व्यवस्था की जा रही है।

# मुख्यमंत्री एवं विस अध्यक्ष महंत ने भीमराव अम्बेडकर को जयंती पर दी श्रद्धांजलि

■ अपने कार्यालय कक्ष में बाबा साहब के चित्र पर किया माल्यार्पण

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भारत के संविधान निर्माता, महान समाज सुधारक, भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर को उनकी 130 वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। कोविड-19 के बचाव और रोकथाम के लिए लागू लॉकडाउन के कारण मुख्यमंत्री बघेल ने अपने निवास कार्यालय कक्ष में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की । इसके साथ ही उन्होंने भारत के संविधान निर्माण और समता मूलक समाज के निर्माण, समाज के कमजोर वर्गों और महिला सशक्तिकरण में उनके योगदान को याद किया। उन्होंने बाबा साहब द्वारा कमजोर तबकों की शिक्षा, स्वावलंबन और सम्मान की स्थापना के लिए किए गए प्रयासों को और अधिक विस्तार देने का संकल्प दोहराया। बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में बाबा साहब के लाखों अनुयायी बाबा साहब का जन्मदिन उत्साह और श्रद्धा से मनाते हैं। कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण को देखते हुए सभी लॉकडाउन का पालन करें और घर पर बाबा साहब का जन्मदिन मनाएं। यह बाबा साहब को हमारी सच्ची पुष्पांजलि होगी।



पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ विधान सभा अध्यक्ष डा चरण दास महंत ने अम्बेडकर जयंती के अवसर पर अपने निवास कार्यालय स्पीकर हाऊस में डा भीमराव अम्बेडकर को स्मरण करते हुए उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हे नमन किया। इस अवसर पर अपने संदेश में डा महंत ने कहा कि-डा अम्बेडकर स्वतंत्र भारत के संविधान के प्रमुख वास्तुकार एवं निर्माता थे।

वे स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री भी थे।डा अम्बेडकर उच्च कोटि के विद्वान, विचारक, ओजस्वी लेखक, प्रभावशाली वक्ता, योग्य प्रशासक, कानून वेत्ता एवं पिछड़ों तथा दलितों के मसीहा थे। उन्होने समाज को संकीर्णता, आडम्बर, परंपरा वाद एवं धर्मांधता से मुक्त करने का सदैव प्रयास किया।भारत में सामाजिक भेदभाव एवं जातिवाद को जड़ से मिटाने के लिये उन्होंने आजीवन संघर्ष किया। उनके योगदान को देश हमेशा याद रखेगा। डॉ. महंत ने कहा कि- बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलकर ही हम समरस समाज एवं उन्नत राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं।



## मशहूर कवि और साहित्यकार मीर अली मीर को हुआ कोरोना

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के जाने-माने कवि, साहित्यकार और गीतकार मीर अली मीर कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। उनकी पत्नी, बेटे और बेटियों की भी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है।



उन्होंने खुद इसकी जानकारी दी है। प्रदेश में तेजी से संक्रमण फैल रहा है। आम आदमी से लेकर समाज के हर वर्ग कोरोना से संक्रमित हो रहे हैं। आलम यह है कि प्रदेश में हर दिन रिकॉर्ड संक्रमित मरीज मिल रहे हैं। जिसके चलते प्रदेश की हालत बेहद चिंताजनक हो गई है।

## राज्य प्रशासनिक सेवा के चार अधिकारियों के नवीन पदस्थापना आदेश जारी

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा राज्य प्रशासनिक सेवा के चार अधिकारियों के नवीन पदस्थापना आदेश जारी किए गए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव डी.डी. सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार हरिकृष्ण शर्मा अपर कलेक्टर राजनांदगांव को विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, रविराज ठाकुर डिप्टी कलेक्टर दुर्ग को विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, कुमारी पूनम सोनी सहायक संचालक, भू-अभिलेख कार्यालय रायपुर को विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग और जागेश्वर कौशल संचालक संपदा, गृह विभाग को डिप्टी कलेक्टर दुर्ग के पद पर पदस्थ किया गया है।

# अच्छा पति पाने और अखंड सुहाग की कामना के साथ हुई गणगौर पूजा

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी में कोरोना के चलते लगे लॉकडाउन में मंदिर बंद होने से घर घर में ही गणगौर पर्व का उत्साह छाया है। राजस्थानी संस्कृति से ओतप्रोत गणगौर पर्व में भगवान शिव रूपी इशरदेव और माता पार्वती स्वरूप गौरा माता की विधि विधान से पूजा की जा रही है। होलिका की राख से 16 पिंड बनाकर पूजा स्थल में दीवार पर गण यानी शिव और गौरा यानी पार्वती की पुतली उकेरकर पूजा अर्चना का दौर 17 दिन से जारी है। इसकी शुरुआत चैत्र कृष्ण प्रतिपदा से हुई थी और समापन 18वें दिन चैत्र शुक्ल तृतीया तिथि पर व्रत का पारणा करके किया जाएगा। गणगौर पूजा में युवतियां मनपसंद पति की चाह में और सुहागिनें अपने पति की सुख-समृद्धि और अखंड सुहाग की कामना को कर रहीं हैं। गुरुवार को अंतिम पूजा करेंगी। इससे पूर्व बुधवार को गणगौर को पानी पिलाने की रस्म निभाई गई। सत्ती बाजार, सदरबाजार, गुढ़ियारी, पुरानी बस्ती के अनेक परिवारों में सदस्यों ने दूरी बनाए रखते हुए गणगौर को बारी बारी से पानी पिलाया। हर साल गणगौर को पानी पिलाने किसी कुएं या मंदिर में धूमधाम से ले जाया जाता था। कोरोना महामारी ने इस साल भी यह उत्साह फीका कर दिया है। गणगौर को बाहर ले जाने की जगह सभी रस्में घर पर ही निभाई जा रही है।



व्रतधारी सुहागिनें इस बार घर पर ही पारणा करेंगी। हर साल 16 महिलाओं को भोजन करवाकर अखंड सुहाग के प्रतीक स्वरूप मेहंदी, काजल, कुमकुम, हल्दी समेत सौंदर्य सामग्री भेंट करने की परंपरा निभातीं थीं। इस साल अपने आसपास की महिलाओं को ही टिफिन में भोजन पहुंचाएंगी। किसी को घर में आमंत्रित नहीं किया जा रहा है।

# सावधान रहे : विभिन्न बैंकों के नाम से फर्जी मैसेज आने शुरू हो गए

■ फेंक संदेशों में आकर पैन कार्ड, आधार कार्ड नंबर किसी को भी न बताएं

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

लुभावने आफरों के जाल में लोगों को फंसाने वाले ठग अब फर्जी आइटीआर ई-फाइलिंग के भी मैसेज भेजने लगे हैं। इसे देखते हुए बैंक लगातार उपभोक्ताओं को सतर्क कर रही है कि वे इस प्रकार से फर्जी आइटीआर ई-फाइलिंग वाले संदेशों के चक्कर में आकर अपना पैन कार्ड, आधार कार्ड नंबर किसी को भी न बताएं। गौरतलब है कि इन दिनों विभिन्न बैंकों के नाम से इस प्रकार के फर्जी मैसेज आने शुरू हो गए है। बैंक इन दिनों उपभोक्ताओं को मैसेज कर रही है कि इस प्रकार के फर्जी काल्स या लुभावने आफरों के चक्कर में न पड़े। छत्तीसगढ़ में ठगों का गिरोह सक्रिय है। ऑनलाइन ठगी के लोग शिकार हो रहे हैं। वहीं, कइयों को झांसे में फंसाकर लूटा जा रहा है। पिछले दिनों टीवी सीरियल तारक मेहता का उल्टा चश्मा के जेठालाल और भाभी जी घर पर हैं कि किरदार अंगूरी भाभी से मिलवाने का झांसा देकर लाखों की ठगी का मामला सामने आया था। इसी तरह साइबर क्राइम से जुड़े कई मामले सामने आ रहे हैं, जिसकी रिपोर्ट थानों में लगातार दर्ज कराई जा रही है।



फाइनेंस में उत्पाद लेने वाले उपभोक्ताओं के पास इस प्रकार से मैसेज आ रहे है कि उन्हें 100 फीसद कैशबैक मिला है और वे यह कैशबैक प्ले स्टोर में जाकर डाउनलोड कर सकते है। इसी प्रकार फर्जी ढंग से योजनाओं में इनाम जीतने वाले मैसेज आ रहे है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस प्रकार से किसी भी फोन काल्स या मैसेज के चक्कर में पड़ने की आवश्यकता नहीं है।

## नाराज युवक कांग्रेसी दिल्ली में गुहार लगाने जाने की तैयारी में

# युकां में बवाल : नई कार्यकारिणी में बोगस लोगों को लेने का आरोप

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस में इन दिनों बवाल मचा हुआ है. इसकी वजह प्रदेश अध्यक्ष कोको पाढ़ी के द्वारा घोषित की गई प्रदेश कार्यकारिणी है। जिसको लेकर पूरे राज्य में युंका नेता भड़के हुए हैं। पिछले महीने भी सीधे दिल्ली से हुई मीडिया प्रकोष्ठ के संयोजक की नियुक्ति पर युंका में माहौल कुछ ठीक नहीं था।

सूत्रों के अनुसार ताजा विवाद की पृष्ठभूमि में भी पूर्व में मीडिया विभाग में हुई नियुक्ति है। जिसके जवाब में प्रदेश युंकाध्यक्ष ने अपने समर्थकों की जम्बो सूची जारी कर दी है। प्रदेश युंकाध्यक्ष कोको पाढ़ी द्वारा अपने कार्यकाल में घोषित की गई यह दूसरी कार्यकारिणी है। जिसमें रायपुर और बालोद के निर्वाचित जिलाध्यक्षों को भी बदल दिया गया है। नाराज युवा कांग्रेसियों का कहना है कि राहुल गांधी ने पूरे देश में चुनाव प्रक्रिया लाकर युवा कांग्रेस में एक पारदर्शी व्यवस्था बनाई थी। जिसे तत्कालीन निर्वाचित अध्यक्ष उमेश पटेल के मंत्री बनने के बाद उनके स्थान पर मनोनीत किये गए कोको पाढ़ी द्वारा तार-तार दिया गया है। वे संगठन में एक के बाद एक अपने लोगों का मनोनयन करते जा रहे हैं।

यह भी आरोप है कि नई कार्यकारिणी में ऐसे लोगों को भी ले लिया गया है, जो युंका के सदस्य तक नहीं है। नई सूची के जारी होने के बाद से युवक कांग्रेसी नेता लगातार दिल्ली तक अपनी आवाज पहुंचाने में जुटे हुए हैं। वे नई कार्यकारिणी को तत्काल भंग करने की मांग सहित शीघ्र चुनाव कराने की मांग को लेकर सामूहिक इस्तीफों सहित दिल्ली कूच करने की तैयारी में जुट गए हैं।




युवा कांग्रेस के एक गुट के नेता से जब इस मामले में बात की गई, तो नाम नहीं छापने की शर्त पर उन्होंने कहा कि शेर और बकरी एक घाट पर पानी नहीं पी सकते. युवक कांग्रेस में राहुल गांधी ने निर्वाचन की एक व्यवस्था बनाई हुई हैय इस व्यवस्था को तार-तार कर चुनाव लड़कर संगठन के महत्वपूर्ण पदों पर पहुंचे युवा नेताओं के समकक्ष पदों पर मनोनयन की व्यवस्था खड़ी कर दी गई है। इसमें ऐसे लोगों को भी नियुक्त कर दिया जा रहा है, जो पूर्व में कभी युवक कांग्रेस के प्राथमिक सदस्य तक नहीं रहे। इन्ही सब बातों को लेकर पूरे प्रदेश में युवा कांग्रेसियों में जबरदस्त आक्रोश पनपा हुआ है. इस बार यह आक्रोश संगठन चुनाव की तारीख की घोषणा और नई कार्यकारिणी को रद्द कराए बगैर नहीं थमने वाला है।

# स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त संचालक डॉक्टर सुभाष पांडे का निधन

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त संचालक डॉ सुभाष पांडे का निधन हो गया है. वे कोरोना से संक्रमित हो गए थे. उन्हें एम्स रायपुर में भर्ती कराया गया था, जहां उनका इलाज चल रहा था। डॉक्टर सुभाष पांडेय जिंदाजिली के मिसाल थे। वे स्वास्थ्य विभाग के राज्य पीआरओ और संभागीय संचालक की जिम्मेदारी निभा रहे थे। कोरोना पॉजिटिव होने के बाद वे दो दिन पहले ही एम्स में भर्ती हुए थे. जहां उन्होंने अंतिम सांस ली. डॉक्टर पांडे के निधन से परिवार एवं विभाग में मातम पसर गया है। आईएमए सदस्य एवं हॉस्पिटल बोर्ड के अध्यक्ष डॉ राकेश गुप्ता ने शोक प्रकट करते हुए कहा कि डॉ. पांडेय अपने व्यवहार और काम से महेशा जिंदा रहेंगे, ये विभाग और लोगों के लिए बहुत बड़ी छति है, हमने एक और फ्रंड लाईन वर्कर खो दिया है, इस क्षण में भगवना परिजनों को दुख सहने की शक्ति दे. वहीं लोगों से अपील करते हुए लोगों से विनम्र अपील कर रहा हूं जरा सी लक्षण दिखने पर तत्काल जांच कराएं, लेट होने पर बचने का मौक कम हो जा रहा है।



वहीं साथ में काम करने वाले सहकर्मियों ने दुख जताते हुए कहा कि डॉ सुभाष पांडेय सबके हित के लिए लड़ने वाले थे।

# नोनी एप्प के माध्यम से हो रही होम आईसोलेशन में रहने वाले कोरोना मरीजों की निगरानी

## विकास खण्ड स्तर पर बस्तर नोनी एप्प के व्यापक प्रचार प्रसार के निर्देश

पायनियर संवाददाता जगदलपुर
www.dailypioneer.com



बस्तर नोनी एप्प के माध्यम से होम आइसोलेशन में रहने वाले मरीजों की निगरानी की जा रही है। आज जिला कार्यालय में इस एप्प के उपयोग के संबंध में वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों को प्रशिक्षण देते हुए इसके व्यापक प्रचार प्रसार के निर्देश कलेक्टर रजत बंसल ने दिए।

कलेक्टर बंसल ने कहा कि कोरोना की यह लहर पिछली लहर से काफी अधिक खतरनाक है, जिसके कारण अधिक सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। मरीजों को त्वरित उपचार के लिए उन्होंने बेहतर तैयारी के निर्देश भी दिए। उन्होंने होम आईसोलेशन में रहने वाले मरीज को इस एप्प के माध्यम से पंजीयन के बाद उसके सेहत की निगरानी के साथ ही इसकी प्रतिदिन जानकारी एकत्रित की जा रही है और किसी मरीज की सेहत बिगड़ने पर उसे तत्काल चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि होम आईसोलेशन में रहने वाले मरीजों को चिकित्सीय परामर्श भी नियमित तौर पर उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी इंद्रजीत चंद्रवाल ने जिला स्तर पर स्थापित नियंत्रण कक्ष की तरह ही विकासखण्ड स्तर पर भी नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जाए और कोरोना मरीजों को पाए जाने पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। वापसी कर रहे मजदूरों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही उन्हें क्वारंटीन करने की व्यवस्था के संबंध में भी निर्देशित किया। 15 अप्रैल की शाम 6 बजे से जिले में लॉक डाउन के कारण आवश्यक सामग्री की खरीदी के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में मुनादी के निर्देश भी दिए गए।

इस दौरान आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति के संबंध में चर्चा, सभी हास्पीटल, रेल्वे स्टेशन, बस स्टेशन, एयरपोर्ट में यात्रीयों एवं मरीजो को परिवहन सेवा उपलब्ध कराने के संबंध चर्चा की गई। ई-पास जारी करने, ग्रामीण स्तर पर अपरिहार्य स्थिति में पास जारी करने के संबंध में चर्चा भी की गई। कान्टेक्ट ट्रेसिंग एवं एक्टिव सर्विलान्स कराये जाने की कार्ययोजना, क्वांरटाइन केन्द्रों को संचालन की स्थिति, बकावण्ड, करपावण्ड एवं बेसोली स्थित कोविड केयर सेन्टर में आवश्यक तैयारी तथा मेडिकल टीम, भोजन एवं पेयजल व्यवस्था पर चर्चा की गई। होम आईसोलेशन में रहने वालो के लिए पर्याप्त मेडिसिन कीट तैयार करने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर अरविंद एक्का, स्वास्थ्य विभाग की नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर गीता रायस्त, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरके चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# एक्टिव सर्विलांस में न बरतें कोई लापरवाही

## कोविड टास्क फोर्स की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश



पायनियर संवाददाता जगदलपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रजत बंसल ने कोरोना की इस नई लहर से निपटने के लिए एक्टिव सर्विलांस में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा कक्ष में आयोजित कोविड टास्क फोर्स की बैठक में कलेक्टर ने कहा कि कोरोना की यह लहर पिछली बार की लहर से अधिक खतरनाक है और इस लहर से जिलावासियों को बचाने के लिए सबसे अच्छा उपाय यह है कि हर कोरोना मरीज के साथ ही उनके संपर्क में आने वाले सभी लोगों की जांच की जाए। कोरोना मरीजों के संपर्क में आने वाले लोगों को भी सार्वजनिक स्थानों में पहुंचने से रोका जाए। कलेक्टर ने कोरोना जांच की रफ्तार बढ़ाने के लिए सभी आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कोरोना जांच के लिए तकनीशियनों की नियुक्ति की कार्यवाही भी तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि कोरोना के तेजी से फैलते संक्रमण को देखते हुए उन्होंने सभी आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी इंद्रजीत चंद्रवाल, अपर कलेक्टर अरविंद एक्का, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश शर्मा सहित राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# त्यौहारों के दौरान सभा और रैली नहीं करने की अपील

पायनियर संवाददाता जगदलपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रजत बंसल ने बस्तर जिले में लागू धारा 144 के पालन के लिए आगामी त्यौहारों के दौरान सभा और रैली का आयोजन नहीं करने की अपील की गई है।

कलेक्टर ने कहा है कि अप्रैल माह में गुड़ी पड़वा, चैती चांद, वैशाखी, डॉ. अम्बेडकर जयंती, गुहा निषादराज जयंती, रामनवमी, महावीर जयंती, हाटकेश्वर जयंती एवं धरती पूजा (खद्दी पर्व) तथा मई में श्रीमद् वल्लभाचार्य जयंती, जमात-उल-विदा, सेन जयंती, परशुराम जयंती, ईद-उल-फितर, बुद्ध जयंती, शंकराचार्य जयंती आदि पर्व के दौरान धारा 144 का पालन करते हुए सभी धर्मावलंबी अपने-अपने पर्व घरों में परिवार के साथ निजी तौर पर मनाएं।

इसके साथ ही कोविड जांच में सहयोग करने, जांच के दौरान अपना सही पता और मोबाईल नंबर प्रदान करने, मास्क और दो गज दूरी का पालन करने, 45 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों के टीकाकरण में सहयोग करने, भीड़भाड़ वाले स्थानों में अनावश्यक नहीं जाने, होम आईसोलेशन में रहने वाले की निगरानी में सहयोग करने, घर से बाहर घूमने या नियम का पालन नहीं करने वालों की सूचना देने, किसी भी प्रकार की मृत्यु होने पर थाने को सूचित करने, अन्य राज्यों से या जिलों से आने वाले यात्रियों की जानकारी देने, जरुरतमंद लोगों के लिए अनाज बैंक में अनाज दान देने तथा रेडक्रास के माध्यम से आर्थिक सहायता प्रदान करने की अपील की गई है। कोरोना के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी कोविड कंट्रोल रुम के दूरभाष नंबर 07782-223122 एवं बस्तर नोनी कॉल सेंटर के मोबाइल नम्बर 9311042990 एवं पुलिस कंट्रोल रुम के दूरभाष क्रमांक 07782-222170 में दी जा सकती है।

### कोविड-19 की रोकथाम के लिए जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर स्थापित किए गए कंट्रोल रूम

**जगदलपुर।** बस्तर जिले में कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। जिला कंट्रोल रूम का दूरभाष 07782-223122, बस्तर नोनी हेल्पलाइन 9311042990, विकासखण्ड दरभा 7587412717, 9424108534, बास्तानार 758 7728582, 9425596184, तोकापाल 7974638969, 9425595934, लोहण्डीगुड़ा 9406077774, 9424 280565, जगदलपुर 8109719847, 7772926786, बकावण्ड 940610 9278, 9479212 736, बस्तर 9407718240, 831 9733627, 9406075146, जगदलपुर शहरी क्षेत्र के लिए 758701775 उपरोक्त कंट्रोल रूम में कोविड-19 से संबंधित आवश्यक जानकारी हेतु सम्पर्क किया जा सकता है।

# लॉकडाउन के बीच बाबा साहेब को याद किया



पायनियर संवाददाता किरंदुल
www.dailypioneer.com

संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर जी के 130 वीं जयंती के उपलक्ष्य में एनएमडीसी एससी एसटी कर्मचारी कल्याण समिति द्वारा किरंदुल बैंक चौक के समीप स्थित बाबा साहेब के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके देश के प्रति किए अतुलनीय कार्यों एवं योगदान को याद किया गया।गौरतलब है किरंदुल में लॉकडाउन लागू है इस बीच सभी कोरोना दिशा निर्देशों एवं सामाजिक दूरी का पालन कर एवं मास्क पहनकर इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए।इस दौरान एनएमडीसी अधिशासी निदेशक आर गोविंदराजन, उपमहाप्रबंधक बी के माधव, एससी एसटी कर्मचारी कल्याण संघ अध्यक्ष राजकुमार ओयामी, सचिव अजय सिंह पोटाई, ए के सिंह एवं पीएल साहू मौजूद थे।

### लॉकडाउन का पहला दिन रहा सफल

**किरंदुल।** जिला कलेक्टर के आदेश के बाद आज से किरंदुल में सम्पूर्ण लॉकडाउन लागू है।जिसमें जरूरी आवश्यक सेवाओं को छोड़ शेष सभी प्रतिष्ठानें बंद रखी गई थी। बता दें सब्जी, फल, दूध, मछली, चिकन, मटन एवम अंडा विक्रय करने वालों प्रातः 06 बजे से 10 बजे तक रियायत दी गई है और निर्धारित समय पश्चात सभी व्यापारियों ने लॉकडाउन का समर्थन करते हुए दुकानों को बंद किया गया।इस बीच किरंदुल नगरपालिका अध्यक्ष मृणाल राय के नेतृत्व में नप सीएमओ एच आर गोन्दे,सहायक राजस्व निरीक्षक गौरीशंकर तिवारी,सुमन पटेल नगर के विभिन्न स्थानों में भ्रमण कर लोगों को लॉकडाउन का कड़ाई से पालन करने की अपील की।इसके साथ ही पुलिस बल भी लॉकडाउन को सफल बनाने में सुबह से ही जुटी रही।

### आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता और कीमतों की जांच

**जगदलपुर।** कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम के अमले ने जगदलपुर शहर में स्थित दुकानों का निरीक्षण किया और वहां आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता और उनके कीमतों के संबंध में जांच की गई। अनुविभागीय दण्डाधिकारी जीआर मरकाम के नेतृत्व में इस दल ने चिल्हर एवं थोक विक्रेताओं के यहां जांच करते हुए दुकान संचालकों को कालाबाजारी और जमाखोरी किए जाने पर सख्त कार्यवाही की चेतावनी दी गई और सामग्री को निर्धारित मूल्य पर ही उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर खाद्य अधिकारी अजय यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# जिले में आगामी आदेश तक साप्ताहिक बाजार बंद

## नारायणपुर जिले में कोरोना संक्रमितों की बढ़ती संख्या को देखते हुए कलेक्टर ने जारी किया आदेश





पायनियर संवाददाता नारायणपुर
www.dailypioneer.com

जिले में बढ़ते कोरोना मरीजो की संख्या को रोकने के लिए जिला प्रशासन लगातार सख्त फैसले ले रहा है इसी कड़ी में जिला दंडाधिकारी धर्मेश साहू द्वारा नारायणपुर जिले में कोरोना के बढ़ते संक्रमितों की संख्या को नियंत्रण करने के लिए जिला मुख्यालय एवं आसपास लगने वाले सभी साप्ताहिक बाजारों को आगामी आदेश तक बंद करने के आदेश संबंधित अधिकारियों एवं ग्राम पंचायतों को दिये गये है। बाजारों के चलते स्थलों में काफी भीड़ जमा होती है अन्य जिलों से लोग यहाँ व्यापार करने पहुँचते है जिससे संक्रमण फैलने का डर रहता है।

### श्रमिकों की सहायता के लिए स्थापित किया गया श्रमिक सुविधा केन्द्र

**जगदलपुर।** कोरोना वायरस कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण के कारण श्रमिकों को आवागमन के साथ ही अन्य समस्याओं के समाधान के लिए श्रम विभाग द्वारा राज्य स्तर पर श्रमिक सुविधा केन्द्र स्थापित किया गया है। प्रदेश के भीतर कार्यरत श्रमिक अथवा अन्य राज्यों में रोजगार हेतु प्रवास पर गए श्रमिक अथवा अपने जिले से अन्य जिलों पर रोजगार हेतु प्रवास पर जाने वाले श्रमिक, या उन्हें वर्तमान कार्यस्थल पर कोई समस्या हो, या रेल अथवा बस के माध्यम से छत्तीसगढ़? में वापसी पश्चात गृह नगर जाने में अथवा कोविड-19 कोरोना वायरस से संबंधी कोई समस्या हो तो ऐसे समस्या को श्रम विभाग के श्रम सुविधा केन्द्र हेल्प लाइन सेंटर से परामर्श एवं आवश्यकतानुसार सहयोग करने के लिए 11 अप्रैल 2021 से छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मण्डल शास्त्रि नगर रायपुर में प्रारंभ किया जा रहा है।

# राज्यस्तरीय विज्ञान पहेली प्रतियोगिता में जिले से छात्र चमनलाल कचलाम ने बनाया जगह

पायनियर संवाददाता नारायणपुर
www.dailypioneer.com



विज्ञान पहेली प्रतियोगिता 2020-21 में प्रथम चरण में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में नारायणपुर जिले के प्रथम 20 विद्यार्थियों में रामकृष्ण मिशन विवेकानंद विद्यापीठ एवं भीतरी केंद्र के कुल 15 बच्चों ने जगह बनाई थी। उसमें विवेकानंद विद्यापीठ, नारायणपुर से 7 बच्चे, माँ सारदा विद्यामन्दिर, ओरछा से 4, विवेकानंद विद्यामंदिर आकाबेड़ा से 3, एवं कुन्दला से 1 विद्यार्थियों ने टॉप 20 में जगह बनाई।

उसके बाद ये बच्चे जोन स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने 7 मार्च को कांकेर गए। कांकेर में 3 जिले के (नारायणपुर, कांकेर एवं धमतरी) कुल 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया। उन 60 विद्यार्थियों में से राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए पहले 10 बच्चों ने जगह बनाया। और इन 10 बच्चों में नारायणपुर जिले के एकमात्र विद्यार्थी चि. चमनलाल कचलाम, कक्षा 10वी, रामकृष्ण मिशन विवेकानंद विद्यामंदिर, आकाबेड़ा ने जगह बनाने में सफल रहा।

आश्रम के पूज्यपाद सचिव महाराज जी ने बच्चों को एवं शिक्षकों को बधाई और शुभकामनाएं दिए हैं। आकाबेड़ा जैसे जगह पर रहकर इन बच्चों का अच्छा प्रदर्शन सराहनीय है। यह बच्चों का लगन और शिक्षकों का मेहनत का नतीजा है।

## कमिश्नर ने संभाग के सभी जिला और विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों की वीडियो कांफ्रेंस से हुई चर्चा में दिए निर्देश

# कोरोना पर रोकथाम के लिए समाज प्रमुख और जनप्रतिनिधियों की सहायता लें

पायनियर संवाददाता जगदलपुर
www.dailypioneer.com




कमिश्नर जीआर चुरेन्द्र ने आज वीडियो कांफ्रेंस से हुई चर्चा के माध्यम से कोरोना के रोकथाम की समीक्षा की। उन्होंने कोरोना के रोकथाम के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही समाज प्रमुखों की सहायता भी लेने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने आज जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संभाग के सातों कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अनुविभागीय दण्डाधिकारी, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी, तहसीलदार, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, खण्ड चिकित्सा अधिकारी उपस्थित थे। कमिश्नर ने कहा कि कोरोना की रोकथाम के लिए सभी नागरिकों को शासन द्वारा तय नियमों के पालन के लिए प्रोत्साहित करें। खासतौर पर मास्क के उपयोग और सोशल डिस्टेंसिंग के पालन के लिए उन्हें लगातार जागरुक करें। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों में लोगों की कम से कम आवाजाही सुनिश्चित की जानी चाहिए। सामाजिक हाट-बाजार एवं सामुदायिक गतिविधियों के केन्द्र को तत्काल बंद करने के निर्देश भी दिए गए। इस कार्य के लिए लोगों को स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाज प्रमुखों की सहायता से प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। गांवों में जागरुक करने के लिए मोहल्ला समिति का उपयोग करें। उन्होंने मैदानी स्तर पर कोरोना के रोकथाम के साथ ही कार्यालयों को सेनेटाईज करने के संबंध में भी निर्देशित किया। बस्तर संभाग में कोरोना टीकाकरण का कार्य 91 प्रतिशत पूर्ण होने पर सराहना व्यक्त की और कोरोना जांच और ट्रेसिंग के कार्य को निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए। जिलों में कोरोना की गंभीरता को देखते हुए अनुशासन स्थापित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लॉक डाउन का निर्णय लिया जा सकता है। इसके साथ ही कोरोना के लिए समर्पित अस्पतालों की आवश्यक व्यवस्थाओं में सुधार करने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। कमिश्नर ने कोरोना के रोकथाम के लिए विभिन्न जिलों में लागू धारा 144 का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के साथ ही मास्क नहीं लगाने वालों पर चालानी कार्यवाही निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए। जिलों में स्थापित चेक पोस्ट में यात्रियों की कोरोना जांच अनिवार्य तौर पर करने के निर्देश भी दिए। कमिश्नर ने कोरोना के दौरान लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए मनरेगा के माध्यम से गांवों में विकास कार्यों को निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने गर्मी के दौरान पेयजल और निस्तारी जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में भी निर्देश दिए। कमिश्नर ने आगामी मानसून के दौरान अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण के लिए आवश्यक तैयारी के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासकीय परिसर, नगरीय क्षेत्रों में सड़कों और गलियों के किनारे वृक्षारोपण के निर्देश दिए। उन्होंने शासकीय भूमि के अतिक्रमण को रोकने में भी वृक्षारोपण को सहायक बताया। उन्होंने उपार्जित धान के उठाव की समीक्षा करते हुए संग्रहण केन्द्रों और उपार्जन केन्द्रों में भण्डारण किए गए धान के रखरखाव के संबंध में निर्देश दिए।

# कोरोना के प्रति लोगों को जागरूक करने पुलिस प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च



पायनियर संवाददाता किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरंदुल में लॉकडाउन का सख्ती से पालन करवाने पुलिस प्रशासन,जिला प्रशासन एवं नगर प्रशासन ने संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च निकाला। बता दें लाकडाऊन का सख्ती से पालन करवाने हेतु नगर के रिंग रोड न. 04,रामपुर कैम्प, बस स्टैंड होते हुए नगर भ्रमण कर लोगों को कोरोना से लड़ने हेतु प्रशासन को सहयोग प्रदान करने की अपील की गई।

एसडीएम प्रकाश कुमार भारद्वाज ने बताया बढ़ रहे कोरोना मामलों को रोकने के लिए किरंदुल बचेली क्षेत्र में लॉकडाउन की गई है और आज फ्लैग मार्च निकालकर लोगों को लॉकडाउन का सख्ती से पालन करने,मास्क लगाने,कोई भी लक्षण दिखने पर टेस्ट करवाने,एवं प्रशासन से कोई भी जानकारी न छिपाने की अपील की गई। एसडीओपी देवांश सिंह राठौर ने बताया आज से किरंदुल में लॉकडाउन की घोषणा की गई है सभी लोगों को लॉकडाउन का पालन करने बेवजह सड़कों पर न निकलने एवं बढ़ रही कोरोना की चेन को तोड़ने में योगदान देने की बात कहीं।इस फ्लैग मार्च प्रशासनिक अधिकारी तथा पुलिस बल सम्मिलित हुए।

# सड़कों में सन्नाटा, सन्नाटे में सुनाई दे रहा है सिर्फ पुलिस की साइरन

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com






एक साल बाद अब एक बार फिर शहर का शोर लगभग पूरी तरह थम सा गया है। लाकडाउन के चौथे दिन बुधवार को सड़कों के सन्नाटे में कुछ सुनाई दी, तो वह है केवल पुलिस की पदचाप। लोगों ने भी शायद सन्नाटे की इस संजीवनी को अपनाने में ही भलाई मान ली है। यही वजह है जो वे भी दस दिनों के लिए अपने-अपने घरों में दुबक गए हैं। विगत 4 दिनों में स्थिति ने एक बार फिर बीते वर्ष मार्च-अप्रैल में घोषित संपूर्ण लाकडाउन की याद ताजा कर दी है। रविवार शाम 6.00 बजे से लागू किए गए लाकडाउन के बाद पहले दिन कुछ नरमी बरती गई। पर दूसरे दिन से जिले की रफ्तार लगभग पूरी तरह थमी हुई नजर आ रही है। सड़कों पर दूर तक सन्नााटा पसरा हुआ है। जिला प्रशासन के आदेशानुसार सुबह से रात तक लोग घर से बाहर नहीं निकले हैं। वर्तमान दशा एवं प्रोटोकाल के अनुरूप जिले में केवल मेडिकल की दुकानें ही खुली हैं। पुलिस का कहना है कि सड़कों पर सिर्फ उन्हीं लोगों की आवाजाही हो रही है, जिन्हें आवश्यकता है। पेट्रोल पंप, अस्पताल व मेडिकल दुकानों को छोड़कर बाकि सब कुछ बंद हो चुका है। पुलिस-प्रशासन की ओर से भी लगातार लोगों से गुजारिश की जा रही कि बहुत आपात जरूरत जब तक न हो, कोई भी अपने घर के बाहर न निकलने का आदेश दिया।

### नियमों का पालन ही हम सब के लिए हितकर

बलौदा बाजार में भी कोरोना संक्रमण के मामलों में तेजी से इजाफा दर्ज किया जा रहा है। कोरोना पर काबू पाने के लिए सख्त नियमों को लागू किया गया है। जिले में शादी-ब्याह, पूजा-अनुष्ठान या घर से बाहर के किसी भी सार्वजनिक कार्य में प्रतिबंध लगा दिया है। पिछले साल के लाकडाउन में कम से कम सब्जी व राशन दुकानों को लेकर शासन-प्रशासन की ओर से कुछ घंटों की रियायत दी गई थी, पर इस बार कोरोना की लहर के व्यापक असर को देखते हुए इन सुविधाओं पर भी रोक लगाने विवश कर दिया है। लोगों के लिए भी नियमों का पालन हितकर होगा, ऐसी उम्मीद की जा रही है।

### लोगों से हाथ जोड़कर घरों में रहने का आग्रह

शहर में कानून व्यवस्था कायम रखने के साथ कोई लाकडाउन के नियमों का उल्लंघन न करे, यह जिम्मेदारी हर हाल में निभाने पुलिस महकमा मुस्तैदी सड़क पर तैनात है। पुलिस अधिकारी लगातार आम लोगों से बेवजह घर से बाहर नही आने की गुजारिश कर रहे हैं। बावजूद इसके कुछ लोग ऐसे भी है कि मानने का नाम नहीं ले रहे है। तैनात पुलिस कर्मी सुबह से ही सड़क पर निकलने वाले लोगों से हाथ जोड़कर घर में रहने की समझाइश देते नजर आए।

### बेवजह घूमते युवाओं को पुलिस ने सड़क पर बनाया मुर्गा

कोरोना संक्रमित मरीजों के आकड़ों के साथ ही मरने वालों की संख्या भी बढ़ रही है। ऐसी भयावह स्थिति को देखने के बाद भी कुछ लोग समझने को तैयार नहीं। लिहाजा ऐसे बेपरवाह लोगों के लिए सबक जरूरी हो जाता है। कुछ ऐसा ही नजारा कोतवाली थाना के अंबेडकर चौक के पास नजर आया। कुछ युवाओं को बेवजह घूमते देख पुलिस ने उन्हें रोककर बीच सड़क पर ही मुर्गा बनाकर उठक-बैठक करण, ताकि ऐसी लापरवाही दोबारा ना हो और कोरोना संक्रमण का चैन ब्रेक किया जा सके। कोतवाली टीआई ने युवकों कुछ देर के लिए मुर्गा बनाने के बाद कड़े लहजे में चेतावनी दी कि यदि दोबारा ऐसी गलती हुई तो सीधे अपराध दर्ज करने की कार्रवाई पुलिस करेगी।

# जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) की कार्यकारिणी घोषित

- तरुण वर्मा बने जेसीसी-जे के बलौदाबाजार जिलाध्यक्ष
- युवा मोर्चा के रायपुर संभागीय अध्यक्ष बने जितेन्द्र बंजारे

पायनियर संवाददाता ◄ पलारी
www.dailypioneer.com

प्रदेश में तेज़ी से बढ़ते कोरोना महामारी के संकट को ध्यान में रखते हुए हिंदू नववर्ष (चैत्र नवरात्रि) और रमज़ान शरीफ़ की पूर्व संध्या के शुभ दिन को जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) ने अजीत जोगी के स्वर्गवास के बाद भंग किए गए संगठन का पुनर्गठन कर दिया है। पार्टी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को कोरोनाकाल में ज़रूरतमंदों की हरसंभव मदद करने का आह्वान किया ताकि कोई भी प्रदेशवासी को भूखा न सोना पड़े।

जनता कॉंग्रेस छत्तीसगढ़ जे में 174 सदस्यों की प्रदेश कार्यकारिणी (32 उपाध्यक्ष, 3 महामंत्री, 10 विभाग अध्यक्ष, 1 मुख्य प्रवक्ता, 11 महासचिव, 2 संभागीय कोर कमिटी अध्यक्ष, 5 संभागीय कोषाध्यक्ष, 5 संभागीय प्रवक्ता, 11 संयुक्त-महासचिव, 71 सचिव और 23 संगठन-मंत्री), 38 ज़िला अध्यक्ष और 9 नवगठित 'अजीत जोगी मोर्चा संगठन' के 39 पदाधिकारी बनाए गए है जिनकी कुल संख्या 250 है। प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने बताया कि राष्ट का सबसे नवोदित क्षेत्रीय दल होने के नाते हमने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर रेणु जोगी और विधायक दल के नेता धरमजीत सिंह के मार्गदर्शन में 'देश का सबसे युवा और सबसे शिक्षित राजनीतिक संगठन' बनाने का प्रयास किया है। जेसीसीजे 2 में प्रदेश के सभी क्षेत्रों के अनुसूचित जाति, जनजाति, अति-पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को अन्य दलों की अपेक्षा 75प्र अधिक महत्व दिया गया है। साथ ही जेसीसीजे.2 में वरिष्ठ नागरिकों और युवाओं के बीच संतुलन भी रखा गया है। स्वर्गीय अजीत जोगी जी की 75वीं जयंती 29.अप्रैल को 'अनुग्रह' में विधिवत पद की शपथ, नियुक्ति पत्र और छत्तीसगढ़-वंदन के साथ उनकी प्रथम पुण्यतिथि 29.मई.21 तक का एक महीने का 'सुरता जोगी माह' का शुभारंभ किया जाएगा। वहीं बलौदाबाजार भाटापारा जिला अध्यक्ष की कमान अब पलारी नगर पंचायत निवासी युवा नेता तरुण वर्मा को सौंपी गयी ।तथा युवा मोर्चा के रायपुर संभाग अध्यक्ष पद पर सिमगा निवासी जितेन्द्र बंजारे को बनाए गए।इनके नियुक्ति पर पाटी के युवा नेता सुशील बंजारे, खलील खान, गौरीशंकर साहू, कृष्ण आजाद, चन्द्रप्रकाश टोन्द्रे, रवि जांगड़े,अमित साहू, प्रकाश सिंह राउतराय, कन्हैयाचंद्र कोसले, जितेन्द्र सोन्द्रे, हेमप्रकाश सोनवानी ,डेनिश साहू, धनेश्वर साहू , भुपेन्द्र जायसवाल, खेमराज घिदोड़े, चिंटू वर्मा, रोहित मानिकपुरी, डागेश्वरनायक, दिनेश वर्मा , भरत टण्डन, देवेन्द्र सेन,फागु सेन, भागवत बंजारे, टिकेश आडिल, मुकेश साहू,गजेन्द्र निषाद, दीपक कुर्रे, ननकूराम नवरंगे, डेरहा राम भट्ट, डॉ विशाल ध्रुव, शिवकुमार यादव,गुड्डा कौशिक,जयवर्धन राय, विकास टण्डन, केशव वर्मा,उपेन्द्र साहू ,मीना यादव,संतोषी चौहान, लक्ष्मीन कैवर्त, अंजू यादव , चन्द्रिका गिरी,चमेली बंजारे, तुकेश्वरी साहू,ममता कन्नौजे,गोंदा डहरिया, सहित बड़ी संख्या में लोगों ने बधाई शुभकामनाएं दी है।

# सिहावा विधानसभा में कोरोना पीडितों का हाल बेहाल : पिंकी शिवराज शाह

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



सिहावा विधानसभा के पूर्व विधायक पिंकी शिवराज शाह ने कहा कि सिहावा विधानसभा में कोरोना पीडितों का हाल बेहाल है वहीं जांच के लिए किट नही है इसके साथ ही वेक्सीन का अभाव है।शासन प्रशासन के रवैय्या से लोग परेशान हैं। नगरी विकासखंड में कोरोना परिचितों के लिए कोरेन्टीन सेंटर बनाने के लिए कुछ छात्रावासों को अधिग्रहित किया गया है।लेकिन यहां पर पूर्ण रूप से अव्यवस्था का आलम है।मरीजों के लिए बेड एवं पलंग की व्यवस्था नही है जमीन पर लाकर लेटा दिया गया है।पानी की व्यवस्था नहीं है।मरीज बहुत परेशान हैं।यहां लाने के बाद इनका इलाज नहीं हो रहा है।कलेक्टर धमतरी ने आदेश जारी किया की जो मरीजों के घर पर अटैच लेटरींग एवं बाथरूम नही है उन्हे कोविड सेंटर पर आइसुलेट किया जावेगा।लेकिन प्रशासन ने 13अप्रेल के दिन बिना व्यवस्था के ऐसे मरीज जिनके निवास पर मरीज के लिए अटैच लेटबाथ हैं उन्हे शासन द्वारा निर्धारित आइसोलेशन सेंटर में ले जाने पर अड़े रहे और पुलिस प्रशासन के माध्यम परेशान करते रहे। हम कोरोनाकाल में लगे सभी अधिकारी, कर्मचारी,स्वास्थ्य विभाग,पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी मितानिन बहनों सहित पुरे प्रशासन का उनकी सेवा के लिए सम्मान करते हैं। लेकिन कोरोना पीडित मरीजों को भी सही व्यवस्था मिलना चाहिए।मरीजों को सेंटर में लेजाकर डाल देने से मरीजो को दवाई,पानी,खाना सहित अन्य व्यवस्था नही होने से मरीज परेशान हो रहे हैं। सिहावा विधायक जी, माननीय मुख्यमंत्री जी एवं प्रभारी मंत्री को इस मामले में प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा कर व्यवस्था बनाया जाना चाहिए।पुरे सिहावा विधान सभा में कोरोना मरीजों को सही इलाज नहीं मिल रहा हैं।नगरी विकासखंड में अनुसूचित जनजाति वर्ग के बाहुल्य के लोग हैं। जो रायपुर धमतरी जाकर ईलाज कराने में आर्थिक रूप से संबल नही हैं।उनका सही ईलाज मुफ्त में स्थानीय स्तर पर होना चाहिए।वर्तमान में यहां कोई संसाधन नही है।इससे नगरी एवं मगरलोड विकासखंड के मरीज परेशान हो रहे है।

# समता मूलक समाज के निर्माता है बाबा भीमराव : अजय

- कुरुद भाजपा ने वर्चुअल मनाया बाबा अंबेडकर की 130वीं जयंती

पायनियर संवाददाता ◄ कुरुद
www.dailypioneer.com



भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा कुरूद विधानसभा द्वारा, भाजपा कार्यालय कुरुद में आज वर्चुअल बैठक के माध्यम से बाबा साहेब अंबेडकर की 130वीं जयंती मनाया गया। जिसमें डॉ. भीमराव अंबेडकर के चलचित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण कर समाज और सविधान निर्माण में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला गया। विधायक अजय चंद्राकर ने सोशल मिडिया पर बधाई संदेश द्वारा उन्हे याद करते हुये लिखा है समता मूलक समाज के निर्माण एवं सामाजिक उत्थान में अतुलनीय योगदान देने वाले बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर उन्हें आदरपूर्वक नमन किया।

मुख्यअतिथि के रूप में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य निरंजन सिन्हा, पूर्व मंडल अध्यक्ष त्रिलोकचंद जैन, मंडल अध्यक्ष कुलेश्वर चंद्राकर एवं अनुसूचित जाति मोर्चा कुरुद अध्यक्ष विक्रम बंजारे नें कार्यालय से ही, वर्चुअल रुप से कार्यक्रम को संबोधित किया और वही अन्य वक्ता के रुप में पिछड़ावर्ग प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भानु चंद्राकर जिला उपाध्यक्ष गौकरण साहू, मंडल अध्यक्ष सिर्री पुष्पेंद्र साहू, मंडल अध्यक्ष भखारा आनंद यदु, कुरुद मंडल प्रभारी आदर्श चंद्राकर आनलाइन माध्यम से कार्यक्रम से जुड़कर संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल के महामंत्री प्रभात बैस, कार्यक्रम का आभार मंडल अध्यक्ष कुलेश्वर चंद्राकर नें किया। वर्चुअल बैठक में फ़ेसबुक और वेबेक्स के माध्यम से लगभग हज़ारों कार्यकर्ता कार्यक्रम से ऑनलाइन जुड़े।

अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रभारी तिलोकचंद जैन ने अपनी बात रखते हुए कहा- समाज में छूआ-छूत, ऊंच-नीच के भाव को समाप्त करनें और समाजिक सद्भाव के लिये भारत ही नही बल्कि पुरे विश्व में अपने संघर्ष की छाप छोड़नें वाले बाबा साहब अंबेडकर की 130वीं जयंती पर उन्हे ह्रदय से स्मरण करता हूं। आज भी समाज विभिन्न जाति वर्ग में बंटा है, दलित कहनें से आज भी मन के भाव बदल जाते है इस भावना को दूर करनें भारतीय जनता पार्टी समरसता दिवस, बाबा घासीदास के आशीर्वचन ÷मनथे मनथे एक समान÷ की आवधारणा से मनाती है हमारे मुखिया अजय चंद्राकर नें समाज के निम्नवर्ग के लोंगो के लिये 8000 प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान प्रदान किये है ऐसे सोंच वाले केवल हमारी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता है। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि निरंजन सिन्हा ने कहा इस बेबिनार और आंनलाइन माध्यम से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं का हार्दिक अभिनंदन करता हूं साथ ही उन्हे हिंदू नववर्ष और चैत्र नवरात्र की भी बधाई देता हूं। समाज के लिये एक बड़े संघर्ष की आवाज बाबा साहेब अंबेडकर को कांग्रेस के नेता नही चाहते थे कि वे विधान परिसद पहुंचे थे। सविधान निर्माण में सात सदस्यीय टीम में रहते हुये उन सभी की अनुपस्थिति में अपनी जिम्मेदारी निर्वहन करते एक अकेले सविधान का निर्माण कर तात्कालिक राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद को सौंप दिया था।

# ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने की कोरोना कंट्रोल्स 5 प्रभारियों की नियुक्ति



पायनियर संवाददाता ◄ कुरुद
www.dailypioneer.com

बुधवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहन मरकाम के निर्देशानुसार एवं जिलाध्यक्ष शरद लोहाना के मार्गदर्शन से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुरुद अध्यक्ष आशीष शर्मा ने संगठन स्तर पर ब्लॉक मुख्यालय में कोरोना संक्रमण के रोकथाम एवं उपचार व अन्य प्रकार के सहयोग प्रदान किये जाने हेतु कोरोना वायरस कंट्रोलर 05 सदस्यीय ब्लॉक स्तरीय टीम का गठन किया है। जिसमें सभापति मनीष साहू सभापति डुमेश साहू, योगेश चन्द्राकर, सन्तोष प्रजापति एवं तुकेश साहू को शामिल किया गया है। ब्लॉक अध्यक्ष आशीष शर्मा ने आमजनों को अपने सन्देश में कहा कि आज ब्लॉक कांग्रेस के नेतृत्व में 5 सदस्यीय टीम का चयन किया गया है, जो आपको किसी भी तरह की आवश्यकता पड़ने पर सहयोग प्रदान करते रहेंगे। जो भी जरूरतमंद व्यक्ति जिन्हें किसी भी प्रकार के सहयोग की जरूरत हो, संपर्क कर सहयोग प्राप्त सकते है।

# निजी हॉस्पिटल के डॉक्टरों की पहल से 60 बिस्तरों का कोविड अस्पताल तैयार, देंगे निःशुल्क चिकित्सा सेवा

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



भाटापारा मे कोरोना से बढ़ते मौत के आंकड़ों ने और भयावह परिणाम ने घबराहट बढ़ा दी है। इस बीच भाटापारा मे डाक्टरों की पहल ने शहर वासियों को थोड़ी राहत महसूस करायी है। शहर के निजी डाक्टरो के द्वारा 60 बिस्तरो का कोविड-19 हॉस्पिटल का शुभारंभ किया गया है। मरीज़ों को चिकित्सा एवं बेड उपलब्ध नही होने को देखते हुए यह निर्णय भाटापारा विधायक शिवरतन शर्मा के प्रस्ताव पर लिया गया। इस कोविड-19 हॉस्पिटल में शहर के निजी हॉस्पिटलों के डॉक्टर अपनी निःशुल्क चिकित्सा सेवा देंगे। बता दें कि भाटापारा मे रोज 8 से 10 लोगो की मौत रोजाना आंकड़ों में आ रही है, कोरोना के मरीज़ों को बेड और चिकित्सा वर्तमान के कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए नहीं मिल पा रही है। जहां हालात ये है कि आज कोरोना संक्रमण के चलते आपदा को अवसर बनाकर प्राइवेट हॉस्पिटलस के द्वारा व्यापार किया जा रहा है। लाखो रुपयों का बिल कोरोना संक्रमितों एवं उनके परिजनों को निजी सेक्टर थामा रहे है वही भाटापारा मे एक अनोखी पहल निजी अस्पतालों के डाक्टरो द्वारा किया जा रहा है वही ये डाक्टर प्रेरणादायक कार्य को अंजाम देने जा रहे है। भाटापारा के डाक्टरो ने साकारात्मक पहल करते हुए भाटापारा के आडिल हॉस्पिटल, जीवनमल हॉस्पिटल, भृगु हॉस्पिटल, आस्था नर्सिंग होम, चाइल्ड केयर हॉस्पिटल, रामकृष्ण हास्पिटल, कंवर हॉस्पिटल, गुप्ता हॉस्पिटल, दिग्विजय वर्मा हॉस्पिटल, गंगा हॉस्पिटल, सियाराम हॉस्पिटल, आरवी हॉस्पिटल जैसे प्राइवेट हॉस्पीटलो के डाक्टरों ने पहल करते हुए भाटापारा मे कोविड के प्राथमिक उपचार मरीज़ों को उपलब्ध कराने के लिए कृष्णा हॉटल गुप्ता कॉपलेक्स को कोविड-19 हॉस्पिटल बना कर निःशुल्क सेवा देने की योजना बनाया गया। जिसके लिए निजी डाक्टरो की टिम का गठन किया गया। जिसमे डॉ.पूजा भृगू, डॉ.एसके जीवनमल, डॉ.एचएन सहेता, डॉ.एसके निहलानी, डॉ.जीसी जांगड़े, डॉ.गजेंद्र महिलांग, डॉ.मनोहर वाधवानी, डॉ.बीबी गुप्ता, डॉ.विकास आडिल, डॉ.डीपी बंजारे एवं डेंटल डॉक्टरो मे डॉ.शंशाक गुप्ता, डॉ.प्रवेश दत्ता, डॉ भास्कर देवांगन, डॉ.हिंमाशु गुप्ता, डॉ सुप्रिया मुधड़ा, डॉ. नैना जायसवाल, डॉ. श्रेया गुप्ता, डॉ. अंकित महेंद्रु, डॉ. अनूप अग्रवाल शामिल होकर अपनी चिकित्सा सेवा प्रदान करेंगें। मरीज़ों के द्वारा प्राथमिक चिकित्सा को लेकर हॉस्पिटल के चक्कर लगाने से कहीं ज्यादा राहत मिलेगी। भाटापारा रेस्ट हाउस मे तहसीलदार मयंक अग्रवाल , एसडीएम इंदिरा देवहरी, सीएमओ नगर पालिका भाटापारा आशीष तिवारी, सीएमएचओ डॉ सोनवानी, निजी हॉस्पिटल के डाक्टर एवं भाटापारा विधायक शिवरतन शर्मा, महामंत्री राकेश तिवारी, भाजपा नेता आशीष जायसवाल बैठक मे उपस्थित रहे। उन्होने बताया कि बुधवार से कोविड-हॉस्पिटल का संचालन आरंभ किया जाएगा। जो 60 बिस्तरों का रहेगा। कोरोना संकट काल मे ये पहल भाटापारा के लिए संजीवनी का काम करेंगी। ये अस्पताल कि निगरानी आडिल हॉस्पिटल के डाक्टर विकास आडिल के अंदर रहेगा। उन्होने बताया कि डाक्टरो द्वारा इलाज निःशुल्क रहेगा लेकिन दवाईयो, अस्पताल स्टाफ एवं मशीनी सुविधाओ को नाम मात्र फ़ीस रखा गया है जो मरीज़ों को देना होगा। वही शुभारंभ 30 बिस्तरों से किया जाएगा एवं आगे सुविधाओ को देखते हुए बिस्तरो को बढ़ाया जाएगा। वही इस बैठक में प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकार भी शामिल हुए जिन्होंने प्रेसवार्ता कर पूरी जानकारी ली।

### अपर कलेक्टर ने अफसरों के साथ लिया तैयारियों का जायजा

# नई मण्डी में तैयार हो रहा 600 बेड कोविड केयर अस्पताल

- छह कोविड अस्पतालों की कुल 806 क्षमता के विरुद्ध मात्र 482 मरीज भर्ती, अभी भी 324 बेड खाली

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के नयी मण्डी परिसर में 600 बिस्तर युक्त कोविड केयर अस्पताल बनाई जा रही है। मण्डी के खाद्यान्न गोदाम को अस्पताल के रूप में तब्दील किया जा रहा है। अस्पताल बनाने का काम यहां दो चरणों मे होगा। प्रथम सप्ताह में 300 बेड तैयार हो जायेगा। इसके एक सप्ताह में दूसरा 300 बेड युक्त अस्पताल तैयार होगा। कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने जिले में कोरोना के बढ़ते प्रकरणों को देखते हुए युद्धस्तर पर काम करके अस्पताल तैयार करने को कहा है। अपर कलेक्टर राजेन्द्र गुप्ता ने अधिकारियों की टीम के साथ आज स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिये। उल्लेखनीय है की जिले में फिलहाल 6 कोविड अस्पताल हैं। इनमें कुल बेड की संख्या 806 है। जिसके विरुद्ध 482 मरीज भर्ती होकर इलाज करा रहे हैं। 324 बेड आज की तारीख में खाली हैं। पिछले तीन-चार दिनों में मरीजों की संख्या एकाएक बड़ी है। 12 अप्रैल को एक ही दिन में एक हजार से ज्यादा मरीजों की पहचान हुई है। भविष्य में और मरीजों की संभावना को देखते हुये अस्पताल की तैयारी की जा रही है। सीएमएचओ डॉ सोनवानी ने बताया कि जिला मुख्यालय के डेडिकेटेड कोविड अस्पताल 160 बेड की क्षमता के विरुद्ध 203 मरीजों की भरती कर इलाज किया जा रहा है। इसी प्रकार सकरी लाइवलीहुड कॉलेज में 170 क्षमता के विरुद्ध 105 मरीज, आईटीआई सिमगा में 296 क्षमता के विरुद्ध 86 मरीज, बालिका आश्रम बिलाईगढ़ में 70 क्षमता के विरुद्ध 52 मरीज, पोस्ट मेट्रिक आदिवासी हॉस्टल सुरखी भाटापारा में 60 के विरुद्ध 22 मरीज और प्री मेट्रिक आदिवासी हॉस्टल कसडोल में 50 के विरुद्ध 14 मरीजों की भरती लेकर इलाज किया जा रहा है। अपर कलेक्टर गुप्ता ने बताया कि नयी मण्डी में बनाये जा रहे 6 सौ सीट अस्पताल में 150 सीट में वेंटिलेटर सुविधा भी मिलेगी। ये अस्पताल तैयार हो जाने पर जिले के कोरोना मरीजों को इलाज के लिए काफी सहूलियत होगी।उन्होंने नये प्रस्तावित अस्पताल में वे तमाम सुविधाएं विकसित करने को कहा जो कि कोविड अस्पताल के लिए जरूरी हो। डॉक्टर, नर्स, पैरामेडिकल स्टाफ सहित मरीजों की सुविधाओं का भी ख्याल रखा जाएगा। सीएमएचओ डॉ खेमराज सोनवानी, लोक निर्माण विभाग के ईई टीसी वर्मा, पीएचई विभाग के ईई मरकाम, विद्युत यांत्रिकी विभाग के एसडीओ सूर्यवंशी, तहसीलदार गौतम सिंह, मण्डी सचिव योगेश अग्रवाल आदि अधिकारी उपस्थित थे।

# लॉकडाउन के नियमों की धज्जियां उड़ा रहा श्रीसीमेंट खपराडीह प्रबंधन

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



खपराड़ीह में संचालित श्री सीमेंट संयंत्र के मेन गेट पर कोरोना लॉकडाउन नियमों की धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं जहाँ पर सुबह के सिफ्ट में संयंत्र के मेन गेट पर हजारो मजदुर कामगारो को देखा जा सकता हैं जबकी पुरे जिले में धारा 144 व लॉकडाउन लगा हुआ हैं लेकिन श्रीसीमेंट प्रबंधन जिला प्रशासन के नियमों को ताक में रखकर आम जनो के जीवन से खिलवाड़ कर रहा हैं जिससे न सिर्फ कामगार उनके परिवार व आस पड़ोस के लोगों में कोरोना संक्रमण तेजी से फैल सकता हैं जबकी खपराड़ीह में ही कई कोरोना मरीज मिले हैं जिससे कोरोना को लेकर गाँव में भय का माहौल हैं लेकिन श्रीसीमेंट अपने फायदे के लिए आमजनो के जान को खतरे में डाल रही हैं वही श्रीसीमेंट के रिंगनी रेल्वे साईडिंग में महको कांट्रेक्टर के द्वारा लापरवाही पुर्वक बाऊंड्रीवाल का काम कराया जा रहा हैं जिसमें कालम डलाई करने वाले बुंब से मजदुर हाई टेंशन तार की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गया जिनको गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। संयंत्र प्रबंधन के साईडिंग ईंचार्ज धर्मेंद्र सिंह ने बताया की मजदूर बुरी तरह जल चुका हैं जिसको पहले तिल्दा में भर्ति कराया गया था बाद में बिलासपुर रिफर किया गया हैं श्रीसीमेंट प्रबंधन ईलाज का खर्चा वहन करेगी। संयंत्र प्रबंधन की बड़ी लापरवाही सामने आया हैं जिला प्रशासन ने लॉकडाउन कर रखा हैं फिर भी प्रशासन के नाक के नीचे खुलेआम नियमों की धज्जिया उड़ाना कोई नई बात नहीं हैं। शिवसेना के जिलाध्यक्ष संतोष यद्दु ने श्रीसीमेंट प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाया हैं की प्रबंधन का रवैय्या हमेशा तानाशाही पुर्ण रहा हैं मजदूरों का शोषण तो होता ही हैं कोरोना काल में कामगारों को मजबूरन काम पर बुलाया जाता हैं जिससे आमजनो की जान खतरे में हैं साथ ही दुर्घटना में लगातार बढ़ोतरी हो रही हैं रिंगनी साईडिंग का संचालन बिना डायवर्सन व फर्जी एनओसी से किया जा रहा हैं जिसकी जाँच करने की माँग शिवसेना ने की हैं।

# भारत रत्न डॉक्टर बी आर अंबेडकर एक अदभूत एवं अलौकिक शक्ति : सौरभ सिंह जागृत

पायनियर संवाददाता भिलाई
www.dailypioneer.com



सौरभ सिंह जागृत राष्ट्रीय सदस्य भाजपा छत्तीसगढ़ प्रदेश सह सोशल मीडिया प्रभारी (अजा मोर्चा) ने डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर उन्हें नमन किया भाजपा नेता सौरभ सिंह जागृत ने संक्षिप्त में बाबा साहेब का परिचय दिया। डॉ बी आर अंबेडकर का जन्म 1891 में मऊ मध्यप्रदेश में हुआ एवं मृत्यु 6 दिसंबर 1956 में हुई थी। उनकी समाधि चैत्य भूमि मुंबई महाराष्ट्र में है। उनके पिता रामजी सकपाल, माता भिमाबाई सकपाल। उनके बचपन का नाम भीमराव, भीम था। वह बचपन से ही शिक्षा के प्रति बड़े जागरूक थे और उन्हें सेना के छावनी स्कूल से ही अस्पृश्यता का दंश झेलना पड़ा एवं स्कूल के बाहर बिठाया जाता था और दूर से पानी पिलाया जाता था। अंबेडकर जी ने एलफिंस्टन कॉलेज मुंबई से क्क और रूकिए एवं उच्च शिक्षा हेतु लंदन गए। वहां उन्होंने एमए और पीएचडी किया इसके बाद उच्च शिक्षा हेतु कैलिफ़ोर्निया गए और उन्होंने डाक्टर आफ साइंस 8 वर्ष का कोर्स 3 वर्ष में पूरा किया इस दौरान अम्बेडकर जी ने 16000 किताबों का अध्ययन किया एवं फिर भारत लौट गए। उसके बाद शिवाजी गायकवाड वड़ोदरा के सेनानायक बने। वहाँ उन्हें छुआ छूत के कारण नौकरी छोड़ दी एवं मुंबई वापस आ गए वहां अम्बेडकर जी वकालत प्रारंभ की। कुछ दिनों बाद उन्हें लॉ कॉलेज में प्रोफेसर का पद मिला फिर प्रिंसिपल बने। 29 अगस्त 1947 भारतीय संविधान सभा के मसौदा समिति के अध्यक्ष थे। अंबेडकर जी 1942 में श्रम मंत्री एवं1937 मुंबई विधानसभा के विरोधी राजनेता थे। उन्हें बोधिसत्व 1956 , भारत रत्न 1990, पहले कोलंबिया अहेड ऑफ देअर टाइम 2004, द ग्रेटेस्ट इंडियन 2012 का सम्मान प्राप्त हुआ। अम्बेडकर जी सन 14 अक्टूबर 1956 में बौद्ध धर्म अपना लिया । 14 अप्रैल को उनकी जन्म दिवस अंबेडकर जयंती के तौर पर पूरे विश्व भर में मनाया जाता है। 1936 में अंबेडकर जी ने स्वतंत्र लेबर पार्टी की स्थापना की, 1937 के केंद्रीय विधानसभा चुनाव में 13 सीट जीते , अंबेडकर जी को मुंबई विधानसभा के विधायक के रूप में चुना गया था। अंबेडकर जी ने 15 मई 1936 को अपनी पुस्तक एनीहिलेशन ऑफ कास्ट प्रकाशित की। एक सामाजिक राजनीतिक संगठन था जिसकी स्थापना 1942 में अंबेडकर जी ने की। अंबेडकर जी ने भारत की आजादी की लड़ाई में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया था। अंबेडकर जी ने मुंबई उत्तर में से 1952 का पहला भारतीय लोकसभा चुनाव लड़ऐ एवं चुनाव हार गए । 1952 में अंबेडकर जी को राज्यसभा का सदस्य बनाया गया। एवं 1956 को राज्यसभा के सदस्य बनाया गया। अंबेडकर जी दक्षिण एशियाई कि इस्लाम की रितियो के बड़े आलोचक थे। उन्होंने बाल विवाह प्रथा और महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार की घोर निंदा की। 1947 देश के पहले कानून एवं न्याय मंत्री के रूप में सेवा करने के लिए आमंत्रित किया गया। अंबेडकर जी को स्वतंत्र भारत के नए संविधान की रचना के लिए संविधान की मसौदा समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। अंबेडकर जी को भारत के संविधान का पिता के रूप में मान्यता प्राप्त है। अंबेडकर जी विदेश से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की डिग्री लेने वाले पहले भारतीय थे । रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने अंबेडकर जी को एक अर्थशास्त्री के तौर पर परिभाषित किया गया था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया अंबेडकर जी के विचारों पर आधारित था। 14 अक्टूबर 1956 को बौद्ध धर्म की दीक्षा ली। उन्होंने 1955 में भारतीय बौद्ध महासभा की स्थापना की एवं उनकी पुस्तक द बुद्ध एंड हिस धम्मा को 1956 में पूरा किया।

31 जनवरी 1920 को अछूतों के उपर अत्याचारों को प्रकट करने के लिए मुकनायक नामक अपनी पहली 15 दिवसीय पत्र शुरू किया। इसके बाद 3 अप्रैल 1924 को दूसरी बहिष्कृत भारत पत्र निकाली। 29 जून 1928 में अंबेडकर जी ने समता पत्र शुरू किया। 4 फरवरी 1956 को अंबेडकर जी ने प्रबुद्ध भारत पत्र प्रकाशित किया। सार्वजनिक संस्थाओं एवं 12 विश्वविद्यालय के नाम उनके सम्मान में रखे गए। डॉ बाबासाहेब आंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय विमानक्षेत्र ,बाबासाहेब अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार, डॉ बाबासाहेब आंबेडकर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान। अंबेडकर जी को ज्ञान का प्रतीक सिंबल ऑफ नॉलेज माना जाता है।अंबेडकर जी के सम्मान में भारतीय संविधान दिवस राष्ट्रीय कानून दिवस 26 नवंबर को मनाया जाता है। महाराष्ट्र सरकार द्वारा एक संग्रहालय का नाम को बदल कर अंतरराष्ट्रीय अंबेडकर मेमोरियल रख दिया गया जिसका लोकार्पण भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 14 नवंबर 2015 को किया गया।

भारतीय डाक 1966 1973 1991 2001 2013 में उनके जन्मदिन को समर्पित डाक टिकट जारी किया गया। 1990 में भारत सरकार ने अंबेडकर जी को 100 वी जयंती मनाने के लिए उनके सम्मान में 1 का सिक्का जारी किए एवं 125 वी जयंती के उपलक्ष में ?10 और ?125 के सिक्के 2015 में जारी किए गए थे। अंबेडकर जी के विचारों पर कई फिल्म बनी है जैसे भीम गर्जना, बालक अंबेडकर, युगपुरुष डॉ बाबासाहेब आंबेडकर, शूद्र द राइजिंग, जर्नी ऑफ सम्यक बुद्ध संग्रहालय एवं समर्पित स्मारक इस प्रकार है, डॉ बाबासाहेब आंबेडकर वस्तु संग्रहालय शांतिवन नागपुर, अंबेडकर मेमोरियल पार्क उत्तर प्रदेश, अंबेडकर राष्ट्रीय स्मारक नई दिल्ली, डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर स्मारक लंदन, डॉक्टर अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर नई दिल्ली।

## विधायक रामपुकार सिंह ने टीका का लिया दूसरा डोज सभी से टीकाकरण कराने की अपील की



पायनियर संवाददाता पत्थलगांव
www.dailypioneer.com

पत्थलगांव विधायक एवं केबिनेट मंत्री दर्जा रामपुकार सिंह ने सिविल अस्पताल में कोरोना वैक्सीन का दूसरा डोज लिया। विधायक सिंह ने कहा कि प्रोटोकॉल के तहत आने वाले लोग अधिक से अधिक संख्या में कोरोना वैक्सीन लें। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सत्य नारायण शर्मा, हरगोविन्द अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, पिंटू भाटिया सहित 45 साल से अधिक उम्र वाले दर्जनों लोगों ने भी कोरोना वैक्सीन की डोज ली।विधायक ने जनता के लिए संदेश दिया कि वह कोरोना महामारी को देखते हुए कोविड वैक्सीन का टीका अतिशीघ्र लगवाएं। वहीं शासन द्वारा जारी की गई कोरोना गाइड लाइन का पालन कर स्वयं व परिवार को कोरोना महामारी से सुरक्षित रखे।

## माहे रमजान शुरू, इबादत में बितेंगे दिन- रात

**सरायपाली।** महीने भर का रोजा और खास इबादत का मौका माहे रमजान शुरू हो गया है। बढ़ते कोरोना संक्रमण की वजह से जिले में जारी लॉकडाउन के बीच यह लगातार दूसरा साल है। जब लोग घरों में रहकर ही इबादत करेंगे। मस्जिद कमेटियों की तरफ से भी माहे रमजान मे एहतियात बरतने एलान जारी हो चुके हैं. ऐसे में तय है कि लॉकडाउन के नियमों के अनुरूप ही लोग अपनी इबादत को अंजाम देंगे। रमजान की शुरुआत के साथ ही सुबह के वक्त की सहरी और शाम के वक्त अफ्तार को लेकर भी मुस्लिम समुदाय के लोग तैयारियों में लगे हैं ।हालांकि कोरोना संक्रमण को देखते हुए बहुत से घरों में या मुश्किल वक्त का दौर है। लॉकडाउन के चलते लोग बाजार में खरीददारी नहीं कर सकते। वहीं आसपास कोरोना संक्रमण की वजह से भी लोग हलकान है।

# 70 वर्षीय वृद्ध के साथ दुष्कर्म, अभियुक्त को 7 साल की सजा

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

70 वर्षीय वृद्ध के साथ जबरदस्ती रात्रि में घर घुसकर अपने ही चचेरी सास को हवस का शिकार बनाने वाले अभियुक्त के खिलाफ आरोप दोष सिद्ध पाए जाने पर पोक्सो कोर्ट के विशेष न्यायाधीश गीता नेवारे ने अभियुक्त को 7 वर्ष की सश्रम कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया,अभियोजन से प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना 5 दिसंबर 2018 की डभरा थाना क्षेत्र की है। 70 वर्षीय वृद्ध अभियोक्त्री के 5 बच्चों का विवाह हो चुका है तथा उनके सभी बच्चे अलग-अलग रहते हैं। पीड़िता भी अपने पुश्तैनी मकान में अकेली रहती है। घटना दिनांक को अभियुक्त मनोज कुमार चौहान पिता मेहतर चौहान उम्र 35 वर्ष निवासी सुरसी थाना डभरा जिला जांजगीर चांपा जो रिश्ते में अभियोक्त्री के देवर के दमाद है ने वृद्धा के अकेलेपन का फायदा उठाते हुए उसके घर में जबरदस्ती घुसा और दरवाजा अंदर से बंद करके 70 वर्षीय अपने चचेरी सास के मुंह में कपड़े बांधकर उसके साथ जबरदस्ती बलात्कार कारित किया। घटना को पीड़िता ने अपनी पुत्री एवं गांव के सरपंच को बताया तथा डभरा थाना में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराया। पुलिस थाना डभरा द्वारा पीड़िता के रिपोर्ट पर अभियुक्त के विरुद्ध धारा 450, 376 उप धारा एक भारतीय दंड संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसे रिमांड पर जेल भेजा गया और विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में निर्णय हेतु प्रस्तुत किया गया था। न्यायालय द्वारा विचारण उपरांत अभियुक्त के विरुद्ध आरोपित अपराध दोषसिद्ध पाए जाने पर अभियुक्त को भारतीय दंड संहिता की धारा 450 के तहत 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं पांच हजार रुपये के अर्थदंड तथा धारा 376 एक भारतीय दंड संहिता के तहत 7 वर्ष के सश्रम कारावास एवं दस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया तथा अर्थदंड की राशि अदा नहीं करने पर छह-छह माह की अतिरिक्त कारावास की सजा दिया गया है। अभियुक्त को दी गई सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। अभियोजन की ओर से पैरवी शासकीय विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो अधिवक्ता राकेश महंत ने किया। पोक्सो कोर्ट के विशेष न्यायाधीश गीता नेवारे ने शासन की ओर से क्षतिपूर्ति के रूप में पीड़िता को एक लाख रुपए शासन से दिलाए जाने की अनुशंसा निर्णय में किया है।

## एनएसयूआई में स्कूल से राष्ट्रीय राजनीति तक सफ़र तय करने के बाद अब युंका में मिली नयी ज़िम्मेदारी

**रायपुर।** भारतीय युवा कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लवरू जी,



भारतीय युवा कांग्रेस अध्यक्ष बी वी श्रीनिवास जी के दिशा निर्देश पर राष्ट्रीय महासचिव, छत्तीसगढ़ प्रभारी संतोष कोलकुंडा जी, राष्ट्रीय सचिव, सह प्रभारी एकता ठाकुर जी और छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष पूर्णचंद्र कोको पाड़ी जी के सहमति से छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा हुई जिसमें प्रदेश के होनहार युवा नेताओं को कार्यभार दिया गया। छत्तीसगढ़ से लेकर दिल्ली तक छात्र राजनीति में अपनी पहचान बनाने में कामयाब रहें हस्द्ध के पुर्व राष्ट्रीय सचिव गुलज़ेब अहमद को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया हैं। उनकी नियुक्ति उनके राष्ट्रीय कार्यकारिणी में किए कार्यों एवं विगत 10 सालो के राजनीतिक तजुर्बो को ध्यान में रखते हुए की गयी हैं। राहुल गांधी की सोच से प्रभावित हो कर राजनीति में आए गुलज़ेब अहमद ने विगत सालो में विभिन्न पदों में रहते हुए जनहित के अनेक कार्य किए हैं जिसके फलस्वरूप आज उन्हें प्रदेश महासचिव पद पर नियुक्त कर कांग्रेस संगठन ने सम्मानित किया हैं। प्रदेश महासचिव की ज़िम्मेदारी मिलने के बाद गुलज़ेब अहमद ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी जी, जन-जन के नेता राहुल गांधी जी सहित कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

# कबीरधाम जिले में कोरोना टीकाकरण अभियान और होंगे तेज

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिले में कोविड-19 कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण को रोकने के लिए जिले की सभी प्रवेश सीमाएं बंद करने में सफल होने के बाद अब जिला प्रशासन द्वारा जिले के 45 वर्ष पूरा कर चुके सभी नागरिकों को जीवनदायनी कोरोना टीकाकरण लगाने के लिए एक अभियान चलाया जाएगा। कोरोना वैक्सिनेशन को विस्तार देते हुए कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने कहा कि अब टीकाकरण केन्द्र के अंतर्गत आने वाले सभी बड़े ग्राम पंचायतां में पहुंचकर 45 वर्ष पूरा कर चुके सभी नागरिकों, महिलाओं और बुजुर्गों को स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा टीकाकरण किया जाएगा। गांव-गांव में लोगों को टीकाकरण कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग के सहयोग के लिए राजस्व, जनपद पंचायत, महिला एवं बाल विकास विभाग, ग्राम के सरपंच ,ग्राम पटेल और समाजिक कार्यकर्ता की मदद ली जाएगी। कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने सहसपुर लोहारा विकासखण्ड के विभिन्न टीकाकारण केन्द्रों को निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य और जनपद पंचायत और राजस्व विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर शर्मा के साथ जिला पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी विजय दयाराम के ने भी टीकाकरण केन्द्रों की प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिक से अधिक लोगों को टीकाकरण कराने के लिए गांव-गांव में शिविर लगाने के निर्देश दिए। कलेक्ट ने सहसपुर लोहारा के उडियाकला, बम्हनटोला, बाझिनझोरी, भिभौरी, बिडोरा, रणजीतपुर, रणवीरपुर, नवघटा के टीकाकरण केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खण्ड चिकित्साअधिकारी डॉ. खरसन, तहसीलदार वासनिक, जनपद सीईओ शर्मा सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि कबीरधाम जिले के कवर्धा, बोडला, पंडरिया और सहसपुर लोहारा विकासखण्ड और जिले के सभी नगरीय निकायों में कोरोना वैक्सिनेशन के लिए 125 टीकाकरण केन्द्र बनाए गए है। टीकाकरण केन्द्र वर्तमान में जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक और उपस्वास्थ्य केन्द्र को बनाया गया है। इन केन्द्रों के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत और गांव के नागरिकों को टीकाकरण कराने के लिए टीकाकरण केन्द्र आना होता है। दूरी और गर्मी की वजह से कई लोग नहीं आ पा रहे है।

## आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता और कीमतों की जांच

**जगदलपुर।** कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम के अमले ने आज जगदलपुर शहर में स्थित दुकानों का निरीक्षण किया और वहां आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता और उनके कीमतों के संबंध में जांच की गई। अनुविभागीय दण्डाधिकारी जीआर मरकाम के नेतृत्व में इस दल ने चिल्हर एवं थोक विक्रेताओं के यहां जांच करते हुए दुकान संचालकों को कालाबाजारी और जमाखोरी किए जाने पर सख्त कार्यवाही की चेतावनी दी गई और सामग्री को निर्धारित मूल्य पर ही उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर खाद्य अधिकारी अजय यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# पेट्रोल पंप कर्मियों ने टैंकर चालक को बेदम पीटा

पायनियर संवाददाता जशपुर/मनोरा
www.dailypioneer.com





ट्रक चालक यूनियन का हड़ताल, पंप सील करने की मांग

कोरबा के इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशनन आईओसी से पेट्रोल टैंकर में भरकर जशपुर जिला के मनोरा विकासखंड मुख्यालय में स्थित लावा पेट्रोल पंप में पेट्रोल लाने वाले चालक को टैंकर से पेट्रोल चोरी कर लेने का आरोप लगाते हुए पेट्रोल पंप में काम करने वाले कर्मचारियों ने बेदम पिटाई कर दी। बताया जा रहा है कि पिटाई करने वाले कर्मचारी शराब के नशे में धुत थे। पिटाई से घायल टैंकर चालक ने घटना की जानकारी अपने यूनियन को कोरबा में डीपो में दी जिसके बाद हड़कंप मच गया। टैंकर चालक यूनियन ने हड़ताल घटना को लेकर तीन दिनों तक हड़ताल कर दिया और पेट्रोल पंप के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और पंप को सील करने की मांग पर अड़ गए। यूनियन का बढ़ते दबाव को देखते हुए मनोरा स्थित लावा पेट्रोल पंप को सील कर दिया गया। अब यूनियन का कहना है कि पेट्रोल पंप को खोलने की अनुमति तभी दी जाएगी जब संचालक कोरबा आकर पीड़ित ड्राईवर से सबके सामने माफी मांगेगे।

### 13 मार्च की है घटना

मनोरा विकासखण्ड में एक महीने से पेट्रोल पंप बंद है। पेट्रोल के लिए लोग परेशान हैं और पेट्रोल के लिए उन्हें जशपुर जाना पड़ रहा है। घटना 13 मार्च की है, जब टैंकर चालक सुनील पाल आईओसी कोरबा डीपो से टैंकर लेकर खाली कराने मनोरा पहुंचा तभी ड्राइवर को पेट्रोल पंप के स्टॉफ ने पेट्रोल कम होने का आरोप लगाकर मारपीट किया। इतना ही नहीं टैंकर ड्राइवर को बंदी बनाकर रात भर रखा गया था। पेट्रोल पंप की मालिक का कहना है कि टैंकर से पेट्रोल लगातार चोरी होता है जिसका नुकसान हमें भरना पड़ता है।

पेट्रोल चोरी होने की जानकारी मिलने के बाद से उसकी हम लगातार रेकी कर रहे थे। कोरबा डीपो के सामने से ड्राइवर को पकड़कर लाए डीपी-3 टैंकर ड्राइवर का कहना था कि मुझे छोड़ दो मेरा 6 माह से वेतन नही मिला है। सुबह जब हुई तो टैंकर ड्राईवर नाश्ते के बहाने बाहर निकला और फरार हो गया। चारो दिशा खोजबीन करने पर भी उसका पता नहीं चल पाया।

**अनिकेत बैरागी,** संचालक लावा पेट्रोल पंप

लावा पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने हमारे टैंकर ड्राइवर साथी सुनील के साथ बेरहमी से मारपीट कर उसे घायल किया है। हमारे यूनियन ने उनके खिलाफ कोरबा में अपराध दर्ज कराया है और पंप को 6 माह के लिए सील कराया है।

**ओमप्रकाश यादव,** टैंकर चालक यूनियन सदस्य कोरबा

## कोरोना रोगी के मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल के लिए डॉक्टर की सलाह

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



बलौदाबाजार सहित पूरा छत्तीसगढ़ फिलहाल कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर का सामना कर रहा है। बीमारी के संक्रमण से मरीज के मानसिक स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पढ़ना स्वाभाविक है। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं मनोरोग विशेषज्ञ डॉ राकेश कुमार प्रेमी ने कोरोना पॉजिटिव आने पर धैर्य से काम लेने की सलाह दी है। डॉ प्रेमी ने कहा कि पॉजिटिव आने पर घबराएं नहीं, बल्कि आइसोलेट हो जाएं। अपनी शारीरिक एवं मानसिक समस्या की पहचान करें। क्या आपको घबराहट महसूस हो रही है अथवा सांस लेने में दिक्कत हो रही है। क्या आप नकारात्मक विचारों से घिर रहे हैं। नींद की समस्या हो रही है। यदि ऐसा हो तो शारीरिक समस्याओं के समाधान के लिए हेल्पलाइन नम्बर 104 पर सम्पर्क करें। होम आइसोलेशन में रहने वाले मरीज परामर्श के लिए कण्ट्रोल रूम मोबाइल नम्बर- (88174-00390) (86028-77450) अथवा (86028-77350) पर सम्पर्क कर सलाह ले सकते हैं। घबराहट, बेचैनी, डर, अनिद्रा, भूख में कमी आदि नकारात्मक विचारों एवं समस्याओं के लिए मनोरोग चिकित्सक एवं काउंसिलर से परामर्श लें। इलाज के लिए दी गई दवाइयों का समय पर सेवन करें। परिवार के अन्य सदस्यों से भौतिक रूप से दूर रहें लेकिन मोबाइल फोन से सम्पर्क में रहें।

**पूर्व विधायक बाफना ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री एवं राज्य के मुख्यमंत्री से की सिफारिश**

# कक्षा 10वीं एवं 12वीं में अध्ययनरत् सीबीएसई एवं सीजी बोर्ड के विद्यार्थियों को मिले जनरल प्रमोशन : बाफना

पायनियर संवाददाता जगदलपुर
www.dailypioneer.com



कोराना वायरस के जानलेवा स्ट्रेन से बढ़ रहे संक्रमण की दर को देखते हुए सीबीएसई एवं सीजी पाठ्यक्रम के कक्षा 10वीं एवं 12वीं में अध्ययनरत् समस्त छात्र -छात्राओं को जनरल प्रमोशन दिए जाने की सिफारिश करते हुए जगदलपुर विधानसभा के पूर्व विधायक संतोष बाफना ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक एवं सूबे के मुखिया भूपेश बघेल को पत्र लिखा है।

पूर्व विधायक बाफना ने अपने पत्र में कहा है कि कोरोना वायरस की यह दूसरी लहर पहले के मुकाबले बच्चों को ज्यादा शिकार बना रही है और पिछला स्ट्रेन बच्चों के लिए इतना खतरनाक नहीं था, लेकिन वायरस का नया स्ट्रेन बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को आसानी से भेदकर उन्हें नुकसान पहुँचा रहा है। और अब तक ऐसी कोई वैक्सीन नहीं बनी है जिसकी खुराक बच्चों को देकर उन्हें सुरक्षित किया जा सके।

माह अप्रैल-मई विद्यार्थियों के परीक्षा के आयोजन का समय होता है। देश के लगभग सभी राज्यों ने अपने राज्य बोर्ड स्तर पर संचालित पाठ्यक्रमों के कक्षा 10वीं एवं 12वीं परीक्षा के लिए समय-सारिणी घोषित करने से लेकर प्रवेश-पत्र भी जारी किये थे। किन्तु कोरोना के बढ़ते कहर ने कई राज्यों को कुछ समय के लिए परीक्षा स्थगित करने को विवश तक कर दिया। जिस संबंध में आदेश भी जारी हुये है।

बाफना ने विद्यार्थियों के प्रति अपनी चिंता जाहिर करते हुए आगे कहा है कि जिस व्यापकता के साथ पुनः इस खतरनाक वायरस ने अपने पांव पसारें हैं उसे देखते हुए प्रतीत होता है कि, निकट भविष्य में एवं हाल-फिलहाल मे भी परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित कर पाना संभव नहीं होगा। क्योंकि कोरोना वायरस का नया स्ट्रेन बच्चों के लिए किसी भी प्रकार की कोई हमदर्दी नहीं रखता है। इसलिए मेरा मानना है कि, बच्चों तक संक्रमण की आंच न पहुँचे व वायरस को नियंत्रित करने के लिए सीबीएसई बोर्ड एवं सीजी बोर्ड द्वारा आयोजित होने वाली कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा को इस वर्ष के लिए पूर्णरूप से टाल दी जाए और छात्र-छात्राओं को तिमाही, छःमाही एवं आंतरिक मूल्यांकन या सरकार के पास यदि कोई अन्य विकल्प हो तो उसे आधार बनाकर सभी को जनरल प्रमोशन दे दिया जाये।

क्योंकि हमारी पहली प्राथमिकता बच्चों का सुरक्षित जीवन होना चाहिए। परीक्षा तो अगले वर्ष भी ली जा सकती है किन्तु बढ़ते महामारी के दौर में बच्चों में संक्रमण व्यापक स्तर पर फैल गया तो बाद में इसे संभालना चुनौती से कम नहीं होगा।

## छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के ऑक्सीजन कॉन्संट्रेटर बेड़े में 4 मशीनें और शामिल

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के द्वारा ऑक्सीजन कंसंट्रेटर की 11 मशीने जन सेवा में पिछले वर्ष समर्पित की गई थी, नववर्ष सम्वत् 2078 से कुल 15 मशीनें रात और दिन जनता की सेवा में कार्य करेंगी,उक्ताशय की जानकारी देते हुए संगठन के चेयरमैन अशोक अग्रवाल ने बताया कि, इन चार मशीनों को दान दाता विजय परमानंद अग्रवाल ने दो मशीन, दीनदयाल गोयल ने एक मशीन और अनिल कुमार आहुजा ने एक मशीन का सहयोग संगठन को प्रदान किया है। संगठन द्वारा आज दिन तक 121 लोगों को इन मशीनों की सेवाएँ उपलब्ध कराई जा चुकी हैं। जिनमें 113 लोगों को यह सुविधाएँ निःशुल्क उपलब्ध कराई गई है, संयोजक अनूप अग्रवाल एवं सह संयोजक दीनदयाल गोयल ने बताया कि, इनमें ऑक्सिन ट्यूविन पाईप ऑक्सीजन लेने के लिए लगाई जा सकती है। इमरजेंसी में सांस लेने में तकलीफ वाले मरीजों के लिए यह अत्यंत लाभ दायक है। संगठन के अध्यक्ष नेतराम अग्रवाल एवं महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने बताया कि इस कॅरोना महामारी में हास्पिटल में बेड नहीं मिल रहे हैं , ऐसी हालत में जब तक मरीज को जगह मिले या एम्बुलेन्स आने में देरी हो,तब तक यह ऑक्सीजन मशीन सांस लेने में लाभदायक होगी। इसे ज़रूरत मंद तत्काल घर ले जाकर मरीज़ को लगा सकते हैं ,4/5 घंटे यह परेशानी से बचाएगी, तब तक मेडिकल फ़ैसिलिटी मिलने की पूरी संभावना बन सकती है।समिति से संपर्क करके ज़रूरतमंद इसे प्राप्त कर सकते हैं,मशीन जरूरतमंदों को ही ले जाना एवं काम हो जाने के बाद सेंटर पर पहुँचाना होता है। सेंटर के संपर्क नं. 93010-14000 99935-53197,98268-32400,नियम 1) सिक्योरिटी डिपोजिट रिफंडेबल मशीन के लिए 5000/- एवं सिलेंडर के लिए 2000/- रुपये, मेंटेनेस - 200/-प्रतिदिन, टूट फूट रिपेयरिंग-अतिरिक्त आवश्यकता अनुसार, ले जाने वाले के आधार कार्ड की फोटो कॉपी व एक पासपोर्ट साइज फोटो उपयोग होंगी।

संपादकीय

## पश्चिम बंगाल की घटना केंद्रीय बलों की प्रतिक्रिया

**अपने** जीवन पर खतरा आते देख कर आत्मरक्षा में विभिन्न केन्द्रीय बलों के नौजवानों की प्रतिक्रिया अलग-अलग होती है। इसका कोई मानक नियम नहीं है कि वे आत्मरक्षा के लिए स्थिति की गंभीरता किस तरह देखें और उसके अनुसार समुचित प्रतिक्रिया करें। इसलिए यदि खासकर कोई गुस्साई भीड़ उनकी ओर बढ़ती तो पश्चिम बंगाल के मतदान केन्द्रों पर तैनात सुरक्षा बल कमर के नीचे गोली मारते या ऊपर, यह निर्णय वे अपने ऊपर आए खतरे के आकलन के अनुसार करते। यदि कोई अन्य व्यावहारिक विकल्प न हो और समय की आवश्यकता हो तो मारने के लिए गोली चलाना भी गलत नहीं कहा जा सकता है। हालांकि, जो चीज एक स्थिति में सही हो, उसे दूसरी स्थिति में सही नहीं कहा जा सकता है। हाल ही में कूच बिहार के सीतलकुची में हुई घटना दुर्भाग्यपूर्ण है जिसमें सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्यूरिटी फोर्स-सीआईएसएफ कर्मियों के गोली चलाने में चार लोगों का जीवन चला गया है और कोई भी हमदर्दी या मुआवजा उसे वापस नहीं ला सकता है। इससे भी ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि भाजपा और टीएमसी के बीच इसे लेकर आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला चल रहा है। मुख्यमंत्री व टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने जहां इसे 'नरसंहार' कहा है, वहीं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि ममता बनर्जी ने अपने बयानों से जनता को केन्द्रीय बलों का घेराव करने व सीआईएसएफपर हमले के लिए उकसाया है। आलोचकों का तर्क है कि यदि सीआईएसएफ जवान भीड़ भगाने के इरादे से पैरों पर गोली चलाते तो उपद्रवियों की मौत से बचा जा सकता था। ममता बनर्जी यही तर्क दे रही हैं। लेकिन ऐसे तर्क मुद्दे के राजनीतिकरण के कारण दिए जा रहे हैं और ये व्यावहारिकता से बहुत दूर हैं। ये लोग नहीं जानते है कि पेशेवर बलों के कर्मचारियों को ऐसी परिस्थितियों में कैसे काम करना होता है और जमीनी स्थितियां कैसे तेजी से बदलती हैं।

इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि जब 300-400 गुस्सा लोगों की उपद्रवी भीड़ एक मतदान केन्द्र की ओर उसे लूटने तथा सुरक्षा बलों के हथियार छीनने के इरादे या उनकी हत्या के इरादे से बढ़ी थी। ऐसी स्थिति में उनके द्वारा अपनी आत्मरक्षा में उचित बल का प्रयोग किया। ऐसी स्थिति में लाठीचार्ज, वाटर कैनन, रबर बुलेट या आंसू गैस जैसे तरीकों का प्रयोग प्रतिरोधक के बजाय भीड़ को और उकसावे वाला हो सकता था जिससे वे केन्द्रीय सशस्त्र बल कर्मियों पर और भयानक हमला कर सकते थे। इसके परिणामस्वरूप होने वाले रक्तपात में सुरक्षा बलों और आम लोगों को बड़े पैमाने पर अपना जीवन गंवाना पड़ता। हताहतों की संख्या कम रखने तथा खून की प्यासी गुस्साई भीड़ को तितर-बितर करने के लिए गोली चलाने के सिवा कोई और व्यावहारिक विकल्प नहीं था क्योंकि इन परिस्थितियों में यही प्रतिरोधक का काम कर सकता था। लेकिन कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात किए जाने वाले किसी पेशेवर बल को इन स्थितियों की तकनीकी और विस्तृत जानकारी होनी चाहिए। ममता का आरोप है कि सीआईएसएफको भीड़ नियंत्रित करने का कोई अनुभव नहीं होता है, लेकिन यह तर्क यथार्थ के बजाय कल्पनाओं पर आधारित है। इस घटना की समुचित जांच होनी चाहिए और देखा जाना चाहिए कि हिंसा भड़काने वालों को बख्शा न जाए। यदि सुरक्षा बलों की गलती हो तो उनके खिलाफभी कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। लेकिन हमें उम्मीद करनी चाहिए कि हमारे राजनेता इस मामले में और कम से कम लोगों की मौतों पर कोई राजनीति नहीं करेंगे। ऐसी राजनीति वास्तव में शर्मनाक है।

# नेपाल में राजनीतिक अस्थिरता

## ओली के खिलाफ आया नेपाली सर्वोच्च न्यायालय का फैसला आश्चर्यजनक है और अब उनका राजनीतिक भविष्य अधर में लटक गया है।



ऋषि गुप्ता
लेखक जेएनयू में शोधकर्ता हैं)



नेपाल में लंबे राजनीतिक व न्यायिक उठापटक के बाद नेपाल के सर्वोच्च न्यायालय ने दो महत्वपूर्ण फैसले दिए हैं। उसने राष्ट्रपति द्वारा लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित संसद को भंग करना गलत बताया है तथा इसके साथ ही 2018 में नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी व नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी-माओवादी सेंटर के विलय को अवैध बताया है क्योंकि इसी नाम की एक अन्य पार्टी का अस्तित्व था। इसका अर्थ है कि यूएमएल व माओवादी पार्टियां वापस अपनी पुरानी स्थिति में आ गई हैं। संसद पुनः बहाल होने से प्रधानमंत्री के.पी. ओली को तगड़ा धक्का लगा है जो एक अति-राष्ट्रवादी नेता के रूप में उभरे थे। विभाजित नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी-एनसीपी के भविष्य पर अप्रत्याशित फैसले ने पूर्व एनसीपी में ओली और प्रचंड के बीच सत्ता के संघर्ष पर अंततः पूर्ण विराम लगा दिया है।

इस फैसले को देश को राजनीतिक अस्थिरता में धकेलने से बचाने के न्यायेत्तर प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। राष्ट्रपति के पद, मंत्रि परिषद, सुरक्षा परिषद, संविधानेत्तर संस्थाओं और प्रेस पर ओली के प्रभाव को देखते हुए विश्वास किया जाता था कि अदालत ओली का पक्ष लेगी और उनके समूह को वैध एनसीपी मान लेगी। इससे प्रचंड के पास एक और गुट बनाने के सिवा कोई और विकल्प न बचता। ओली की कानूनी टीम को अपने पक्ष में फैसला आने की उम्मीद थी, लेकिन वास्तविक फैसले ने राजनीतिक संकट और गहरा दिया है। अब यदि माओवादी समर्थन वापस ले लें तो सरकार गिर जाएगी। मधेशी समर्थक जनता समाजवादी पार्टी ऐसे में किंगमेकर की भूमिका निभा सकती है। वह नेपाली कांग्रेस और माओवादियों का समर्थन कर सरकार बनवा सकती है या ओली के साथ जाकर उनका प्रधानमंत्री कार्यकाल और बढ़ा सकती है।

वैसे इस स्थिति की उम्मीद थी। 2018 में दो मुख्यधारा प्रतिद्वंद्वी पार्टियों के विलय ने नेपाली जनता में उम्मीद जगाई थी कि नया नेतृत्व राजनीतिक परिपक्वता प्रदर्शित कर रहा है। लेकिन यह केवल ओली और प्रचंड के लिए राजनीतिक अस्तित्व बचाए रखने का मामला था क्योंकि ओली ने अपने धुर विरोधी प्रचंड का साथ ले कर विपक्ष को कमजोर करने की रणनीति बनाई थी। प्रचंड पर गंभीर भ्रष्टाचार मामलों के साथ ही एक दशक लंबे चले माओवादी आंदोलन के दौरान लोगों की बड़े पैमाने पर हत्या कराने के आरोप भी थे। प्रचंड ने दावा किया था कि आंदोलन के दौरान लगभग 5,000 लोग मारे गए थे। ओली के सबसे मजबूत सहयोगी होने के नाते प्रचंड संरा. व अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में सुनवाई से बच सकते थे। इसलिए दोनों पार्टियों का विलय दोनों नेताओं के निजी स्वार्थों के कारण था जबकि व्यापक रूप से लोग इसे जनता के हित में राजनीतिक परिपक्वता की तरह देखते थे। इसलिए यह नतीजा निकलना अपरिहार्य था। अंततः पार्टी टूटने के बाद आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलेगा।

> राजनेता नेपाल को वापस उथल-पुथल वाले समय में नहीं ले जाना चाहते हैं पर ओली के तानाशाही दृष्टिकोण ने नेपाल को भारी नुकसान पहुंचाया है। राजनीतिक रूप से लोकतंत्र ओली को पसंद नहीं है क्योंकि वे नेपाल में एक पार्टी शासन का सपना देख रहे हैं जहां उनका यूएमएल के भीतर या बाहर कोई राजनीतिक विरोधी न हो।

ओली नई दिल्ली के साथ अपने संबंध सुधारने का प्रयास कर रहे हैं। भारत से संबंध बेहतर करने के लिए ओली ने अनेक भारतीय चैनलों से पूर्व प्रधानमंत्री प्रचंड के खिलाफअनेक बातें कही हैं तथा उन पर पार्टी विभाजित करने का आरोप लगाया है। अतीत में यही ओली भारत विरोधी दृष्टिकोण अपना कर अपनी राजनीतिक स्थिति मजबूत करना चाहते थे तथा भारतीय मीडिया पर अपने देश के प्रति 'शत्रुतापूर्ण' दृष्टिकोण अपनाने का आरोप लगाते थे।

अतीत में ओली के जन संपर्क कार्यालय और विदेश नीति सलाहकार समूह ने सीमा विवाद पर भारत की घोर आलोचना की थी। अब ये कार्यालय नई दिल्ली से संबंध सुधारने की सभी तरकीबें आजमा रहे हैं। इसके साथ ही चीन के साथ दोस्ती की छवि के बावजूद ओली भारत से कोविड-19 वैक्सीनें मंगाने पर जोर दे रहे हैं। लेकिन भारत-नेपाल संबंधों में नया विकास इन परिवर्तनों के प्रति विश्वास पर आधारित होगा। दूसरी ओर ओली का चीन के प्रति पूर्वाग्रही दृष्टिकोण भारी आर्थिक नुकसान के कारण पैदा हुआ है। उन्होंने बीजिंग के साथ परस्पर कानूनी सहायता की संधि पर हस्ताक्षर किए थे जिससे नेपाल में रह रहे लगभग 20,000 तिब्बती शरणार्थियों का जीवन और अधिकार संकट में पड़ गया है। श्रीलंका में चीन के गलत कामों के परिणाम सामने आने के बावजूद वर्तमान नेपाली सरकार का बेल्ट एंड रोड इनीशियेटिव-बीआरआई के प्रति मोह बना हुआ है। भले ही ओली अपने कृत्यों को भारत और चीन के बीच संतुलनकारी रणनीति के रूप में पेश करें, पर उनके कार्यों से दूसरे संकेत मिलते हैं। नेपाल में ओली की राजनीतिक चालबाजियों के लिए चीन ने उदारता से पैसा दिया है। चीन से उनकी निकटता प्रदर्शित करने के लिए मदन भंडारी फाउंडेशन के माध्यम से मिलने वाला पैसा समुचित प्रमाण है।

वर्तमान घटनाक्रम को देखते हुए भविष्य अनिश्चित दिखता है। हालांकि, राजनेता नेपाल को वापस उथल-पुथल वाले समय में नहीं ले जाना चाहते हैं, पर ओली के तानाशाही दृष्टिकोण ने नेपाल को भारी नुकसान पहुंचाया है। राजनीतिक रूप से लोकतंत्र ओली को पसंद नहीं है क्योंकि वे नेपाल में एक पार्टी शासन का सपना देख रहे हैं जहां उनका यूएमएल के भीतर या बाहर कोई राजनीतिक विरोधी न हो। विदेश नीति के मोर्चे पर अपनी विशाल पनबिजली संभावनाओं को देखते हुए नेपाल बिजली पैदा करने में भारतीय विशेषज्ञता का लाभ उठा सकता है। परस्पर लाभदायक योजना से नेपाल की आर्थिक प्रगति का रास्ता खुलेगा। लेकिन नए समझौतों की तो बात दूर, नेपाल भारत के साथ 1996 में हस्ताक्षरित महाकाली जैसी संधियों को ही पुनर्जीवित करने का प्रयास नहीं कर रहा है जो दोनों देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा दे सकती है। इस बीच बीआरआई और ट्रांस हिमालयन रेलवे का सपना दिखा कर चीन ने ओली को अपने पक्ष में किया है। खोखली आर्थिक व विकास रणनीतियों के कारण ओली की महत्वाकांक्षायें नेपाल को अनिश्चित भविष्य की ओर धकेल रही हैं। इस पर नेपाल की जनता के साथ ही भारत समेत दुनिया के अन्य देशों को गहरी नजर रखनी होगी।

# प्रतिरोधी ढांचागत संरचना की अनिवार्यता

> "यह कोविड पश्चात उबरने की प्रक्रिया में योगदान करते हुए जलवायु प्रतिबद्धताओं को पूरा करने की प्रेरणा दे सकता है।"

रिया राहीमान
(लेखिका तकनीकी विशेषज्ञ हैं)



देश जलवायु परिवर्तन और चरम घटनाओं के प्रभाव से जूझ रहे हैं क्योंकि वे लोगों, बुनियादी ढांचे, अर्थव्यवस्थाओं और भविष्य के विकास के लिए विभिन्न जोखिमों का सामना करते हैं। चरम घटनाओं के कारण आर्थिक नुकसान का एक महत्वपूर्ण अनुपात बुनियादी ढांचे के सिस्टम को नुकसान और क्षति के लिए जिम्मेदार ठहराया जाता है, जिससे बुनियादी ढांचे के विकास के लिए आपदा और जलवायु लचीलेपन को एकीकृत करने की आवश्यकता पर जोर दिया जाता है। कोविड-19 महामारी के मामले में, हमने दुनिया भर में बुनियादी ढांचा क्षेत्रों पर अभूतपूर्व प्रभाव देखा है। भले ही इसने भौतिक बुनियादी ढांचे को सीधे नुकसान न पहुंचाया हो, लेकिन इससे अर्थव्यवस्थाओं पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने के साथ, बुनियादी सुविधाओं की सेवाओं में रुकावट आई। प्रकोप लचीला बुनियादी ढांचे में निवेश करने की आवश्यकता का नवीनतम अनुस्मारक है। इसने विभिन्न क्षेत्रों और गरीबी, खराब स्वास्थ्य प्रणाली और अंतर्निहित सामाजिक कल्याण योजनाओं जैसे अंतर्निहित चालकों के लिए प्रणालीगत जोखिमों को उजागर किया और उन्हें समाप्त कर दिया। विभिन्न क्षेत्रों में पैदा हुए जोखिमों ने प्रणालीगत और कैस्केडिंग खतरों और कमजोरियों को समझने और संबोधित करने के लिए दृढ़ता से बाहर लाया।

वैश्विक वसूली के हिस्से के रूप में, बुनियादी ढांचे के निवेश को आर्थिक गतिविधियों को फिर से शुरू करने के उद्देश्य से प्रोत्साहन पैकेजों के एक अनिवार्य हिस्से के रूप में देखा जा रहा है। आर्थिक गिरावट के प्रभावों को कम करने के साथ-साथ रोजगार सृजित करने और प्रतिस्पर्धा में सुधार लाने के प्रयास के रूप में देशों को बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में भारी निवेश की उम्मीद है। कोविड-19 रिकवरी की योजना




बनाते समय स्वास्थ्य और आर्थिक निहितार्थ केंद्र स्तर लेते हैं, लेकिन जलवायु आपातकाल की तात्कालिकता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। महामारी ने स्पष्ट रूप से लचीलेपन को मजबूत करने के लिए सिस्टम के जोखिमों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता को स्पष्ट रूप से सामने लाया है, एक सबक जो कि ध्यान में रखना चाहिए, साथ ही जलवायु परिवर्तन के खिलाफ मार्ग बनाने के लिए। पेरिस समझौते के हिस्से के रूप में अपनी राष्ट्रीय जलवायु कार्य योजना प्रस्तुत करने वाले देशों के साथ, यह जलवायु कार्रवाई के लिए भी एक महत्वपूर्ण वर्ष है। यह महत्वपूर्ण है कि कोविड से उबरने की प्रक्रिया और क्लाइमेट एक्शन प्लान एक दूसरे के पूरक हैं।

कि वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में बुनियादी ढांचे का निर्माण और संचालन 70 प्रतिशत है और गुणवत्ता के बुनियादी ढांचे का प्रावधान सभी सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) में 92 प्रतिशत लक्ष्यों की उपलब्धि को कम करता है। डिजास्टर रिस्क रिडक्शन (एसएफडीआरआर) के लिए सेंडाइ फ्रेमवर्क भी टिकाऊ विकास के लिए आधारशिला के रूप में लचीला बुनियादी ढांचे की भूमिका पर प्रकाश डालता है। चार विशिष्ट लक्ष्य एसएफडीआरआर में नुकसान में कमी से संबंधित हैं, वैश्विक आपदा मृत्यु दर में कटौती, प्रभावित लोगों की संख्या, आर्थिक नुकसान और बुनियादी ढांचे को नुकसान पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

हालांकि, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे का नुकसान कम करने पर एसएफडीआरआर लक्ष्य नुकसान में कमी पर तीन अन्य लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण शर्त है। इसे देखते हुए, वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं जैसे कि जलवायु परिवर्तन, एसडीजी और एसएफडीआरआर लक्ष्यों पर पेरिस समझौते के रूप में वितरित करने के अवसर के लिए बुनियादी ढांचे में निवेश और नीतियों को बढ़ाना चाहिए। हालांकि एसडीजी और एसएफडीआरआर लक्ष्य पर कुछ प्रगति की गई है, लेकिन उनसे मिलने की समग्र कार्रवाई आवश्यक गति से आगे नहीं बढ़ी है।


महामारी ने उनकी प्रगति को और पीछे धकेल दिया है। कोविड-19 रिकवरी का उपयोग इन वैश्विक लक्ष्यों पर प्रगति और एक स्वस्थ, समावेशी और जलवायु के अनुकूल भविष्य के निर्माण के अवसर के रूप में किया जा सकता है। आपदा और जलवायु-लचीले बुनियादी ढांचे में निवेश वैश्विक-प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में बहुत आवश्यक आवेग प्रदान कर सकता है, जबकि कोविड संकट से उबरने की प्रक्रिया में योगदान भी कर सकता है।

## फरमाया



**दिल्ली** में छह लाख बच्चे सीबीएसई की परीक्षा देने जा रहे हैं। करीब एक लाख शिक्षक इसका हिस्सा होंगे। ये बड़े पैमाने पर केंद्र कोरोना के हाटस्पॉट बन सकते हैं।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**जलियांवाला** बाग हत्याकांड में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि। उनका साहस, वीरता और बलिदान हर भारतीय को शक्ति प्रदान करता है।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**मैं** निर्वाचन पैनल के प्रचार प्रतिबंधित करने वाले असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक निर्णय के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करूंगी।

– **ममता बनर्जी**
मुख्यमंत्री पश्चिम बंगाल

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## पशुओं पर अत्याचार रोकें

**अमेरिका** के साऊथ कैरोलिना में एक कुत्ते को भौंकने से रोकने के लिए उसके मुंह पर बिजली के काम में उपयोग किया जाने वाला टेप लपेटने वाले व्यक्ति को पांच वर्ष की जेल की सजा सुनाई। संबंधी खबर कुछ माह पूर्व सुर्ख़ियों में आई थी। जानवरों पर अत्याचार करने वालों पर अंकुश लगना चाहिए। देखा जाए तो कुत्ते खतरा सूंघने मे माहिर होते है। इनके प्रशिक्षण और देखभाल पर सुरक्षा बल गौर कर रहा है। सूंघने कि क्षमता के कारण कुत्ते दस्ते आपदा प्रबंधन में भरोसे लायक सिद्ध हुए हैं। आतंकवादियों द्धारा रखे जाने वाली विस्फोटक पदार्थों को सूंघ कर देश मे होने वाली जान -माल की हानि को ये कम करने मे अपनी अहम् भूमिका अदा करते हैं। विदेशों मे पालतू कुत्तों की भावनाओं को समझने कि दिशा मे जापान द्धारा मशीन भी ईजाद की है। कुत्तों के प्रति जापान ही नहीं भारत मे भी प्राचीन समय मे उनकी भावनाओं को समझा जाता रहा है। पांडवों के हिमालय जाते समय धर्मराज के संग कुत्ता भी साथ था। भारत में कुत्तों के लिये आज हर घर मे रोटी रखी जाती है। खेतों में ,घरों मे सुरक्षा हेतु पाला जाता है। विदेशों मे खासकर ब्रिटेन में कुत्ते की पूंछ काटे जाने का रिवाज है, जिस पर आवाज उठाई जानी चाहिए।

– **संजय वर्मा, मनावर, मप्र**

## राजनीति बनाम कोरोना

**बेलगाम** होती दिख रही, चुनाव के दौरान की राजनीति देश में बढ़ रहे कोरोना के मामलों में आग में घी का काम कर रही। पिछली बार भी मध्यप्रदेश में सरकार बन जाने तक, कोरो ना को हल्के में लिया गया, जिसका खामियाजा पूरा देश सख्त लॉक डाउन के रूप में पालन किया। गौरतलब है कि इतना सब कुछ होने के बावजूद, राजनीतिक पार्टियों के लिए, चुनाव को आयोजन कराना, कितना जायज है, इसका पता सभी देशवासी चुनावी रैलियों से बाखूबी देख सकते हैं। अब की बार भी उसी गलती को दोहराया जा रहा, चुनाव और सत्ता के प्रति बढ़ लालच देश को फिर से लॉक डाउन की ओर मुखातिब कर रहा।राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने ही कहा था, जो बदलाव हम संसार में देखना चाहते हैं, उसके लिए स्वयं अपने अंदर बदलाव लाए। यह कथन सिर्फ आम जनता पर नहीं बल्कि राजनेताओं पर भी लागू होती है।उनकी कथनी और करनी में लगातर बढ़ रही खाई को कम करना चाहिए। दावे और वादे के साथ साथ कामों को सफलतापूर्वक पूर्ण करना भी जिम्मेदारी है। बिहार हो या मुंबई, बच्चे हो या व्यापारी सभी इसका लोकतांत्रिक तरीके से विरोध कर रहे हैं।

– **अमन जायसवाल**, दिल्ली विश्वविद्यालय

## चुनाव में नहीं होता कोरोना

**सावधान!** मिस्टर कोरोना मैं चुनाव हूं समझे! चाहे मैं छोटा हूं चाहे मैं बड़ा हूं पर तुमसे बड़ा हूं। चाहे मैं पंचायत में हूं चाहे मैं नगर निगम में या फिर या फिर शहर में हूं या प्रदेश में. कहीं भी रहूं. मेरे क्षेत्र में कदम तो क्या अपनी बुरी नजर भी भूल से डालने की कोशिश मत करना। मेरे सुरक्षा कवच में सेंध लगाने की भूल भी मत कर बैठना, क्योंकि मैं चुनाव हूं और मेरा काम चुनकर नेता को कुर्सी पर बैठाना है। अगर तुमने मेरे एरिया में घुसपैठ करने की कोशिश की तो मैं तुमको दीवार में चुनकर दफ़न कर दूंगा। मेरे क्षेत्र में सिर्फ और सिर्फ नेता, मतदाता और रैली में भाग लेने वालों को ही मास्क ना लगाने की छूट इसलिए है क्योंकि तुम उनका कुछ नहीं बिगाड़ सकते। इसलिए कि मैं वहां हर पल व हर क्षण मौजूद हूं और उनपर मेरी पैनी नजर व मेरा सख्त सुरक्षा कवच बना हुआ है। जैसे कोई वस्तु वाटर प्रूफ होती है, शॉक प्रूफ होती है वैसे ही मेरा चुनाव क्षेत्र कोरोना प्रूफ है। इसलिए बेफिक्र होकर नेतागण रैलियां करें, भाषण दें, आम लोग उसमें बेझिझक भाग लें और मतदाता निश्चिंत होकर मतदान करें।

– **शकुंतला महेश नेनाव**, इंदौर

## अपनी पूरे संसाधन और संकल्पशक्ति के साथ कोविड के मुकाबले में जुटा प्रशासनिक तंत्र, चौबीस घंटे रात-दिन ड्यूटी कर रहे कोरोना वारियर्स

# सबसे बड़ी विपदा, थामने प्रशासन निभा रही भूमिका

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



कोरोना की दूसरी लहर पहली की तुलना में कई गुना तेज है और तेजी से लोगों को संक्रामित कर रही है। पिछ्ली बार जहां पीक में कोरोना से अधिकतम 400 पाजिटिव मरीज आए थे, इस बार अधिकतम 2200 तक मरीज एक ही दिन में आए हैं। इस तरह से देखा जाए तो दुर्ग जिला अपने इतिहास की सबसे असाधारण आपदा का सामना कर रहा है। संकट के बीच उज्ज्वल पक्ष यह भी है कि प्रशासन ने अपने पूरे संसाधन और संकल्पशक्ति इस आपदा को रोकने में झोंक दी है। बीते दो दिनों में कोरोना वायरस के केसेज में कुछ स्लोडाउन हुआ है वो इसे इंगित करता है। इन बिन्दुओं में देखें तो हमें पता चलता है कि कितने बड़े स्तर पर कार्य दुर्ग में कोरोना वारियर्स कर रहे हैं।

**टेस्टिंग और ट्रेसिंग-** शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने टेस्टिंग, ट्रेसिंग और ट्रीटमेंट पर फोकस करने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं। पिछ्ली लहर में अधिकतम हजार टेस्ट हो रहे थे। इस बार चार हजार टेस्ट हर दिन हो रहे हैं। पीपीई किट के भीतर पसीना बहाते कोरोना वारियर्स जाने अपने सेंटर में कितने लोगों का टेस्ट कर रहे हैं। उनकी मेहनत को जज्बे को सलाम हैं। टेस्टिंग के बाद ट्रेसिंग भी अहम टास्क है। इसमें टाइम मैनेजमेंट काफी मजबूत हुआ है। ट्रेसिंग का डाटा अभी 90 प्रतिशत है। कभी-कभी मरीज गलत मोबाइल नंबर या एड्रेस दे देते हैं जिससे लोकेट करने में उन्हें तकलीफ होती है।

**आक्सीजन बेड्स और हास्पिटल इंफ्रास्ट्रक्चर-** कोविड में बड़ी दिक्कत आक्सीजन लेवल लो हो जाने की होती है। ऐसे में सभी हास्पिटल में हास्पिटल बेड्स और आक्सीजन बेड्स युद्धस्तर पर बढ़ाये जा रहे हैं। जिला चिकित्सालय में कोविड के 100 बेड और रेस्पिरेटरी के 60 बेड की सुविधा दी गई है। चंदूलाल चंद्राकर कोविड केयर हास्पिटल में 400 बेड हैं। सुपेला अस्पताल में 80 बेड तथा कुम्हारी में 20 बेड हैं। पाटन में 100 बेड, झीठ में 20 बेड तथा धमधा में 40 बेड का सेंटर खोला गया है। इसके अलावा सामाजिक संगठन भी काफी आगे आकर कोविड मरीजों को सामान्य बेड एवं आक्सीजन बेड उपलब्ध करा रही हैं। महावीर कोविड केयर सेंटर में 100 लोगों के इलाज की सुविधा है इसमें 15 आक्सीजन बेड उपलब्ध हैं। अग्रवाल समाज के भवन में 21 बेड हैं जिनमें 18 आक्सीजन बेड हैं। शासकीय अस्पतालों और कोविड सेंटर में इस तरह से छह सौ मरीजों के लिए आक्सीजन बेड की सुविधा है। इसमें लगातार इजाफा किया जा रहा है। सेक्टर-9 हास्पिटल में पहले 30 बेड थे अब 400 बेड में मरीजों को सुविधाएं दी जा रही हैं। हर दिन अतिरिक्त आक्सीजन बेड की उपलब्धता बढ़ाई जा रही है और इस पर युद्धस्तर पर कार्य हो रहा है।

**होम आइसोलेशन कंट्रोल सेंटर-** होम आइसोलेशन कंट्रोल सेंटर के माध्यम से लगभग तेरह हजार मरीजों की हर दिन स्वास्थ्य देखभाल की जा रही है। इन्हें मेडिकल किट उपलब्ध कराया जा रहा है। मरीज की स्थिति के अनुरूप जरूरत पड़ने पर हायर सेंटर रिफर करने का निर्णय लिया जाता है। इसके लिए विज्ञान विकास केंद्र में कंट्रोल रूम बनाया गया है। काल सेंटर और एंबुलेंस के लिए हेल्पलाइन- काल सेंटर तथा हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से लोगों की हर संभव सहायता की जा रही है। इसके साथ ही डेडिकेटेड कोविड सेंटर के लिए नियुक्त किये गए चिकित्सक, स्टाफ नर्स एवं वार्ड ब्वाय- कोविड हास्पिटल के लिए पांच डाक्टरों की नई नियुक्ति के साथ ही डीएमएफ और एनएचएम के माध्यम से 70 स्टाफ नर्स, डीएमएफ के माध्यम से 46 स्टाफ नर्स तथा डीएमएफ के माध्यम से 60 वार्ड ब्वाय नियुक्त किये गए हैं। अभी विशेषज्ञ चिकित्सकों सहित सात पदों के लिए साक्षात्कार भी लिये जा रहे हैं। साक्षात्कार में चयनित होते ही इन्हें डेडिकेटेड कोविड केयर सेंटर में नियुक्त कर दिया जाएगा।

**कोविड एप्रोप्रिएट बिहैवियर के लिए किया जा रहा जागरूक-** लोगों को मास्क पहनने एवं कोविड एप्रोप्रिएट बिहेवियर करने जागरूक किया जा रहा है।

# लॉकडाउन का कड़ाई से पालन करवाने एसएसपी मीणा ने स्वयं संभाली कमान



पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

लॉकडाउन का कड़ाई से पालन करवाने जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इन दिनों खुद कमान संभाले हुए हैं। लॉकडाउन का सख्ती से पालन करवाने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह मीणा ने मंगलवार को बालोद जिला मुख्यालय सहित गुरुर व गुंडरदेही में फ्लैग मार्च किया। जिला मुख्यालय के प्रमुख चौक-चौराहे व मार्ग जैसे गंजपारा, दल्ली चौक, घड़ी चौक, सदर रोड, बुधवारी बाजार, मधु चौक, जय स्तम्भ चौक में फ्लैग मार्च किया। साथ ही लोगों से अपील करते हुए कहा कि बढ़ते कोरोना के मद्देनजर लगे लॉकडाउन की गाइडलाइन का पालन करे। अपने घरों में रहे सुरक्षित रहे। इस दौरान डीएसपी दिनेश सिन्हा, बालोद थाना प्रभारी जीआर ठाकुर, तहसीलदार रश्मि वर्मा, नायब तहसीलदार चांदनी देवांगन, सहित तमाम पुलिस व यातायात के अधिकारी मौजूद रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह मीणा ने पायनियर से कहा कि जिले में लॉकडाउन प्रभावी हैं। ये लॉकडाउन कैसे अधिक से अधिक सफल हो सके, कैसे कोरोना संक्रमण की चेन को ब्रेक किया जा सकता हैं। लोग अधिकांश अपने घरों में रहकर इस कोरोना संक्रमण की जो चेन है। उसको तोड़ने में सफलता दिला सकते हैं। इसमें लोगों का लगातार भरपूर सहयोग मिल रहा है। मीणा ने आगे कहा कि बहुत ही इमरजेंट सिचुवेशन को छोड़कर प्रायः जिले के सभी स्थानों में लॉकडाउन के जो दिशा-निर्देश हैं। उनका पालन किया जा रहा है। पुलिस पूरी तरह से सजग है, अलर्ट है। हमारे पुलिस के न सिर्फ जवान जो चौक-चौराहों पर तैनात हैं। बल्कि सभी अधिकारी ये सुनिश्चित कर रहे हैं, कि लॉकडाउन के जो दिशा-निर्देश हैं।

### चेकपोस्ट पर पुलिस के अलावा स्वास्थ्य अमला भी तैनात

मीणा ने आगे कहा कि जिले के जो सीमावर्ती पॉइंट्स हैं। ऐसे 9 पॉइंट्स पर इंटरडिस्टिक चेकपोस्ट प्रभावी है। इन चेकपोस्ट पर पुलिस के अलावा प्रशासनिक और स्वास्थ्य अमला भी वहां पर तैनात है। इनके साथ-साथ स्थानीय कोटवारों की भी उसमें ड्यूटी लगाई गई हैं। उन पॉइंट्स पर यह सुनिश्चित किया जा रहा है, कि जो भी व्यक्ति प्रवेश कर रहा है। कोविड अप्रोप्रिएट बिहैवियर का पालन करे। वो यदि बाहर से आया हुआ व्यक्ति हैं। तो उसका टेस्ट सुनिश्चित किया जा रहा है और बाद ही उसके गंतव्य के लिए जाने दिया जा रहा है।

### चालानी कार्यवाही की जा रही- मीणा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह मीणा ने आगे कहा कि जो फ्लैगमार्च का उद्देश्य रहता है। वो इस तरह के गैर जरुरी मूवमेंट है। जो आवाजाही है। उस पर पूर्णतः अंकुश लगाने के दृष्टिकोण से ही फ्लैगमार्च किया जाता है। यथा संभव शहर के सभी नागरिकों का इसमें सहयोग मिल रहा है। इक्का दुक्का यदि इसका वॉयलेशन होता है। तो विधि सम्मत उसपर सख्त कार्यवाही भी की जा रही है। ना सिर्फ एमवी एक्ट के तहत बल्कि जो भी कोविड अप्रोप्रिएट बिहेवियर का उल्लंघन करता है। तो उसके विरुद्ध में चालानी कार्यवाही की जा रही है।

# लॉकडाउन में व्यवस्था बनाए रखने भिलाई निगम की टीम मुस्तैद, निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने अधिकारियों को दी जिम्मेदारी

पायनियर संवाददाता < भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लॉकडाउन का आदेश जारी किया गया है। वहीं दूसरी ओर बढ़ते हुए कोरोना संक्रमण के कारण निगम क्षेत्र के नागरिकों को समस्या न हो इसके लिए निगम आयुक्त रघुवंशी ने व्यवस्था को दुरूस्त बनाए रखने के लिए अधिकारी/कर्मचारियों को जिम्मेदारी दिया है, ताकि किसी व्यक्ति द्वारा संपर्क करने पर समस्या का निदान किया जा सके। पूर्ण लॉकडाउन का पालन कराने निगम के मोबाइल टीम दो पालियों में लगातार निगम क्षेत्र का दौरा कर शासन के नियमों का पालन कराने निरीक्षण कर रहे है। पूर्ण लॉकडाउन में निगम क्षेत्र के नागरिकों को समस्या आने पर भटकना न पड़े इसके लिए भिलाई निगम के अधिकारी/कर्मचारियों को अलग-अलग कार्य के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई ताकि कोरोना संक्रमण की चेन को तोड़ने घरों में रहने वाले लोगों को परेशानी न हो और व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित होता रहे। साफ-सफाई एवं सेनेटाइज के लिए जोन 01 अंकित सक्सेना 7389605812, जोन 02 अनिल मिश्रा 9753268154, जोन 03 आरपी तिवारी 9425595428, जोन 04 महेश पाण्डेय 7898438233 एवं जोन 05 यशवंत मसकरे 9302728061, पेयजल एवं स्ट्रीट लाईट से संबंधित शिकायत के लिए जोन 01 सहा अभियंता सुनील दुबे 9300769151, जोन 02 सहा. अभियंता के.के. गुप्ता 8770346621, जोन 03 सहा अभियंता वसीम खान 9039170956, जोन 04 सहा अभियंता अखिलेश चन्द्राकर 9893631894। लॉकडाउन के दौरान जरूरतमंदों को भोजन पैकेट उपलब्ध कराने हेतु अजय शुक्ला 8839271595, होम आईसोलेशन में कोविड पॉजिटीव मरीजों को दवाई पहुंचाने हेतु नोडल अधिकारी पी.सी. सार्वा 9425512559, होम आईसोलेशन उपचार के दौरान मृत्यु होने पर अंतिम संस्कार हेतु नोडल अधिकारी कृष्णा देशमुख 8839211151, लॉकडाउन के दौरान दुकानदार द्वारा ज्यादा कीमत में सामान बेचने तथा होम आईसोलेशन में स्टीकर चस्पा करने जोन 01 शरद दुबे 9827153671, जोन 02 संजय वर्मा 9669332966, जोन 03 परमेश्वर चंद्राकर 9826947891, जोन 04 बालकृष्ण नायडू 9425245007, जोन 05 मलखान सिंह सोरी 9977421330।

### कोरोना वायरस के लिए दोनों टीका लगाना जरूरी : कलेक्टर

**कवर्धा।** कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने कहा कि आज पूरा देश कोरोना वायरस के संक्रमण से जुझ रहा है। राज्य और जिलें में लगातार इसके प्रकरण बढ़ रहे है। उन्होने कहा कि इस संक्रमण के बचने के लिए जरूरी उपायों के साथ-साथ कोरोना वैकिसनेशन भी जरूरी है। उन्होने बताया कि गाईडलाईन के अनुसार कोरोना टीका के दो डोज लगाए जाते है। उन्होंने कहा कि एक डोज लगाने के बाद दूसरा डोज भी लगाना जरूरी है। चिकित्सकों के मुताबिक कोरोना टीका हमारे शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में कारगार साबित हो रहा है। कलेक्टर ने 45 वर्ष पूरा कर चुके जिले के सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने नजदीकी टीकारण केन्द्र में पहुंचकर कोरोना का टीका लगाए। उन्होने यह भी कहा कि टीकाकरण करने के बाद चिकित्सकों द्वारा बताए गए परामर्श का पालन करें।

# सहसपुर लोहारा विकाखण्ड में 16915 लोगों को लगाया गया कोरोना टीका



पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

सहसपुर लोहारा में 16915 लोगों को लगाया गया कोरोना टीकासहसपुर लोहारा विकाखण्ड के खण्ड चिकित्साअधिकारी डॉ. खरसन ने बताया कि सहसपुर लोहारा विकासखण्ड में नागरिकों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाने के लिए टीकाकारण किया जा रहा है। विकासखण्ड के 22 स्वास्थ्य केन्द्रों को टीकाकरण केन्द्र बनाए गए है। सहसपुर लोहारा विकासखण्ड के इन केन्द्रों के द्वारा अब तक 16915 नागरिकों, कोरोना फंट वर्करों को प्रथम टीका लगाया गया है। इसी तरह 1598 लोगों को दूसरा टीका लगाया गया है। दूसरा टीका के लिए निर्धारित समय दिए गए है। उस निर्धारित समय में टीकाकरण किया जा रहा है।

### बोड़ला विकासखंड अंर्तगत विभिन्न ग्राम कंटेन्मेंट जोन घोषित

**कवर्धा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रमेश कुमार शर्मा ने कोविड-19, कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण के रोकथाम एवं नियत्रंण के तहत बोड़ला विकासखंड अंतर्गत ग्राम पोड़ी के वार्ड क्रमांक 2 कालोनी पारा, ग्राम बम्हनी में 11 प्रकरण, ग्राम झलमला में 10 प्रकरण, ग्राम खैरबना में 10 प्रकरण, ग्राम राजानावांगांव में 10 प्रकरण और ग्राम बाघूटोला में कोरोना परीक्षण के दौरान 12 पॉजिटीव केस पाए जाने पर क्षेत्र को कन्टेन्मेंट क्षेत्र घोषित किया है। कंटेन्मेंट जोन के लिए प्राप्त दिशा-निर्देश अनुसार विभिन्न गतिविधियॉ निर्धारित हैं, जिसके तहत अत्यावश्यक सेवाओं जैसे-खाद्य आपूर्ति, आपातकालीन चिकित्सा सेवा को छोड़कर शेष सेवाएं पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगी। कंटेन्मेन्ट जोन के अंतर्गत सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध रहेगा। मेडिकल इमरजेंसी को छोड़कर अन्य किसी भी कारणों से घर से बाहर निकलना प्रतिबंधित होगा, कंटेन्मेंट जोन की निगरानी के लिए लगातार पुलिस पेट्रोलिंग की जायेगी, जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा संबंधित क्षेत्र में स्वास्थ्य की निगरानी एवं निर्देशानुसार जांच के लिए सेम्पल लिया जाना सुनिश्चित किया जायेगा, प्रभारी अधिकारी कन्टेन्मेंट जोन में घर पहुंच सेवा के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे, कंटेन्मेंट जोन में बैंको में ग्राहक सेवा पूर्णतः बंद रहेगा।

# पंडरिया विकासखंड अंर्तगत ग्राम किशुनगढ़ के उक्त क्षेत्र कंटेन्मेंट जोन घोषित

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रमेश कुमार शर्मा ने कोविड-19, कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण के रोकथाम एवं नियत्रंण के तहत पंडरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम किशुनगढ़ के में कोरोना परीक्षण के दौरान 16 पॉजिटीव केस पाए जाने पर उक्त क्षेत्र को कन्टेन्मेंट क्षेत्र घोषित किया है।

कंटेन्मेंट जोन के लिए प्राप्त दिशा-निर्देश अनुसार विभिन्न गतिविधियॉ निर्धारित हैं, जिसके तहत अत्यावश्यक सेवाओं जैसे-खाद्य आपूर्ति, आपातकालीन चिकित्सा सेवा को छोड़कर शेष सेवाएं पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगी। कंटेन्मेन्ट जोन के अंतर्गत सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध रहेगा। मेडिकल इमरजेंसी को छोड़कर अन्य किसी भी कारणों से घर से बाहर निकलना प्रतिबंधित होगा, कंटेन्मेंट जोन की निगरानी के लिए लगातार पुलिस पेट्रोलिंग की जायेगी, जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा संबंधित क्षेत्र में स्वास्थ्य की निगरानी एवं निर्देशानुसार जांच के लिए सेम्पल लिया जाना सुनिश्चित किया जायेगा, प्रभारी अधिकारी कन्टेन्मेंट जोन में घर पहुंच सेवा के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे, कंटेन्मेंट जोन में बैंको में ग्राहक सेवा पूर्णतः बंद रहेगा। कलेक्टर शर्मा ने पंडरिया विकासखंड के ग्राम किशुनगढ़ के उक्त क्षेत्र कंटेन्मेंट जोन के लिए प्रभारी अधिकारी तहसीलदार पंडरिया संजय विश्वकर्मा और पर्यवेक्षण अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया दिलेराम डाहिरे को नियुक्त किया है।

# 255 केंद्रों में 20 हजार से अधिक हितग्राहियों ने तीन दिन में लगवाया कोरोना का टीका

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



कोविड-19 टीकाकरण अभियान के दौरान 45 साल उम्र पार कर चुके हितग्राहियों को महामारी से बचाने के लिए टीकाकरण ने जोर पक? लिया है। जिले भर में 236 शासकीय व 19 निजी संस्थाओं सहित 255 वैक्सीनेशन साइटों में रविवार को 7730, सोमवार को 7899 और मंगलवार को 5105 हितग्राहियों सहित तीन दिन में लॉकडाउन का असर होने से 20,734 लोगों ने कोरोना का टीका लगाया गया। इधर, तमाम संगठन कोरोना टीकाकरण के लिए आगे आ रहे हैं। शिविर लगाकर 45 साल से ज्यादा उम्र के लोगों को वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अब तक जिले में 3.61 लाख से अधिक हितग्राहियों ने टीका लगवा लिया है। जिले में 60 से लेकर 45 साल से अधिक आयु वर्ग के पात्र 4.33 लाख लोगों में से 83 प्रतिशत हितग्राहियों को टीके लग गए हैं। वहीं आज 4081 लोगों को सेम्पल जांच किया गया जिसमें 1755 लोग पॉजेटिव पाए गए। कोरोना महामारी से इलाज कराते हुए अस्पताल में आज 18 लोगों की मौत हो गई है।

### महामारी में पीड़ितों की मदद के लिए सामाजिक संस्थाएं तत्पर

कोविड-19 महामारी में पीड़ितों की मदद के लिए इस समय प्रदेश की सामाजिक संस्थाएं नव दृष्टि फाउंडेशन, छत्तीसगढ़ ब्लड डोनर फाउंडेशन, ओम साईं रक्त दाता सेवार्थ समिति, रेडड्रॉप फाउंडेशन, छत्तीसगढ़ मारवाड़ी युवा मंच, उम्मीद एक किरण फाउंडेशन, छग प्रांतीय अग्रवाल संगठन, आशीर्वाद ब्लड बैंक व साईनाथ जन सेवा समिति के सदस्य लगातार लोगों की सहायता में जुटे हैं। नेहरू नगर स्थित आशीर्वाद ब्लड बैंक में रोज गंभीर मरीजों के लिए प्लाज्मा दान किया जा रहा है। इस कड़ी में पूर्वी आढ़तिया ने एक बच्चे के लिए अपना प्लेटलेट्स दान किया। सतीश ठक्कर, भावार्थ ठक्कर पिता-पुत्र ने राजनांदगांव से आकर प्लाज्मा दान किया।

# रमजान त्यौहार के लिए दिशा निर्देश जारी


पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रमेश कुमार शर्मा ने कोरोना वायरस, कोविड-19 के संक्रमण के नियंत्रण एवं रोकथाम को दृष्टिगत रखते हुए तथा वर्तमान में कबीरधाम जिले में कोरोना पॉजिटिव प्रकरणों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। जिसे रोकने एवं नियंत्रण में रखने हेतु सभी संबंधित उपाय अमल लाया जाना उचित एवं आवश्यक हो गया है। जिसे दृष्टिगत रखते हुए रमजान का पवित्र महीना प्रारंभ हो रहा है जिसके संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए है। कोरोना संकमण के प्रसार एवं रोकथाम को दृष्टिगत रखते हुए रमजान पर्व के दौरान मस्जिद मदरसा, दरगाह आदि के लिए निर्देश जारी किए है। जारी आदेश के अनुसार कोरोना संक्रमण के रोकथाम हेतु जारी प्रतिबंधात्मक आदेशों, निर्देशों का पालन करते हुए रमजान का पवित्र माह सादगी से मनाया जाए। ईदगाहों में सार्वजनिक नमाज नहीं पड़ी जाएगी, परन्तु समाज के प्रमुख (मौलाना सहित) 6 लोग मास्क पहनकर, फिजिकल डिस्टेसिंग का पालन करते हुए नमाज पड़ी जा सकेगी। बेवजह घूमने वालों पर कार्यवाही की जाएगी। रमजान का त्यौहार अपने घर में ही मनाई जाए। त्यौहार के दौरान कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण से बचाव के जारी प्रतिबंधात्मक आदेशों, निर्देशों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित किया जाए। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

**मुख्यमंत्री बघेल और वनमंत्री अकबर के मंशानुरूप कलेक्टर ने ली जिले के सामाजिक संगठनों और समाजसेवी संस्थानों की बैठक**

# कबीरधाम जिले में कोरोना संक्रमण से लोगों को बचाने समाजिक संगठनों ने बढ़ाए मदद के हाथ

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



कबीरधाम जिले में कोविड-19 कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण के प्रभावी रोकथाम, नियंत्रण और प्रभावित मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो इसके लिए जिले के विभिन्न सामाजिक संगठनों, सामाजसेवी संस्थानों और व्यक्तिगत रूप से राज्य शासन और जिला प्रशासन के सहयोग के लिए मदद के हाथ आगे बढ़ रहे है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और केबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर के मंशानुरूप कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने आज जिला कार्यालय में जिले के विभिन्न सामाजिक संगठनों, समाजसेवी संस्थानों और समाज प्रमुखों की बैठक ली। कोरोना प्रोटोकॉल को विशेष ध्यान में रखते हुए समजिक संगठनों और समाज प्रमुखों की बैठक अलग-अलग दिनों में आगे भी आहूत की जाएगी। कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में विभिन्न समाज और संगठनों द्वारा सामने आकर 9 लाख 91 हजार रूपए ऑक्सीजन सिलेण्डर व्यवस्था युक्त बेड्स की उपलब्धता के लिए दान किए है। बैठक में जैन समाज से 1 लाख रूपए, ब्राम्हण समाज से 1 लाख रूपए, गुप्ता समाज से 1 लाख रूपए, लालजी चंद्रवंशी (व्यक्तिगत रूप) से 1 लाख रूपए, जिला साहू समाज से 1 लाख रूपए, सिक्ख समाज से 1 लाख रूपए, कन्हैया अग्रवाल ने अपने बेटे अंकित अग्रवाल के जन्मदिन के अवसर पर (व्यक्तिगत रूप) से 2 लाख 51 हजार रूपए, मॉं. विध्यवासिंनी समिति से 50 हजार रूपए, मुस्लिम समाज की ओर से 50 हजार रूपए, तब्लीग जमात की ओर से 50 हजार रूपए जिले में कोविड केयर सेंटर तैयार करने के लिए दान दिए है। कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने सभी समाज एवं संगठन से अपील करते हुए कहा कि दान की प्रक्रिया आगे भी अभी जारी रहेगी। जिस समाज, संगठन आगे आकर मदद करना चाहते है वो भी मदद कर सकते है। बुधवार को सामाजिक-धार्मिक संगठनों, समितियों की बैठक लेकर और चर्चा की गई। कबीरधाम जिले में कोरोना वायरस कोविड-19 के बढ़ते प्रकरणों व अन्य नजदीकी जिलों के हालात को देखते हुए जिले के निकट भविष्य में और अधिक ऑक्सीजन सिलेंडर की जरूरत को देखते हुए कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा द्वारा जिले के समाज प्रमुख, सामाजिक, धार्मिक संगठनों और समितियों से कोरोना संक्रमित लोगों के लिए ऑक्सीजन सिलेंडर दान करने की अपील किए गए है। कबीरधाम जिले में कोरोना से संक्रमण से प्रभावित व्यक्तियों के बेहतर इलाज के लिए समाज प्रमुख, सामाजिक, धार्मिक संगठनों और समिति के सदस्य भी आगे आएं है। दान की प्राक्रिया अभी जारी है। सभी समाज, संगठन प्रमुखों का कलेक्टर शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ विजय दयाराम के, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एस.के. मंडल, डिप्टी कलेक्टर अनिल सिदार, नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा, कन्हैया अग्रवाल, लालजी चंद्रवंशी, राजेन्द्र बोथरा, ओमकार गुप्ता, शिवकुमार गुप्ता, गीता शरण गुप्ता, महेन्द्र गुप्ता, अजहर खान, संतोष बोथरा, दलजीत पाहुजा, शीतल साहू, संतोष बोथरा, अभय कुमार, अतुल देशलहरा सहित विभिन्न समाज और संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि कोरोना वायरस, कोविड-19 महामारी का प्रकोप छत्तीसगढ़ सहित कबीरधाम जिले में बढ़ रहा है। जिले में भी इसकी चपेट में अनेक लोग आ चुके हैं और इसकी वजह से बहुत सी जानें भी जा चुकी है। भारत एवं राज्य सरकार व जिला प्रशासन हर स्तर पर जिले में कोरोना नियंत्रण का हर सम्भव प्रयास जारी है। वर्तमान में कबीरधाम जिले में इमरजेंसी के लिए 200 ऑक्सीजन की व्यवस्था युक्त बेड्स की उपलब्धता है। कोरोना के बढ़ते प्रकरणों व अन्य नजदीकी जिलों के हालात को देखते हुए जिले को निकट भविष्य में और अधिक ऑक्सीजन सिलेंडर की जरूरत पड़ सकती है। कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने कबीरधाम जिले वासियों से अपील करते हुए कहा है कि जिले के आर्थिक रूप से सक्षम व इच्छुक समस्त लोगों, सामाजिक-धार्मिक संगठनों, समितियों से आग्रह है कि कोरोना संक्रमित लोगों के लिए ऑक्सीजन सिलेंडर दान करें, जिससे कि जरूरतमंदों को समय पर ऑक्सीजन मुहैया कराई जा सके। इसके लिए कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मोबाइल नम्बर पर सीधे संपर्क या व्हाट्सअप कर सकते हैं।

### 24 को आयोजित राज्य स्तरीय लोक अदालत स्थगित

**कवर्धा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार 24 अप्रैल 2021 को राजस्व न्यायालयों में राज्य स्तरीय लोक अदालत का आयोजन किया गया था। वर्तमान में कोरोना वायरस, कोविड-19 के दैनिक नये मामलों में तेजी से वृद्धि को देखते हुए 24 अप्रैल 2021 को आयोजित राज्य स्तरीय लोक अदालत को आगामी आदेश पर्यन्त स्थगित कर दिया गया है।

## क्विक न्यूज

### भीम राव अम्बेडकर की जयंती पर भाजपा अजजा मोर्चा ने माल्यर्पण किया




**मुंगेली।** भारतीय जनता पार्टी एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के द्वारा भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ भीम राव अम्बेडर की जयंती की पूर्व संध्या पर करही जनपद पंचायत स्थित डॉ भीमराव अम्बेडकर के मूर्ति पर दीप प्रज्वलित कर माल्यर्पण किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष शैलेश पाठक ,नगर भाजपा अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह,ग्रामीण मण्डल महामंत्री नीतेश भारद्वाज,नगर भाजपा महामंत्री मुकेश रोहरा,सुनील पाठक,आशीष मिश्रा, प्रदीप पाण्डेय, आसिफ खोखर, अनिल पात्रे, जितेंद्र दिवाकर आदि उपस्थित रहे।

### नजूल भूमि के नीलामी आगामी आदेश तक स्थगित

**मुंगेली।** मुंगेली जिले के नजूल अधिकारी एवं सयुक्त कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल ने आज यहां बताया कि मुंगेली नगर स्थित नजूल भूमि शीट नम्बर 40 प्लाट नम्बर 13 में से क्षेत्रफ्ल 70 वर्गमीटर एवं नजूल भूमि शीट नंम्बर 40 प्लाट नंबर 13 में से क्षेत्रफ्ल 50 वर्ग मीटर का खुली नीलामी आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। जिले में 14 अप्रैल से 21 अप्रैल तक लॉक डाउन होने के कारण नीलामी स्थगित कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि खुली नीलामी 15 अप्रैल 2021 को किये जाने हेतु ईश्तहार प्रकाशन किया गया था।

### किराए के मकान में महिला चला रही थी मयखाना



**रायगढ़।** कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब पर एक और बड़ी कार्यवाही करते हुए लॉकडाउन के बीच अवैध रूप से शराब बिक्री करने के लिए घर में रखे लगभग 30000 की अवैध शराब जप्त करते हुए महिला को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि ढिमरापुर के अशोक विहार कालोनी के पास एक महिला अपने मकान में शराब अधिक मात्रा में रखी है। जिस पर टीआई ने महिला प्रधान आरक्षक सहित अन्य स्टाफ के साथ उस घर मे दबिश दिया। जांच करने पर 30 नग बियर, 70 नग गोवा, 20 नग पार्टी स्पेशल, 80 नग देशी शराब, 9 नग बॉम्बे टू गोवा, 25 नग कैप्टिन सहित चार नग विदेशी शराब पाया गया। इस मामले में पुलिस ने एक महिला जिसकी उम्र 32 साल है उसके खिलाफ 34,2 59 क के तहत उसे गिरफ्तार कर रिमांड में लिया गया है। जप्त शराब की कीमत 30 हजार बताया जा रहा है।

# लॉकडाउन... सूनसान हुई सड़कें, लोग घरों में कैद

- **एसपी कलेक्टर निकले लॉकडाउन का जायजा लेने, अधिकारियों को दिए कई निर्देश**

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com





कोरोना का कहर लगातार रायगढ़ जिले में भी बढ़ते जा रहा है और इसे लेकर प्रशासन ने 14 से लेकर 22 तक जिले में लॉकडाउन का आदेश जारी कर दिया। इससे बुधवार को लॉकडाउन के पहले दिन शहर का नजारा कुछ इस तरह था कि सड़कें सूनसान थी, शहर के सभी दुकानों में ताले लटके हुए थे और पुलिस के जवान चौक चौराहों पर सुरक्षा को लेकर तैनात थे। जरूरतमंद लोग ही घरों से बाहर निकल रहे थे, जिन्हें पुलिस के द्वारा रोककर पूछा जा रहा था और बेमतलब के लोगों को घर से बाहर नहीं निकलने की समझाईश दी जा रही थी। विदित हो कि कोरोना संक्रमण लगातार प्रदेश भर में फैलते जा रहा है। इसे देखते हुए पहले रायपुर, दुर्ग में लॉकडाउन लगाया गया फिर धीरे धीरे प्रदेश के अन्य जिलों में भी लॉकडाउन का आदेश जारी किया गया। करीब तीन दिन पूर्व जिला प्रशासन द्वारा रायग? जिले में 14 से 22 अप्रैल तक कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया। जहां आज सुबह से लॉकडाउन को लेकर शहर की कोई भी दुकानें नहीं खुली और लोग अपने घरों में ही रहे। जरूरतमंद लोग ही घरों से बाहर निकल रहे थे। लॉकडाउन के पहले दिन कलेक्टर भीम सिंह व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह शहर का की सुरक्षा व व्यवस्था का जायजा लेने के लिए निकले। जहां सुभाष चौक पर काफी देर तक कलेक्टर व अन्य अधिकारियों ने कई स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद कलेक्टर व एसपी रायगढ़ रेलवे स्टेशन पहुंचे। जहां स्टेशन मास्टर से यात्री गाड़ी व आने जाने वाले यात्रियों की सुविधा व व्यवस्था के संबंध में चर्चा की गई और कई प्रकार की व्यवस्थाओं को सुधारने के बारे में भी कहा गया। इसके अलावा सत्तीगुड़ी चौक, केवड़ाबाड़ी बस स्टैण्ड चौक, ढिमरापुर सहित अन्य चौक चौराहों में लॉकडाउन संबंधी व्यवस्था का जायजा लिया गया।

**तेज गर्मी में डटे हैं जवान-** कोरोनों के बढ़ते आकड़े को देखकर लॉकडाउन लगाया गया है और कोरोना संक्रमण से बचाने के लिए लोगों को इस भीषण गर्मी में भी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी डटे हुए हैं। पुलिस के जवान गर्म हवाओं के बीच सुबह से लेकर देर रात तक खुले आसमान के नीचे या एक टेंट मात्र के सहारे चौराहों पर तैनात व पेट्रालिंग कर रहे हैं। सड़कों पर अगर कोई नजर आ रहा है, तो उससे पूछताछ किया जा रहा है और अनावश्यक घूमने वालों को घरो में रहने की समझाईश दी जा रही है।

**संक्रमण के चक्र को तोड़ने लॉकडाउन-** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह का कहना है कि आज से लॉकडाउन शुरू हो गया है और जिला प्रशासन, नगर निगम व पुलिस की व्यवस्था लगाई गई है। इस लॉकडाउन में अनावश्यक घूमनें वालों पर सख्ती भी बरतना है। वहीं इंटर स्टेट बार्डर पर 22 चेक पांईट लगाए गए हैं। छोटे रास्तों पर भी चेक प्वाईंट लगाए गए हैं। साथ ही पूरे नगरीय, ग्रामीण क्षेत्रों में लॉकडाउन के लिए पुलिस की डयूटी लगाई गई है और पेट्रोलिंग भी की जा रही है। हमारी पूरी कोशिश है कि जिस उद्देश्य से लॉकडाउन लगाया गया है कि संक्रमण के चक्र को तोड़ा जा सके। लॉकडाउन में कोई भी अनावश्यक घूम न सके और कोई घूमते पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। आज लॉकडाउन के नियमों का उल्लंघन करने वाले लगभग एक दर्जन लोगों के खिलाफ अलग अलग धाराओं के तहत एफआईआर किया गया है। साथ-साथ बिना मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग पर फाईन किया जा रहा है।

> आज लॉकडाउन का पहला दिन है। हम देख रहे हैं सभी दुकाने बंद हैं, लोग घरों में हैं कोई भी बाहर नहीं निकल रहा। सभी लोगों से अपील है कि लॉकडाउन का पालन किया जाए। जिसे दवाई की जरूरत है वे दवाई लेने जा सकते हैं वैक्सिनेशन के लिए कोई रूकावट नहीं है, अपना पहचान पत्र साथ में रखे। सभी लोग वैक्सिन जरूर लगाए।
> **भीम सिंह,** कलेक्टर, जिला रायगढ़

## कलेक्टर और एसपी ने किया पैदल फ्लैग मार्च



- **अनुशासित रहने और कंटेनमेंट के नियमों का पालन करने की अपील की**

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

जांजगीर-चांपा कलेक्टर यशवंत कुमार और एसपी पारुल माथुर की अगुवाई में 13 अप्रैल की देर शामजिला मुख्यालय जांजगीर के मुख्यमार्ग पर पैदल फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च की शुरुआत कचहरी चौक से हुई,कचहरी चौक से नेताजी चौक, बीटीआई चौक तक पैदल फ्लैग मार्च कर कोरोना वायरस के संक्रमण और सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के मद्देनजर, लोगों को अनुशासित रहने और कंटेनमेंट के निर्देशों, नियमों का पालन करने की अपील की,कलेक्टर ने कचहरी चौक पर उपस्थित पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि कंटेनमेंट के निर्देशों का कड़ाई से पालन करवाएं,कंटेनमेंट अवधि में केवल स्वास्थगत कारणों से ही लोगों को बाहर निकलने की अनुमति होगी। बिना कारण घूमने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। कलेक्टर ने कहा कि कंटेनमेंट अवधि के दौरान टीकाकरण का कार्य सतत जारी रहेगा,इसके लिए पात्र हितग्राहियों को आधार कार्ड अथवा पहचान पत्र लेकर टीकाकरण केंद्र तक जाने की अनुमति होगी। एसपी पारुल माथुर ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों से कहा कि ड्यूटी के दौरान? कोविड-19, प्रोटोकॉल का पालन करें और अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। कोरोना वायरस से बचाव संबंधी स्वास्थ विभाग के निर्देशों का पालन करें। अनावश्यक बाहर निकलने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।

## संघर्ष की सीख देता है बाबा साहब का व्यक्तित्व : चौलेश्वर चंद्राकर

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



भारतीय संविधान के निर्माता लोकतंत्र प्रणाली सरकार के प्रथम कानून मंत्री भारत रत्न बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर का संपूर्ण जीवन संघर्ष की अनुपम गाथा है जो हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है, कठिन परिश्रम के बाद किस तरह से कामयाबी मिलती है यह उदाहरण डॉक्टर अंबेडकर के व्यक्तित्व से प्राप्त होता है। उक्त बातें भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 14 अप्रैल को जन्म जयंती अवसर पर अपने गृह ग्राम सरहर (बाराद्वार) में बाबा साहेब के तैल चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए जांजगीर चांपा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉक्टर चोलेश्वर चंद्राकर ने व्यक्त किया।श्री चंद्राकर ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर संघर्ष के पर्याय है उनसे जीवन में कठिनाइयों का सामना करने की प्रेरणा प्राप्त होती है। संविधान रचना के प्रमुख आधार एवं नारी उत्थान एवं दलितों को समानता का अधिकार प्रदान करने में बाबा साहेब के महत्वपूर्ण योगदान को भुलाया नहीं जा सकता,आज इस वैश्विक महामारी कोविड-19 के बचाव के लिए संघर्ष के दौर में हम सब यह संकल्प लें कि इस वैश्विक महामारी से हमें सावधानी से मुकाबला करना है और कोरोना महामारी को हराना है।

## मुंगेली, लोरमी, पथरिया विकास खंडों में करोना मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिले में कोरोना संक्रमण को देखते हुए, आवश्यक व्यवस्था बनाए रखने हेतु सांसद अरुण साव ने कलेक्टर को निर्देशित किया है। जिले के मुंगेली,लोरमी, पथरिया विकास खंडों में करोना मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफ ा हुआ है। लोगों में भय और दहशत का वातावरण है। मौत के आंकडों में भी बढ़ोतरी हुई है। 14 अप्रैल से जिले में लॉकडाउन भी लगाई जा रही है। उक्त स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन से इस संबंध में की गई तैयारियों पर सांसद श्री साव ने विस्तार से चर्चा की है। सांसद अरुण साव ने जिला कलेक्टर पीएस एल्मा को निर्देशित किया है कि नागरिकों के लिए समुचित इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जावे ,आवश्यकता हो तो निजी अस्पतालों से भी बातचीत कर वहां भी करोना मरीजों के इलाज की व्यवस्था की जावे। ऑक्सीजन की पर्याप्त व्यवस्था हो, एंबुलेंस की व्यवस्था, पर्याप्त चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ व दवाइयों की व्यवस्था सुनिश्चित किया जावे। लॉकडाउन के दौरान नवरात्रि पर्व और किसानों के ग्रीष्मकालीन फसलों को ध्यान रखना आवश्यक है। सांसद अरुण साव ने नागरिकों से भी आग्रह किया है कि लोग करोना गाइडलाइन का पालन करें एवं एवं पात्र लोग आवश्यक रूप से कोरोना का टीका लगवाएं। बिना आवश्यक कारण घर से ना निकलें, बाहर निकलना जरूरी हो तो मास्क व दो गज की दूरी के नियमों का ध्यान रखें। सावधानी ही कोरोना से बचने का बेहतर उपाय है। कोविड नियमों का पालन करते हुए आत्मविश्वास बनाए रखें। कोरोना पीड़ित होने पर घबराएं नहीं अधिकांश लोग ठीक होकर अपना सामान्य जीवन जी रहें हैं।

## कलेक्टर के हाथों मिला मजदूरों को लॉक डाउन अवधि के लिए राशन पैकेट

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिला कलेक्टर भीम सिंह के हाथों लेबर चौक में उपस्थित लगभग 200 से 250 दिहाड़ी मजदूरों को नगर निगम प्रशासन द्वारा सूखे राशन का वितरण किया गया। बुधवार से जिले में 9 दिनों के लिए लॉक डाउन लग गया है। दिहाड़ी मजदूरों के काम इससे प्रभावित होंगे। ऐसे में उनके सामने दिक्कते आएंगी। दिहाड़ी मजदूरों की इसी समस्या के मद्देनजर नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय ने कलेक्टर भीम सिंह के मार्गदर्शन में उनको राशन पैकेट वितरित किया। इस पैकेट में 5 किलो चावल 1 किलो दाल एक पाव तेल 1 किलो आलू 1 किलो प्याज, सोयाबीन बड़ी, मसाला, नमक, हल्दी, मिर्ची तथा आटा दिया गया है। जिला कलेक्टर भीम सिंह, नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय, एसडीएम वाय के उर्वसा ने दिहाड़ी मजदूरों को सूखे राशन वितरित किए हैं। कलेक्टर भीम सिंह ने कहा कि दिहाड़ी मजदूरों को कोई परेशानी न आए इसलिए जिला प्रशासन समय-समय पर उन्हें सूखे राशन का वितरण करता रहेगा। साथ ही साथ जो समाज सेवी संगठन राशन वितरण करना चाहते हैं वे जिला प्रशासन से संपर्क कर राशन दे सकते हैं। ताकि इन 9 दिनों के लॉक डाउन की अवधि में गरीब और जरूरतमंद व्यक्ति को राशन की उपलब्धता कराई जा सके।

## चांपा की पर्वतारोही बिटिया अमिता श्रीवास होगी छत्तीसगढ़ शासन के वीरणी अवार्ड से सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



विगत महीनों जांजगीर-चांपा जिले के चांपा शहर की बिटिया अमिता श्रीवास ने पर्वतारोही के रूप में पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया था, तथा अमिता श्रीवास की इस सफलता को देखते हुए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वर्ष 2021 से प्रारंभ किए जाने वाले महिलाओं को उनके विशिष्ट कार्यों के लिए वीरणी अवार्ड से खेल के क्षेत्र में सम्मानित किया जाएगा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा करीब 7 लोगों को अलग-अलग क्षेत्रों में सफलता पर दिया जाना है, जिसमें एक नाम जांजगीर-चांपा जिले की बिटिया अमिता श्रीवास का भी है,अमिता श्रीवास के उपरोक्त अवार्ड हेतु नाम चयनित होने पर जहां जिले में भी प्रसन्नता व्याप्त है,तो लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की हैं, उल्लेखित हो कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रारंभ किया जा रहा वीरणी अवार्ड राज्य की महिलाओं को उनके उल्लेखनीय कार्यों तथा विशिष्ट क्षेत्रों में विशेष योगदान तथा सफलता के लिए दिया जाएगा, एवं पूरे देश में जहां महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सरकारे काम कर रही हैं तो इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश में भी सरकार ने महिलाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में यह सम्मान प्रारंभ किया है, जो कि प्रदेश का पहले संस्करण के रूप में 14 अप्रैल को चयनित महिलाओं को नवाजा जाएगा तथा अमिता श्रीवास ने पर्वतारोही के रूप में जो उल्लेखनीय सफलता हासिल की थी उसे लेकर पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में चारों ओर जांजगीर-चांपा जिले की काफी प्रशंसा हुई थी, साथ ही अमिता श्रीवास को भी पर्वतारोही के रूप में सफलता अर्जित करने पर जांजगीर-चांपा जिले की विभिन्न संस्थाओं तथा बड़े राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों ने भी उन्हें उनके निवास पर पहुंचकर शुभकामनाएं देते हुए एवं सम्मानित किया था।

## जेठा में 50 बिस्तरों वाले कोविड केयर सेंटर का हुआ शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



शक्ति विकासखंड के जेठा में स्थित शासकीय क्रांति कुमार भारतीय महाविद्यालय में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शक्ति के विधायक प्रतिनिधि सुरेश अग्रवाल की मांग पर एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत की स्वीकृति से प्रशासन द्वारा वर्तमान कोविड-19 के संक्रमण को देखते हुए पुनः 50 बिस्तरों वाले कोविड-19 आइसोलेशन सेंटर का शुभारंभ किया गया है, तथा स्वास्थ्य केंद्र के विधायक प्रतिनिधि सुरेश अग्रवाल ने विगत दिनों कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए एवं कोरोना संक्रमित मरीजों को आइसोलेशन के दौरान प्रशासन द्वारा बेहतर व्यवस्था उपलब्ध करवाने हेतु स्थानीय शक्ति के विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत से मिलकर उन्हें अवगत कराया था, जिस पर विधानसभा अध्यक्ष ने तत्काल पहल करते हुए जिला प्रशासन को इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा जेठा के सरकारी कॉलेज में पुनः 50 बिस्तरों का कोविड-19 केयर सेंटर प्रारंभ हो चुका है, जिसमें कोविड संक्रमित मरीजों को निर्धारित अवधि तक रखकर उनका उपचार किया जाएगा, तथा जेठा के इस आइसोलेशन सेंटर के प्रारंभ होने पर क्षेत्र में एक सुविधा मिलेगी तथा लोगों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत एवं विधायक प्रतिनिधि सुरेश अग्रवाल का आभार व्यक्त किया है, वहीं विधायक प्रतिनिधि सुरेश अग्रवाल ने कहा है कि शक्ति विधानसभा क्षेत्र में डॉ चरणदास की सक्रियता से निरंतर वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जा रहा है, तथा शक्ति शहर के कोविड-19 वैक्सीनेशन सेंटर में भी पूरी सुविधाओं के साथ लोगों को कोविड-19 का टीकाकरण किया जा रहा है, तथा समय-समय पर पूरे क्षेत्र में स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष ध्यान देकर एंबुलेंस वाहन की सेवाएं तथा अन्य चिकित्सा सेवाओं में निरंतर वृद्धि हो रही है।

**कोरोना के रोकथाम के लिए स्वास्थ्य मंत्री से आवश्यक संसाधन अतिशीघ्र जुटाये जाने का किया आग्रह-** छ.ग. विधान सभा के पूर्व उपाध्यक्ष, भाजपा के प्रदेष महामंत्री, जांजगीर-चाम्पा क्षेत्र के विधायक नारायण चंदेल ने प्रदेष के स्वास्थ्य मंत्रीटी.एस. सिहदेव एवं स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर इस बात का आग्रह किया है कि जांजगीर-चाम्पा जिले सहित पूरे प्रदेष में कोरोना का संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है, अतः बढ़ते संक्रमण को रोकने के लिये हमें युद्ध स्तर पर आवश्यक संसाधन जुटाये जाने का आग्रह किया है। विधायक चंदेल ने स्वास्थ्य मंत्री से चर्चा करते हुए कहा कि जांजगीर-चाम्पा जिला प्रदेश का बड़ा जिला है तथा कोविड-19 का संक्रमण तेजी से जिले में पांव पसार रहा है। समय पर आवष्यक ईलाज नहीं मिलने के कारण बड़ी संख्या में नागरिकों की असमय मौत हो रही है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए हम सब लोगों को मिलकर तत्काल आवष्यक संसाधन जुटाये जाने की आवश्यकता है।

## 54 आईसीयू और 332 ऑक्सिजनेटेड बेड की सुविधा तैयार

- **कलेक्टर भीम सिंह ने ली स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक, कोरोना संक्रमित मरीजों के लिए बेड एवं इलाज की समुचित व्यवस्था के दिए निर्देश**

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

कलेक्टर भीम सिंह ने अपने कक्ष में कोविड-19 के मरीजों के उपचार की तैयारियों के संबंध में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। इस मौके पर कलेक्टर भीम सिंह ने सीएमएचओ एवं मेडिकल कॉलेज प्रभारी से कोरोना संक्रमित मरीजों के इलाज की तैयारियों, अस्पतालों में बेड की स्थिति, मेडिकल स्टाफ, दवाइयों की उपलब्धता समेत अन्य तमाम सुविधाओं के बारे में चर्चा की। उन्होंने मरीजों के इलाज की समुचित व्यवस्था के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.केसरी ने बताया कि जिले में 54 आईसीयू तथा 332 ऑक्सिजनेटेड बेड की सुविधा तैयार कर ली गयी है। कोरोना के उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में 200 बेड, एमसीएच बिल्डिंग में 100, जिंदल फोर्टिस अस्पताल में 25, जिंदल परसदा अस्पताल में 90, अपेक्स सुपर स्पेसिलिटी में 30, बालाजी मेट्रो में 22, जेएमजे मॉर्निंग स्टार (मिशन) हास्पिटल में 10, राजप्रिय अस्पताल में 24, राधाकृष्ण अस्पताल में 18, शिव हास्पिटल में 5 एवं लोकेश अस्पताल में 12 बेड, मंगल भवन सारंगढ़ में 50 बेड की व्यवस्था तैयार कर ली गयी है। इसके अतिरिक्त 80 और ऑक्सिजनेटेड बेड की सुविधा भी अगले दो चार दिनों में तैयार कर ली जाएगी। इसके अलावा केआईटी कॉलेज में 500 बिस्तर का कोविड केयर सेंटर तथा एमसीएच लैलूंगा में 50 बेड, सीएचसी लोइंग में 30 और सीएचसी चपले में 10 बेड, सिद्धेश्वर नेत्रालय में 20 बेड की सुविधा तैयार की जा रही है। कलेक्टर ने कोविड सैंपलिंग के संबंध में भी चर्चा की। बताया गया कि सैंपल कलेक्शन सेंटर्स में नियमित रूप से सैंपल कलेक्ट किये जा रहे हैं। वर्तमान में रायगढ़ शहर में शासकीय आयुष औषधालय चांदमारी, नगर निगम ऑडिटोरियम रायगढ़, सत्तीगुड़ी चौक, शासकीय किरोड़ीमल जिला चिकित्सालय, रेलवे स्टेशन रायगढ़, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामभांठा तथा जिले के समस्त सामुदायिक, प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र, समस्त सिविल अस्पताल एवं रेलवे स्टेशन खरसिया में सैंपलिंग की जा रही है। कोई भी समस्या होने पर स्वास्थ्य विभाग के कंट्रोल रूम नंबर 07762-232668, 07762-28000 में कोरोना से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है एवं सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक 7647921193, 7647921146, दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक 7647921172, 7647921147, रात्रि 8 बजे से सुबह 8 बजे तक 767921175, 7647921157 में होम आइसोलेशन में रहने वाले मरीज कॉल करके अपनी स्वास्थ्य संबंधी जानकारीए परामर्श ले सकते है। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज से डॉ लकड़ा, डॉ.मिंज सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## होम आईसोलेशन नियम के उल्लंघन पर होगी एफआईआर : कलेक्टर

- **कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक**

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

कलेक्टर भीम सिंह मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने होम आईसोलेशन के नियमों के उल्लंघन करने वालों पर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। बैठक में कोविड-19 के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए गए जा रहे उपायों की समीक्षा की गई। सबसे पहले वैक्सीनेशन की चर्चा कलेक्टर ने की। इस दौरान रायगढ़ शहरी में अब सिर्फ 46 प्रतिशत टीकाकरण होने पर योजनाबद्ध तरीके कार्य करने और लाक डाउन के दौरान वैक्सीनेशन सेंटरों में 45 प्लस उम्र वालों को कोरोना वैक्सीन लगवाने के निर्देश निगम कमिश्नर आशुतोष पाण्डेय को दिए। कलेक्टर ने रायगढ़ शहरी क्षेत्र अंतर्गत रात आठ बजे तक वैक्सीनेशन सेंटर को खुला रखने और वैक्सीन लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रथम डोज लगाने के लिए जिन ग्राम सचिव व सरपंच ने ग्रामीणों को जागरूक किया। उन्हें सूची बनाकर रखनी होगी और आने वाले छह हफ्तों बाद फिर उन्हें जागरूक कर वैक्सीन का सेकेंड डोज लगवाना होगा। कलेक्टर भीम सिंह ने अस्पतालों में आक्सीजेनेटेड और आईसीयू बेड पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ दिनों में केआईटी में 200 आक्सीजेनेटेड बेड का इंतजाम कर लिया जाएगा। इसी तरह मेडिकल कॉलेज सहित सभी प्राइवेट अस्पतालों को आक्सीजेनेटेड और आईसीयू बेड के संसाधन तैयार करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर भीम सिंह ने कोरोना मरीजों के लिए आयुष्मान कार्ड के तहत इलाज सुविधा मुहैया कराने के निर्देश निजी अस्पताल प्रबंधकों को दिए। कलेक्टर ने कहा कि लॉक डाउन के नियमों का पालन सभी विभागों को करना है। इस दौरान उन्होंने ट्रेनों से आने वाले लोगों की जांच और होम आईसोलेशन संबंधित नियमों के पालन कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को लॉक डाउन के दौरान कंटेनमेंट जोन घोषित करने और होम आईसोलेशन संबंधित नियमों का पालन कराना सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने होम आईसोलेशन का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ एफआईआर कराने के निर्देश सभी एसडीएम को दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल, अपर कलेक्टर आरए कुरूवंशी, एसडीएम युगल किशोर उर्वशा सहित सभी डिप्टी कलेक्टर और विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

> **तेजी से कार्य करने के निर्देश**
> बैठक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा किए गए घोषणा के स्वीकृत कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई। कलेक्टर भीम सिंह ने सभी विभागों को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा किए गए घोषणा की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी संबंधित विभाग घोषणा को पूर्ण करने पूरी तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। इसके बाद गोधन न्याय योजना पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने कहा कि सभी गोबर खरीदी केन्द्रों में गोबर की खरीदी नियमित होनी चाहिए।

# निजी अस्पताल सिटी हेल्थ सेंटर में भी होगा कोरोना संक्रमित मरीजों का इलाज, कलेक्टर ने लिया जायजा

## इलाज के लिए हॉस्पिटल में पूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ＜ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर महादेव कावरे ने बुधवार को जशपुर शहरी क्षेत्र के निजी सिटी हेल्थ सेंटर में कोविड-19 मरीजों के ईलाज प्रारम्भ करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक बालाजी राव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के.एस. मंडावी, संयुक्त कलेक्टर दशरथ सिंह राजपूत, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पी.सुथार, डीपीएम गनपत नायक, डीपीसी शिशिर परमार सहित अन्य अधिकारीगण एवं सिटी हेल्थ सेंटर के स्टॉफ उपस्थित थे।



### व्यवस्था ठीक करने के निर्देश

कलेक्टर ने सेंटर में कोविड-19 मरीजो के ईलाज के लिए सेंटर में मेडिकल टीम की उपलब्धता, दवाईयां, बिस्तर सहित अन्य सुविधाओं का अवलोकन कर जायजा लिया। उन्होंने आगामी दिवस से ही सेंटर में कोरोना मरीजो का ईलाज प्रारम्भ करने के लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया। इसके लिए सेंटर में वर्तमान में उपलब्ध आईसीयू बेड, वेंटिलेटर सहित अन्य सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने की हिदायत दी।

### 45 वर्ष वालों का इलाज

कलेक्टर ने कहा कि जिला अस्पताल के डेडीकेटेड कोविड हॉस्पिटल में आने वाले नए 45 वर्ष से अधिक उम्र के या गंभीर मरीजो को ईलाज के लिए सिटी हेल्थ सेंटर में रखा जाएगा। उन्होंने सीएमएचओ डॉ पी सुथार को सेंटर में चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मचारी सहित अन्य आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया।

### 85 वर्षीय सीता शर्मा ने लिया दूसरा डोज

जिले में कलेक्टर महादेव कावरे के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा टीकाकरण को लेकर विभिन्न माध्यम से लोगों में जागरूकता लाने का प्रयास किया जा रहा है। जिले में लग रहे कोरोना टीकाकरण के बढ़ते आंकड़े को देखकर यह प्रयास सफल होता नजर आ रहा है।

बुधवार को इसी जागरूकता का परिचय देते हुए जशपुर के जिला अस्पताल में बनाये गए कोविड टीकाकरण केंद्र में जिले की 85 वर्षीय सीता शर्मा ने टीकाकरण का दूसरा डोज लगवाया। उन्होंने कहा कि शासन के द्वारा कोरोना वायरस से बचाओ के लिए यह टीका आम लोगों को लगाई जा रही है। जिसे हम सब को अवश्य लगवाना चाहिए। जिससे कि हमारे साथ हमारे परिवार एवं अन्य लोग भी सुरक्षित रह सके उन्होंने जिले के समस्त व्यक्तियों को टीका लगवाने का आग्रह किया जिन्होंने 45 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के सभी जगह लगभग 300 केंद्रों में कोविड-19 टीकाकरण की कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर ने सभी से अनुरोध है कि 45 वर्ष या उससे अधिक के लोगों का टीकाकरण करा कर इस कार्य में सहयोग करें। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिले में लगभग 10,000 डोज उपलब्ध है।

# अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच छ.ग. प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष र्निविरोध निर्वाचित हुए अमर सुल्तानिया

पायनियर संवाददाता ＜ जांजगीर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ मारवाड़ी युवा मंच का सूरजपुर में 10 अप्रेल को ऑनलाईन माध्यम से 7 वें प्रांतीय अधिवेशन सूर्योदय सम्पन्न हुआ। प्रांतीय सभा में ऑनलाईन के माध्यम से राष्ट्रीय अध्यक्ष कपिल लखोटिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अर्चना गर्ग, चुनाव अधिकारी सुनील जैन जी, प्रदेश अध्यक्ष सुनील अग्रवाल (बाबी) एवं प्रान्त के पदाधिकारियों अतिथ्यि में हुआ। छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के अगले प्रदेश अध्यक्ष अमर सुल्तानिया को बनाया गया। प्रांतीय सभा में सर्वप्रथम प्रांतीय कार्यकारिणी के बैठक प्रतिनिधि सभा, प्रांतीय प्रतिनिधि सभा सम्पन्न हुई साथ ही प्रदेश में दो वर्ष के पुरूस्कार की घोषणा किया गया। छत्तीसगढ़ युवा मंच के चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष पद हेतु 5 नामांकन भरे गए जिसमें अमर सुल्तानिया, प्रशांत गांधी, श्रवण अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, प्रेम अग्रवाल, के द्वारा नामांकन भरा गया था, नामांकन नाम वापसी के अंतिम दिन अमर सुल्तानिया के पक्ष में सभी ने अपना नाम वापस लिया। जो कि 10 तारिख को सूरजपुर में कोरोना काल को देखते हुए ऑनलाईन अधिवेशन कराया गया। माननीय चुनाव अधिकारी सुनील जैन जी ने प्रदेश अध्यक्ष हेतु अमर सुल्तानिया का नाम धोषणा कर शपथ दिलाई एवं प्रमाण पत्र दिया। साथ ही प्रदेश में 5 प्रदेश उपाध्यक्ष की भी धोषणा हुई जिसमें 4 निर्विरोध चुने गए - सलभ अग्रवाल, ऋषभ केडिया, संगीता मित्तल, शुभम चौधरी चारो र्निविरोध चुने गए एवं सुमीत अग्रवाल एवं शुभम अग्रवाल के बीच अधिवेशन में वोटिंग हुई जिसमें सुमित अग्रवाल ने जीत हासिल की।

छत्तीसग प्रांतीय मारवाई युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर अमर सुल्तानिया जी ने सर्वप्रथम सूरजपुर महामाया माई की धरती को प्रणाम किया कहा कि आने वाले समय में मंच की नवीन प्रांतीय कार्यकारिणी का गठन सभी वरिष्ठ जनों के मार्गदर्शन से करते हुए पूरे प्रदेश में युवा मंच के कार्य को पहुचाएंगे। तथा मंच के राष्ट्रीय कार्यालय के निर्देशानुसार प्रदेश में संगठन का काम सक्रियता से हो एवं सदस्यता विस्तार सहित मंच के सभी राष्ट्रीय प्रकल्पाओं का प्रदेश में प्रत्येक शाखाएं क्रियान्वित कर सके इस हेतु विशेष कार्ययोजना बनाई जाएगी। आने वाले समय में 18 से 27 वर्ष के युवाओं को मंच में जोड़ा जायेगा एवं संगठन विस्तार को नया स्वरूप दिया जायेगा, साथ ही हर सामाजिक क्षेत्र में हर सामाज की जरूरतों को लेकर मंच के युवा साथी नीचे तक जायेंगे।

इस वैश्विक महामारी बिमारी कोरोना काल जैसे बिमारी के लिए सभी मंचस्थ साथी जागरूकता अभियान चलाकर कोरोना से छ.ग. के युवा मंच साथी मिलकर लड़ेगे। और मारवाड़ी युवा मंच को एक नई ऊँचाईयो में ले जाने का प्रयत्न करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व देने के लिए सभी राष्ट्र एवं प्रदेश के मंच साथियों को को धन्यवाद दिया कार्यक्रम का आभार प्रांतीय महामंत्री प्रशांत गांधी जी ने किया।

# लॉकडाउन में 'टॉप पैरेंट' ऐप ने बच्चों के लिए घर में गुणवत्तापूर्ण निः शुल्क शिक्षा की सुविधा प्रदान की

पायनियर संवाददाता ＜ रायपुर
www.dailypioneer.com

कोविड के समय में बच्चे के सीखने और विकास पर माता-पिता को सशक्त बनाने के लिएग स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए काम करने वाले एक गैर-लाभकारी संगठन, नजएड ने घर में शिक्षा में मदद करने के लिए निःशुल्क एंड्रायड एप्लिकेशन –'टॉप पैरेंट 2.0' लांच करने की घोषणा की।

कोविड संकट के दौरान यह माता-पिता को वैसे उपाय बताता है ताकि वे बच्चों की देखभाल कर सकें। यह बहुत सरल भाषा में बच्चों के शिक्षण एवं उनके पालन पोषण के बारे में जानकारियां प्रदान करता है।

भारत भर में कोविड-19 मामलों में वृद्धि के कारण, बच्चों के स्कूल जाने की संभावना नहीं है। इसका मतलब यह है कि विशेष रूप से छोटे बच्चों और कम आय वाले लोगों को पढ़ाई और सीखने में काफी अधिक हानि होगी। अभूतपूर्व स्थिति के मद्देनजर, जब देश के अधिकांश हिस्सों में ऑनलाइन समर्थन की कमी के कारण छात्रों और शिक्षकों के बीच सीधा संवाद पूरी तरह से बंद हो गया हैग टॉप पैरेंट एक उपयोगी समाधान है। नजएड द्वारा विकसित और स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए काम करने वाला एक गैर-लाभकारी संगठन-सेंट्रल स्क्वायर फ़ाउंडेशन के फंडिंग सपोर्ट से 'टॉप पेरेंट' 3-8 साल की उम्र के बच्चों के लिए एनसीईआरटी पैटर्न पर आधारित पाठ्यक्रम की सुविधा प्रदान करता है।

टॉप पेरेंट 2.0 ' के बारे में बात करती हुई, टॉप पेरेंट की फाउंडर और एंटरप्रेन्योर शाश्वती बनर्जी ने कहा,÷ बच्चों के शुरुआती साल सबसे महत्वपूर्ण होते हैं क्योंकि इस दौरान 90त्न मस्तिष्क का विकास होता है। निरंतर सीखने को सुनिश्चित करना और सही प्रोत्साहन प्रदान करना इन वर्षों में महत्वपूर्ण है। महामारी दुर्भाग्य से कम आय वाले समुदायों के लाखों बच्चों को प्रभावित कर रही है जो पहली पीढ़ी के शिक्षार्थी हैं। स्कूल नहीं जाने या ट्यूशन की सुविधा उपलब्ध नहीं होने और घरों में किसी भी तरह की सहायता की कमी के कारण, हमें एक साहसिक समाधान की आवश्यकता थी। इसके वर्कशीट उम्र और ग्रेड पर आधारित हैं और स्कूलों /कक्षा में सीखने के लिए क्या अपेक्षित है, इसके अनुरूप हैं। इसमें लागू एल्गोरिथ्म यह सुनिश्चित करता है कि माता-पिता और बच्चों को उपलब्ध करायी जाने वाली सामग्री को उनके अनुसार अनुकूलित किया जा सके।

# विधायक अनूप नाग के प्रयासों से दूर हुआ अतिसंवेदनशील गांवों में पानी की समस्या



**अन्तागढ़।** अंतागढ़ विधानसभा के विधायक अनूप नाग ने अंतागढ़ विधानसभा के अतिसंवेदनशील गांवों में पानी की समस्याओं को दूर करने के लिए ग्राम पंचायत करमरी एवं ग्राम पंचायत केसोकोडी को 2.50-2.50 लाख रुपयों की लागत वाला एक-एक पानी टैंकर दोनों ग्राम पंचायतों को प्रदान किया। टैंकर वितरण के दौरान विधायक कार्यालय अंतागढ़ में पहुंचे सरपंच एवं ग्रामवासियों ने बताया कि उनके गांव में कई दशकों से जल की गंभीर समस्या थी जिस समस्या को विधायक अनूप नाग ने दूर किया। तत्पश्चात सभी ग्रामीणों ने छत्तीसगढ़ सरकार और विधायक अनूप नाग को धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया। इस टैंकर वितरण कार्यक्रम में विधायक अनूप नाग के साथ केसोकोडी सरपंच पीलूराम उसेण्डी, राजेश्वरी उइके, कविता मरकाम,अंकालु राम,मानुराम, ग्राम पंचायत करमरी सरपंच मलसाय सलाम, पूर्व सरपंच देव सिंह सलाम, रामलाल कॉवड़े, रामसाय सलाम, जीनउ मरकाम सहित सम्मानित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# निगम के तोडू दस्ता ने इतवारी बाजार को किया अतिक्रमण मुक्त



**रायगढ़।** जिला कलेक्टर भीम सिंह के मार्गदर्शन में एवम नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय के निर्देशन में विगत दिनों इतवारी बाजार के अवैध कब्जों को नगर निगम तोड़ूदस्ता दल द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराया गया था। उसी क्रम में इतवारी बाजार के मछली बाजार के तरफ कुछ लोगों के द्वारा कार पार्किंग के लिए अति मण कर कार गैरेज बनाया गया था। जिसे नगर निगम के अतिक्रमण अधिकारी भूपेश सिंह, प्रतुल श्रीवास्तव, अनिल बाजपेई, सोनू चौधरी की उपस्थिति में तोड़ूदस्ता दल द्वारा तोड़कर कब्जा मुक्त कराया गया। उल्लेखनीय रहे कि शहर के संड़े मार्केट सहित पुराने मंडी की जमीन पर इतवारी बाजार के चारों ओर कई रसूखदारों ने कब्जे कर अपनी गाड़ियां खड़े करने के साथ-साथ निर्माण कराकर किराए पर भी लोगों को दिया हुआ है। महासफाई अभियान के दौरान जिला कलेक्टर के दौरे में लोगों ने इस बात की शिकायत भी की थी। जिसके बाद जिला कलेक्टर के निर्देशन पर नगर निगम ने इतवारी बाजार में कब्जा हटाने का काम शुरू किया। स्थानीय निवासियों के विरोध के बावजूद भी नगर निगम के काम में कोई कमी नहीं आई है। नगर निगम कमिश्नर आशुतोष पाण्डेय ने स्पष्ट कर दिया है कि जिला कलेक्टर के निर्देश पर शहर में सभी स्थानों पर बेजा कब्जा हटाए जाएंगे।

# राज्य में कोरोना की सभी जांच दरों में की गई कमी

**सक्ती।** कोविड संक्रमण की रोकथाम के लिए राज्य शासन ने आम जनता को राहत देने की दृष्टि से निजी पैथोलॉजी लैबों और अस्पतालों में कोविड-19 की जांच के लिए आरटीपीसी आर तथा एंटीजन रैपिड टेस्ट की दरों में काफी कमी की है। निजी लैबों और अस्पतालों में रैपिड एंटीजन टेस्ट के लिए 150 रूपए का शुल्क तय किया गया है। इसमें जांच, कन्जुमेबल्स, पीपीई किट इत्यादि शुल्क शामिल हैं। प्रदेश के लैबों/अस्पतालों में आर टी पी सी आर जांच के लिए 550 रूपए की दर निर्धारित की गई है। दोनों जांच के लिए संभावित मरीज के घर से सैंपल संकलित किए जाने पर अतिरिक्त शुल्क 200 रूपए लिए जाएंगे। ट्रूनाट टेस्ट के लिए जांच शुल्क 1300 और मरीज के घर जाकर लेने पर 200 रूप्ये अतिरिक्त लगेंगे।

# संविधान निर्माता आंबेडकर की 130 वीं जयंती ग्राम गोडरी में मनाई गई



**अंतागढ़।** बाबा साहेब की जयंती पर कोरोना महामारी को देखते हुए इस वर्ष रैली व सभा का आयोजन नहीं किया गया। इस दौरान उपस्थित जनों ने कहा कि बाबा साहब ने ऊंच-नीच छुआछूत जैसी कुरीतियों का जमकर विरोध किया। उन्होंने इंसान को इंसान के बराबर का दर्जा देने के लिए संविधान में कानून बनाया। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है। समाज में मानववाद की स्थापना हो तभी उनके द्वारा किए गए संघर्ष फलीभूत होंगे। उपस्थित ग्रामीणों ने शारीरिक दूरी एवं कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर अंतागढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष राधेलाल नाग उपाध्यक्ष अमल सिंह नरवास मंडल अध्यक्ष जीतू मरकाम, पार्षद शांतनु मानकर, कुबल सिंह भुसाखरे सहित ग्राम गोडरी के प्रमुख लोग मौजूद थे।

# प्रमुख सड़कों में सन्नाटा, तो गलियों में लोगों का हुजूम

पायनियर संवाददाता ＜ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जहां प्रशासन लाकडाउन लगा कर कोरोना की चैन तोड़ना चाहती है, वही जनजागरूकता की कमी के चलते यह पूर्णतः सफल नहीं हो पा रही है। जहां नगर की प्रमुख सड़कों में इक्का दुक्का लोग नजर आये वही गलियों में लोगों का हुजूम जमा रहा। जिले में 8 दिनों तक रहने वाले लाकडाउन के प्रथम दिवस ही जन जीवन पूरी तरह से बंद नजर आया, दुकाने जहां बंद रही लोगों का आवागमन भी इक्कादुक्का ही नजर आया चौक चौराहों पर पुलिस व्यवस्था बना रही थी, किंतु लोगों स्वतः ही अपने घरो में दुबके नजर आये, नगर के मुख्य मार्गो में जहां आवाजाही नजर नही आई, वही गलियों में लोगों का जमझट लगा रहा। पुलिस प्रषासन जहां कोरोन का चैन तोडने 14 से 21 तक पूर्णतः लाकडाउन की घोषणा दो दिनों पूर्व कर चुकी थी, इसकी वजह थी कि लाक डाउन



की चैन तोडी जा सके किंतु लोगो में जनजागरूकता की कमी एवं कोरोना का खौफ नजर नही आ रहा है कि लोग पुरी तरह छिपकर अपने घरों से बाहर निकल रहे है। बढने लगी मरीजों की संख्या - जिले में कोरोना संक्रमितों की संख्या में लगातार ईजाफा देखा जा रहा है स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आकडों के मुताबिक बीते कल रैपिड एंटीजेन एवं ट्रू नाट टेस्ट के अनुसार कोरोनो पाजाटिव केसो की संख्या 282 थी, जिले में कुल पाजिटिव केसों की संख्या 5953 थी जिसमें 4366 लोगो को डिस्चार्ज किया जा चुका है, वही जिले में अब तक कुल संक्रमितो के मौत का आकडा 38 रहा। वर्तमान में 1549 ऐक्टिव केसो का ईलाज जारी है। प्रशासन हुई सचेत निजी अस्पतालों को भी किया गया चिन्हांकित- लगातार बडते संक्रमितो की संख्या को देखते हुए नगर के क्रिष्यन अस्पताल, महिमा हास्पिटल, अवध हास्पिटल, अग्रवाल नर्सिंग होम को कोरोना मरीजों के लिए चिंन्हांकित किया गया है, वही इन चारों अस्पतालों के लिए चार नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये है, जिसमें क्रिष्यन अस्पताल यू के कौशिक, महिमा हास्पिटल जी पी भारतद्वारज, अवध हास्पिटल श्रद्धा केशरवानी अग्रवाल नर्सिंग होम एम एल. कोसरे है।

जिले में लगातार बढ़ रहे संक्रमितों की संख्या को देखते हुए प्रशासन ने 4 निजी अस्पतालो को भी चिन्हाकित किया है, इन सभी अस्पतालो में नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये है, जो इन अस्पतालों की कार्यप्रणाली पर नजर रखेंगे।

# भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यसमिति में मनु शुक्ला का मनोनयन, भाजपाइयों में हर्ष



**मुंगेली।** भारतीय जनता पार्टी(व्यापार प्रकोष्ठ) के नवगठित कार्यकारिणी में मुंगेली से सक्रीय युवा नेता मनु शुक्ला को प्रदेश कार्यसमिति में अहम जिम्मेदारी दी गई है जिससे भाजपाइयों ने खुशी जताई है। साथ ही उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में संगठन और मजबूत होगा। सांसद अरुण साव ने अपने बधाई में कहा है कि मनु शुक्ला युवा वर्ग को सक्रिय रख संगठन की विभिन्न मिली जवाबदारी का पूर्व में भी सक्रियता से निर्वहन किया है। पार्टी में उनकी एक अलग पहचान है। विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि मनु शुक्ला के नियुक्ति से उनके निरंतर सक्रियता का लाभ पार्टी और कार्यकर्ताओं को मिलेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष शैलेश पाठक व संवाद प्रमुख सुनील पाठक ने भी मनु शुक्ला को बधाई दी है।

# एशियन पेंट्स ने फर्निशिंग की दुनिया में रखा कदम

**सब्यसाची के सहयोग से भारत की पहली डिजाइनर होम फर्निशिंग श्रृंखला लॉन्च की**

**रायपुर।** हम सभी को जिस चीज ने एक बात के लिए मजबूर किया वह था घर पर ज्यादा से ज्यादा समय बिताना। इसका मतलब था लोगों को ज्यादा समय तक घरों में रहना पड़ रहा था, इसलिए वह अपने घर की साज-सज्जा को बेहतर बनाने का सपना देख रहे थे। होम फर्निशिंग की बात आते ही, सबसे पहला ध्यान घर की सजावट पर जाता है और इस वर्ग में बढ़ती मांग को महसूस करते हुए, एशियन पेंट्स ने भारत के सबसे प्रसिद्ध डिजाइनर सब्यसाची के साथ अपने सहयोग को आगे बढ़ाया है। कंपनी ने ब्रांड निलाया के तहत डिजाइनर होम फर्निशिंग्सध की अपनी तरह की पहली रेंज लॉन्चक की है। अपने पहले होम फर्निशिंग संग्रह के लिए सब्यसाची को अलग-अलग तरह के अनुभवों से प्रेरणा मिली है - कोरोमंडल तट से कुशलता से चित्रित किए गए कपड़े; कढ़ाई की प्राचीन कला; पुराना कलकत्ता और वहाँ की लुप्त होती मुर्शिदाबाद काल की छोटी-छोटी उत्कृष्ट परंपराएं। परिणाम के तौर पर मिली परिवर्तन की एक असामान्य और अविस्मरणीय यात्रा, जिसे पांच अति सुंदर संग्रह - थार, मखमल, सोफा, हजारीबाग और चौक द्वारा जीवंत बनाया गया है।

इसके अलावा, एशियन पेंट्स ने अपने कपड़ों की एडोर रेंज के तहत एक संग्रह लॉन्च किया, जो बजट को लेकर चिंतित रहने वाले उपभोक्त ाओं के लिए आधुनिक और समकालीन उत्पादों का बेजोड़ संग्रह है। इस नए लॉन्च के साथ, एशियन पेंट्स ने डिजाइनर वॉलपेपर्स, पेंट, किचन और बाथ कंपनियों से परे जाने का प्रयास किया है और यह होम डेकोर का इंटीग्रेटेड खिलाड़ी बनना चाहता है।

**सेवानिवृत्ति के बाद खुद भी अपनाएंगे कोंडागांव का बहु स्तरीय उच्च लाभदायक जैविक खेती का मॉडल**

# कृषि मंत्रालय के उच्च अधिकारी पहुंचे मां दंतेश्वरी हर्बल फार्म बस्तर कोंडागांव

पायनियर संवाददाता ＜ कोंडगांव
www.dailypioneer.com

दिल्ली से कृषि मंत्रालय की खाद्य विभाग की एक टीम ने छत्तीसगढ़ का गौरव कहे जाने वाले 'मां दंतेश्वरी हर्बल फार्म तथा रिसर्च सेंटर' एवं हर्बल प्रसंस्करण इकाई का भ्रमण किया। इस टीम का नेतृत्व कर रहे थे खाद्य विभाग कृषि मंत्रालय की उपायुक्त विश्वजीत हालदार। इनके साथ आशुतोष सिंह रायपुर के महाप्रबंधक तथा सपन कुमार महाप्रबंधक एफसीआई एवं बस्तर जिले के एफसीआई के प्रमुख सान्याल, जिला कोंडागांव के खाद्य आपूर्ति विभाग के जिला प्रबंधक श्री अनिल सहारे, एवं रायपुर से आए उच्चाधिकारियों ने मां दंतेश्वरी हर्बल फार्म के ऑस्ट्रेलियन टीक तथा काली मिर्च के प्लांटेशन का निरीक्षण किया व लगी हुई फसल से होने वाले संभावित सालानाआय का भी मौके पर ही आकलन किया। इसमें अंतर्वर्ती फसल के




रूप में की जा रही हल्दी, प्लीज तथा मीठी तुलसी जाने स्टीविया की खेती का भी इन्होंने निरीक्षण तथा आकलन किया। हर्बल समूह के अनुराग त्रिपाठी तथा दसमती नेताम ने उन्हें दुर्लभ वनौषधियों की खेती की जानकारी खेतों पर ही प्रदान की। टीम के द्वारा के द्वारा 'मां दंतेश्वरी हर्बल प्रसंस्करण इकाई' का भी निरीक्षण किया गया। उल्लेखनीय है कि इस इकाई में कोरोनावायरस से लड़ने में मदद करने वाले भारत के स्वास्थ्य मंत्रालय /आयुष मंत्रालय के द्वारा अनुशंसित 'आयुष क्वाथ' एवं कई तरह के फूड सप्लीमेंट बनाए जाते हैं। यहां की आयुष क्वाथ की भारी मांग बताई जाती है। विशेष रुप से बस्तर की महिलाओं के द्वारा गाई गई जड़ी बूटियों से तैयार की गई प्रमाणित जैविक हर्बल चाय पूरे देश विदेश में प्रसिद्ध है।

बिना शक्कर डालें यह चाय अपने आप मीठी हो जाती है, फिर भी यह हर्बल चाय जीरो कैलोरी होती है, साथ ही 12 प्रकार की असाध्य बीमारियों से भी बचाती है। इसकी बेहतरीन यह भी है,कि इसमें ना तो चाय काफी में पाए जाने वाले कोई भी हानिकारक पदार्थ जैसे कि कैफीन आदि हैं और ना ही इसमें कोई केमिकल मिलाया जाता है। डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, हृदय के रोगियों ,पेट संबंधी बीमारियों और सर्दी जुखाम के लिए तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में इसे बहुत ही कारगर माना जाता है।

इसे विश्व स्वास्थ्य संगठन का गुणवत्ता प्रमाण पत्र भी प्राप्त है। कार्यक्रम के अंत में संस्था की ओर से टीम के सभी सदस्यों को बस्तर की यह अनूठी हर्बल चाय भेंट की गई तथा पुनः बस्तर पधारने का नेवता दिया गया। कृषि मंत्रालय के उच्च अधिकारी ने कहा कि बस्तर जैसे पिछड़े क्षेत्र में विश्व स्तरीय दुर्लभ वनस्पतियों का ऐसा प्रमाणित जैविक हर्बल फार्म देखकर वह आश्चर्यचकित भी हैं और प्रसन्न भी। उन्हें हर्बल चाय का स्वाद तथा खुशबू उन्हें बहुत पसंद आई है, वह उसे अपने साथ लेकर जा रहे हैं तथा इसे कृषि मंत्रालय के अन्य उच्चाधिकारियों को भी पिलाएंगे।

# अभाविप ने हिन्दू नव वर्ष दीप जलाकर मनाया

**मुंगेली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा हिन्दू नव वर्ष का कार्यक्रम दीप जला कर मनाया गया, और हिन्दू नववर्ष की शुभकामनाएं दी गई,साथ देश और प्रदेश के समृद्धि एवम कोरोना से लड़ाई में हमारा देश सफ्ल हो इसकी कामना की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाविद्यालय प्रमुख धर्मेंद्र चतुर्वेदी,मुंगेली जिला संगठन मंत्री तुषार देवांगन, कार्यलय मंत्री रिंकू गोस्वामी, सौरभ रजक, कमल देवांगन, राहुल मल्लाह, हर्ष सोनकर, अक्षर पटेल,और मुंगेली के सभी कार्यकारिणी कार्यक्रम में उपस्थित थे।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक 103/लो.क.वि./न.पा.नि./2021 रायगढ़, दिनांक ....

**।। द्वितीय आमंत्रण सूचना ।।**

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र ''अ'' में पीएचई के वर्ष 2020 एवं इलेक्ट्रीकल कार्य हेतु वर्ष 2015 से प्रचलित दर अनुसूची पर नगर पालिक निगम, रायगढ़ की वेबसाईट www.nagarnigamraigarh.com से निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर पूर्ण रूप से भरकर निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित प्रपत्र शुल्क डी.डी. के माध्यम से दिनांक 30.4.21 अपरान्ह 04.00 बजे तक स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से मुहरबंद निविदाएं त्रि-लिफाफा पद्धति से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 30.04.2021 अपरान्ह को सायं 04.30 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी।

| क्र. | कार्य का नाम | कार्य की लागत (लाख में) | अमानत राशि रूपये | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड क्र. 10 में स्थित मोती महल में पेंटिंग कार्य। | 16.80 | 12600/- | 750/- | डी-वर्ग एवं ऊपर |

नोटः-1. उपरोक्त कार्य की निविदा प्रपत्र वेबसाईट से डाउनलोड कर प्राप्त किया जावे तथा निविदा प्रक्रिया के संबंध में किसी प्रकार के जानकारी की आवश्यकता होने पर नगर निगम रायगढ़ के तकनीकी शाखा में प्राप्त किया जावे अन्यथा त्रुटि पूर्ण निविदा प्रपत्र मान्य नहीं होगा।

''स्वच्छ पर्यावरण के लिए वृक्षारोपण करें एवं पालिथीन का प्रयोग न करें''

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)



## न्यायालय नजूल अधिकारी कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव

राजस्व प्रकरण क्रमांक-202103200100037/ अ-20(1)/2020-21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सतिंदर कौर पति सुखदेव सिंह गिल निवासी शीतलापारा कोण्डागांव तहसील व जिला कोण्डागांव छ.ग. के द्वारा नगर कोण्डागांव के मोहल्ला रोजगारीपारा स्थित भूमि शीट क्रमांक 02 भूखण्ड क्रमांक 441/1 कुल क्षेत्रफल 434968 वर्गफीट भूमि में से क्षेत्रफल 750 वर्गफीट भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु स्थायी पट्टा पर प्रदाय किये जाने हेतु श्रीमान कलेक्टर महोदय के समक्ष आवेदन पत्र मय नक्शा, खसरा प्रस्तुत करने पर इस न्यायालय को जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपत्ति करना हो तो वे दिनांक 28.04.2021 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात् प्राप् त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03.04.2021 को जारी किया जाता है।

नजूल अधिकारी
जिला कोण्डागांव (छ.ग.)

# वेंटिलेटर का ट्रायल और 80 बिस्तरों पर मरीजों का इलाज शुरू, इधर नहीं शुरु हो सके कई कोविड केयर सेंटर

## मेडिकल स्टॉफ की कमी के चलते अब तक अटकी हुई है राहत की कोशिशें

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मेडिकल स्टॉफ की कमी के चलते मैदानी स्तर पर कोविड-19 से राहत की पहुंचाने की कोशिशें अटक गई हैं। प्रशासन, स्वयंसेवी संस्थाओं और उद्योगों द्वारा पूरी तैयारियों के बाद भी कोविड सेंटर का संचालन अब तक शुरु नहीं हो सका है। स्वास्थ्य अमले को कुछ नई संविदा भर्तियां मिली गई हैं लेकिन इनकी ड्यूटी अभी नहीं लगाई गई है। दूसरी ओर मेडिकल स्टॉफ खुद भी कोविड संक्रमण की मार से जूझ रहा है। कोविड केयर सेंटरों के न शुरु होने के चलते लगभग 200 बिस्तरों की मिलने वाली राहत अब तक मरीजों को नहीं मिल सकी है।

हालांकि पेंड्री स्थित कोविड अस्पताल में 10 नए वेंटिलेटर के पहुंचने और नए 120 में से 80 बिस्तरों में मरीजों के ईलाज शुरु कर दिया गया है। वहीं जल्द ही 3 निजी अस्पतालों में कोविड का ईलाज शुरु होने वाला है। कुमुद मोहबे अस्पताल, समदा हॉस्पीटल, मेंटल हॉस्पिटल देवादा ने कोविड हॉस्पिटल के लिए सहमति दी है। इसका प्रस्ताव जल्द से जल्द शासन को भेजने की तैयारियां हैं।

मेडिकल कॉलेज की डीन रेणुका गहने ने बताया कि कोविड अस्पताल में 10 नए वेंटिलेटर मंगलवार को पहुंचे। युद्धस्तर पर इनके इंस्टालेशन का काम किया गया। बुधवार की शाम को हम इसका ट्रायल लेंगे। उन्होंने बताया कि हमने यहां 120 बिस्तर बढ़ाएं हैं लेकिन स्टॉफ की कमी के चलते अभी 80 बिस्तरों पर ही मरीजों का ईलाज शुरु हो सका है। जल्द ही स्टॉफ की उपलब्धता के बाद हम सभी बिस्तरों पर मरीजों का ईलाज शुरु कर देंगे।

एबीस ग्रुप के कोविड केयर संचालक पंकज ने बताया कि 120 बिस्तरों वाला सेंटर अब तक शुरु नहीं हो सका है। उन्होंने बताया कि मेडिकल टीम उपलब्ध न होने के चलते देर हुई है। हमने प्रशासन से बात की है उनके अनुसार हम संभवतः गुरुवार की सुबह से यहां मरीजों की भर्ती शुरु कर देंगे। उन्होंने बताया कि यहां 10 बिस्तरों पर ऑक्सीजन उपलब्ध होगी।

इसी तरह 40 बिस्तरों का फतेहसिंह हॉल में शुरु होने वाला सेंटर भी अभी शुरु नहीं हो सका है। संचालक समिति के सदस्य ने बताया कि सीएमओ ने जल्द ही स्टॉफ उपलब्ध कराने की बात कही है। वहीं दिग्विजय स्टेडियम स्थित साई हॉस्टल में भी प्रशासन ने कोविड सेंटर शुरु करने की तैयारियां कर रखी है लेकिन यहां भी अभी मरीज दाखिल नहीं किए जा रहे हैं।



### संक्रमण से जुझ रहा मैदानी अमला

मैदानी अमला भी कोरोना संक्रमण से जुझ रहा है। इसका सीधा असर कोरोना राहत अभियान पर पड़ रहा है। डॉक्टर, नर्स, तकनीकी कर्मियों के संक्रमित होने से न सिर्फ ईलाज में परेशानियों हो रही है बल्कि जांच और सैंपल कलेक्शन में भी दिक्कतें आ रहीं हैं। बताया गया कि मंगलवार को मोतीपुर स्थित जांच केंद्र में आरटी-पीसीआर के नमूने नहीं लिए जा रहे थे। यहां स्टॉफ की कमी बताई गई। यह भी बताया गया कि जो नमूने ले रहा था वह स्वयं संक्रमित है। विभाग के पास इसके लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है। दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्र में भी कई जगहों पर ऐसे ही हालात हैं। नई संविदा भर्ती में हाजिरी देने पहुंचे अभ्यर्थियों में से भी कुछ के पॉजिटिव पाए जाने की खबरें हैं। आंकड़े सामने नहीं आ रहे हैं लेकिन खबरें हैं कि विभागीय अमले में दर्जनों की तादाद में लोग संक्रमित हुए हैं।

### रेमडेसिविर के लिए लंबी कतार




काफी किल्लत के बाद रेमडेसिविर की खेप पहुंची है। माना जा रहा है कि रेमडेसिविर का इजेंक्शन कोरोना संक्रमित को जल्द रिकवर करने में मददगार है। शुरुआती दौर से ही इस इजेंक्शन की मांग काफी ज्यादा है। यहां तक कि इसकी कालाबाजारी भी होती रही है। बुधवार को शहर के बांसपाईपारा स्थित जनऔषधी केंद्र में जेनेरिक रेमडेसिविर इजेंक्शन के लिए लंबी कतार देखने को मिली। वहीं निजी मेडिकल दुकानों में भी रेमडेसिविर की मांग कायम है। हालांकि चिकित्सकों का कहना है कि हर कोरोना संक्रमित को इस इंजेक्शन की जरुरत नहीं है और वे इसके बगैर भी कोरोना के संक्रमण से उबर सकते हैं।

# फलों की होम डिलीवरी के लिए सुबह-शाम 5 घंटे की छूट

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

प्रशासन के सख्त लॉकडाऊन में रोजाना की जरुरतों का सामान मुहैया कराने वाले व्यापार भी ठप्प पड़े हैं। मरीजों के लिए भी इससे मुश्किल खड़ी हुई हैं। वहीं इससे व्यापारियों को भी बड़ा नुकसान हो रहा है। दरअसल, फल और सब्जी की दुकानें भी इस दौरान बंद है। मरीजों के परिजनों की शिकायत रही कि जिन्हें फल की जरुरत है वे फल कहां से लेकर आएं। इस समस्या को लेकर लगातार शिकायतों के बाद जिला प्रशासन ने फल व्यापारियों को ढील दी है। बुधवार को जारी आदेश के अनुसार नगर निगम सीमा क्षेत्र के फल व्यवसायी अब सुबह 9 से 12 और शाम को 4 से 6 बजे के बीच फलों की होम डिलीवरी कर सकेंगे। व्यापारियों को सिर्फ घर पहुंच सेवा की ही अनुमति होगी। वहीं कोई भी व्यवसायी तीन से ज्यादा लोगों से काम नहीं ले सकेगा। फलों का आर्डर फोन के माध्यम से ही लिया जाएगा डिलीवरी ब्वॉय, विक्रेता व क्रेता के बीच सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क की अनिवार्यता साथ ही सैनिटाइजर की व्यवस्था के साथ यह कार्य कर पाएंगे। किसी भी प्रकार से इन नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर दुकान को सील कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

### सड़ रहीं सब्जियां

सब्जी की दुकानें, पसरा भी नहीं लग पा रहा है और न ही इन्हें होम डिलीवरी की ही अनुमति मिली है। जिले भर के किसान इसे लेकर चिंतित हैं। लॉकडाउन 10 दिनों का है। खेतों से निकली सब्जियां पड़े-पड़े सड़ रहीं हैं। दूसरी ओर जिन व्यापारियों ने लॉकडाऊन से पहले सब्जी खरीदी थी वो भी खराब हो रही है। आम लोग भी इससे कम परेशान नहीं है। उन्हें भी किसी भी तरह से सब्जियां उपलब्ध नहीं हो पा रही है।

# जिले की सीमाएं बंद फिर भी बाहरी राज्यों से बगैर जांच के आ रहीं बसें

■ क्षमता से ज्यादा सवारी बैठा रहे, प्रवासी मजदूरों के नाम-पते की जानकारी भी नहीं

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

दूसरे राज्यों से बसों की आवाजाही जारी है। सुबह 6 से 9 बजे के बीच हैदराबाद से बस यहां पहुंच रही है जिससे प्रवासी मजदूरों की वापसी हो रही है। लॉकडाऊन के हालात के बीच दूसरे राज्यों में रोजी-रोटी की तलाश में गए मजदूर घरों की ओर लौट रहे हैं। लेकिन, बस संचालक कोविड की गाईडलाईनों का पालन नहीं कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि 40 सीटर बसों में 60 के लगभग सवारियां भरी जा रही है जबकि कुल क्षमता के 50 फीसद ही सवारियां बैठाने के निर्देश हैं। बस संचालकों की यह मनमानी और सीमा पर हो रही लापरवाही कोविडकाल में घातक साबित हो सकती है। जिले में इन दिनों को कोविड-19 के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। इस बीच प्रवासी मजदूरों की वापसी भी एक बड़ी समस्या साबित हो सकती है। इन्हें पिछली बार की तरह क्वारंटीन भी नहीं किया जा रहा है। इससे बाहरी राज्यों से आया संक्रमण ग्रामीण अंचल में तेजी से फैल सकता है। जिले की सभी सीमाएं सील हैं और आवश्यक अनुमति और प्रोटोकॉल के तहत वाहनों को प्रवेश दिया जाने के आदेश हैं। फिर भी बाहरी राज्यों से आने वाली बसें बेधड़क गाइडलाइन का उल्लंघन करते हुए सवारियां ढो रहीं हैं।

**सीमा पर जांच हो रही या नहीं :** बाहरी राज्यों से बड़ी तादाद में प्रवासी वापसी कर रहे हैं। बसों में इन्हें ठूंसा जा रहा है। क्षमता से ज्यादा सवारियां बैठाने की स्थिति में संक्रमण फैलने की आशंका बढ़ रही है। वहीं जिले की सीमाएं सील हैं बावजूद यह बसें आराम से आ-जा रहीं हैं। आशंका यह भी है कि इन वाहनों की सीमाओं पर जांच भी हो रही है या नहीं। यही नहीं बसों में सवार लोगों की कोविड-19 की जांच और उनके नाम-पते की जानकारी जुटाया जाना जरुरी है। सीमा पर यह हो रहा है या नहीं इसकी पुष्टि नहीं हो पा रही है। हालात ऐसे ही रहे तो पहले ही ग्रामीण अचल में मचा हाहाकार और भी भयावह हो सकता है।



**गांवों तक पैदल पहुंच रहे :** बाहरी राज्यों से आ रही बसें प्रवासियों को एक निश्चित ठिकाने पर छोड़ने की बाद आगे बढ़ जाती हैं। खबर है कि फ्लाई ओवर से होते हुए बसे आगे निकल जाती हैं। सवारी को शहर के अग्रवाल ट्रांसपोर्ट के पास छोड़ दिया जाता है। रोजाना यह तस्वीर देखने को मिल रही है कि यहां से मजदूर अपने परिवार के साथ पैदल ही गांवों की ओर कूच कर रहे हैं। कई मजदूर अपने बीवी-बच्चों के साथ 50 किमी तक का सफर इस झुलसती गर्मी में पैदल ही तय कर रहे हैं। यह नज़ारा कोरोना की पहल लहर के दौरान लगे लॉकडाऊन सा ही है।

**क्वारंटीन करने की जरुरत :** बाहरी राज्यों से लौट रहे मजदूरों को क्वारंटीन करने की जरुरत है। शासन-प्रशासन ने विकासखंड और ग्राम पंचायतों में क्वारंटीन सेंटर तैयार करने के निर्देश भी दिए हैं। लेकिन यहां भी बाहरी राज्यों से आ रहे लोगों को नहीं रखा जा रहा है। दूसरी ओर पंचायतों की शिकायत है कि इस व्यवस्था के लिए उन्हें अलग से कई राशि नहीं दी जा रही है। पंचायत के पास उपलब्ध राशि से ही उन्हें व्यवस्था करना है जिसे कि वे कठिन बता रहे हैं। वहीं ग्रामीण हिस्सों में बाहर से लौट रहे मजदूरों को लेकर चिंता बढ़ रही है।



**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मधुसूधन यादव के आदेशानुसार व अनु.जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कण्डेय के आव्हान पर राजनांदगांव अनु.जाती मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा शासन के नियमो का पालन करते हुए संविधान के निर्माता-महान समाज सुधारक भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 130 जयंती मनाई गयी।

# जिपं अध्यक्ष गीता साहू ने ग्रामीणों को उपलब्ध कराई हरी सब्जी

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com

राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने छुरिया ब्लाक के ग्राम फाफामार में ग्रामीणों को हरी सब्जी उपलब्ध करवाई है। यहां के प्रमुख व्यक्तियों द्वारा जरूरत मंदो के सभी के घरों तक सब्जी पहुंचाई गई। ग्राम फाफामार में कोविड-19 संक्रमण के 26 मामले हैं। ग्राम को कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया है। इस कारण लोग भयभीत होकर अपने घर में रह रहे हैं। 10 अप्रैल से राजनांदगांव जिला में लॉक डाउन कर दिया गया है। लोगों ने अपने आपको अपने घरों में कैद करके रखा है। लोग घरों के अंदर दुबके हुए हैं। ऐसे में गांव के सामने सब्जी-भाजी की चिंता लाजमी है। कोरोना महामारी से जहां लोग परेशान है वहीं आज के माहौल में समाज के प्रति निष्ठा के साथ घासी राम साहू महामंत्री किसान मोर्चा, मनीष त्रिपाठी उपाध्यक्ष मंडल छुरिया, सुकृत साहू किसान मोर्चा



अध्यक्ष व ग्राम पटेल फाफामार, प्रकाश साहू समाज कार्यकारिणी सदस्य, गैंदाटोला थाना प्रभारी अमृत साहू ने ग्रामीणों को राहत पहुंचाई है। जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने लोगों से अपील की है कि देश सहित प्रदेश में एवं जिला में कोरोना की रफ्तार बेकाबू है। छत्तीसगढ़ में भी पिछले साल के अपेक्षा कहीं अधिक लोग कोरोना संक्रमित हो रहे हैं। कोरोना से मौत के आंकड़े भी काफी डरावने हो रही हैं। संक्रमण की रफ्तार पर ब्रेक लगाने जिले में 10 दिनों का संपूर्ण लाक डाउन किया गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति गीता घासी साहू ने लोगो को आग्रह करते हुए कहा कि अपने घर पर ही रहे।

# कोविड केयर सेंटर में 12 घंटे में 4 मरीजों की मौत

■ दो सगी बहनें सहित 3 महिला व 1 युवा ने तोड़ा दम

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर के कोविड केयर सेंटर में 4 संक्रमित मरीजों की मौत हो गई है। 12 घंटे के भीतर उक्त 4 मौतों में तीन महिलाएं हैं, जो बीते दिनों उपचार के लिए भर्ती कराई गई थी। मृतक वाली महिलाओं में ग्राम आसरा निवासी दो सगी बहनें हैं। जो कि आपस में देवरानी जेठानी थी। वहीं एक अन्य महिला ग्राम जारवाही की है। वही एक युवक कोटरासरार के थे।

इस संदर्भ में एसडीएम की ओर से उक्त मृतक महिलाओं के अंतिम संस्कार कोविड-19 लाइन के अनुसार किए जाने हेतु आदेश जारी करने की खबर है। प्रशासनिक सूत्रों की माने तो ग्राम आसरा व आश्रित ग्राम अडाम में इन दिनों कोरोना संक्रमण के मामले तेजी से सामने आ रहे हैं। यहां प्रतिदिन 10 से अधिक मरीज की पहचान की जा रही है। वहीं मंगलवार को ग्राम में किए गए 64 में से 32 ग्राम वासियों को एंटीजन परीक्षण में कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया था।



**नपंअध्यक्ष ने मुहैया कराया वाहन :** नगर के कोविड सेंटर में एक ही दिन 3 मरीज महिलाओं की मौत होने से प्रशासन भी सकते में आ गया। लाश को गृहग्राम ले जाने कोई वाहन की व्यवस्था नही हो पाने से राजनांदगांव से शव वाहन के लिए प्रयास किये गए। कचरे के वाहन में शव ले जाने की स्थिति को देखकर अंततः नपंअध्यक्ष हीरा निषाद ने शव डिस्पोज के लिए अपना वाहन निकाय को दिया है। लाशों को मरीजों के गृहग्राम ले जाने तैयारी जारी थी।

**कोटरासरार के युवा मैनेजर की मौत :** मुख्यालय के कोविड सेंटर के अलावा कोटरासरार के कोविड मरीज की भी मौत तड़के 4 बजे हुई है। अमन सोनवानी नामक 37 वर्षीय युवक सीमेंट डीलर एजेंसी में मैनेजर बतौर कार्यरत थे। कोविड प्रोटोकॉल में अंत्येष्टि किये जाने की खबर आई है। बहरहाल कोविड सेंटर में एक ही 4 के निधन की खबर ने समूचे क्षेत्र को दहशत में डाल दिया।

## आरटीपीसीआर जांच बन्द, गिनती के एंटीजन किट से हो रही जांच, दोनों लैब टैक्नीशियन छुट्टी पर

# घुमका में फिर एक महिला की कोरोना से मौत, अब तक आठवीं मौत, लगातार दूसरे दिन अस्पताल पहुंचते ही मौत

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

घुमका अस्पताल में फिर एक कोरोना प्रभावित घुमका निवासी 65 वर्षीया महिला ने दम तोड़ दिया। दो दिनों से लगातार अस्पताल में हो रही मौत से अस्पताल में हड़कंप मच गया है। बुखार और सिरदर्द पीड़ित महिला गम्भीर हालत में अस्पताल पहुंची। जांच में ऑक्सीजन लेबल बेहद कम पाये जाने पर ऑक्सीजन सिलेंडर लगाने के कुछ देर बाद महिला की मौत हो गई। मौत के बाद महिला एंटीजन जांच में कोरोना पॉजिटिव पायी गई।

मंगलवार को इसी तरह खजरी निवासी एक महिला की मौत हुई थी। वार्ड नं2 घुमका निवासी महिला की मौत के बाद घुमका के ग्रामीण भी सकते में हैं। मृत महिला का कोविड नियमों के तहत अंतिम संस्कार किया गया। सूत्रों के अनुसार महिला एक सप्ताह से बुखार से पीड़ित थी और सबसे दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि उक्त महिला का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के करीब संचालित झोलाछाप डॉक्टर के क्लीनिक में चल रहा था। जिसकी लगातार शिकायतों के बाद भी बीएमओ समेत जिम्मेदार अधिकारियों ने कार्रवाई के बजाय नजरअंदाज कर दिया। स्थिति बिगड़ने पर झोलाछाप डॉक्टर ने महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का रास्ता दिखा दिया। घुमका क्षेत्र में इस तरह की अनेकों शिकायतें




अधिकांश गांव में होने के बावजूद अभी भी कार्रवाई का पता नहीं है।

मंगलवार को भी खजरी की एक महिला ने अस्पताल पहुंचने के बाद दम तोड़ दिया था। एंटीजन जांच में मृत महिला की रिपोर्ट पाजिटिव पायी गई थी। घुमका अस्पताल में महिला की मौत के बाद कोरोना से मौत का आंकड़ा 8 तक पहुंच गया है। क्षेत्र के बिरेझर, टेमरी, इराईकला, भैंसातरा, गोपालपुर, पटेवा, खजरी और घुमका मिलाकर कुल 8 लोगों की मौत के बाद पूरे क्षेत्र में कोहराम मच गया है। अभी भी क्षेत्र में सर्दी खांसी की अधिकांश गांव में शिकायत मिल रही है। हालात पूरी तरह बेकाबू होकर स्वास्थ्य विभाग के नियंत्रण से बाहर होते जा रहा है।

जिम्मेदार अधिकारी की लापरवाही से स्थिति दिन ब दिन बिगड़ते जा रहा है। वहीं अभी भी ग्रामीणों लापरवाही बरतते नीम हकीमों और झोलाछाप डॉक्टरों के चक्कर काट रहे हैं। पूरी तरह अव्यवस्थाओं से घिरे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संक्रमण के खतरे में आ गया है। अस्पताल के बाकी कर्मचारियों की चिंता ब? गई है और संक्रमित मरीजों को वार्ड में भर्ती कर इलाज के दौरान मौत के बाद संक्रमण की आशंका से कर्मचारियों में भी हड़कंप मचा हुआ है।

### जांच का अभाव बड़ी मुसीबत

अत्यंत जरूरी सुविधाओं की कमी लोगों के लिए मुसीबत बन रही है। आये दिन एंटीजन किट की किल्लत हो रही है और सबसे दुखद स्थिति आरटीपीसीआर जांच अचानक बन्द हो गई है। जांच की लम्बी कतारों में खड़े रहकर ग्रामीणों को मायूस लौटाने की खबर है। एंटीजन किट के अभाव में केवल लक्षण वाले मरीजों की जांच की जा रही है। सूत्रों के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मात्र दो लैब टैक्नीशियन पदस्थ हैं। दोनों कर्मचारी विभिन्न कारणों से अवकाश में हैं। इसके चलते स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को कोरोना जांच का जिम्मा सौंपा गया है जो केवल सीमित किट में एंटीजन जांच कर पा रहे हैं। जबकि ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण और जानकारी के अभाव में आरटीपीसीआर जांच नही हो रही है। कोरोना के कहर से कांप रहे क्षेत्र के लिए ये काफी तकलीफदेह स्थिति है। इन हालातों में ग्रामीणों को झोलाछाप डॉक्टरों के पास इलाज की मजबूरी है।

## क्विक न्यूज

### मास्क लगाएं एवं अनावश्यक बाहर न निकले' लॉक डाउन का करें पालन : श्रीवास्तव



**बिलासपुर।** जिले के लोगों से अपील करते हुए कहा है कि कोरोना वायरस से सुरक्षा के लिए 45 साल से अधिक आयु वर्ग के लोगों का निःशुल्क टीकाकरण किया जा रहा है। स्वयं, परिवार, समाज की सुरक्षा के लिए यथाशीघ्र कोविड का टीका अवश्य लगाएं । उन्होंने अपनी अपील में कहा कि टीका लगवाकर स्वयं को बचाए एवं दूसरों को भी बचाएं । अटल ने अपील की है कि टीका लगवाने के बाद भी अनिवार्य रूप से मास्क लगाना, फिजिकल डिस्टेंसिंग और हाथों की स्वच्छता जैसे निर्देशों का पालन अवश्य करें। अनावश्यक घरों से न निकले एवं भीड़ वाली जगहों पर जाने से बचे एवं 14 अप्रैल से जिले में लागू होने वाले लॉक डाउन का पालन करें।

### आईपीएल में सट्टा लगाने वाले सटोरियों पर गिरी पुलिस की गाज

**बिलासपुर।** सटोरियों पर बड़ी कारवाई करते हुए पुलिस ने लाखों रुपए की सट्टा पट्टी जब्त की है। पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश कश्यप के द्वारा लगातार आईपीएल क्रिकेट मैच पर सट्टा खिलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया जा रहा था। जिस पर नगर पुलिस अधीक्षक स्नेहिल साहू एवं तारबाहर थाना प्रभारी कलीम खान के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा खिला रहे आरोपियों की लगातार पतासाजी की जा रही थी। कल देर रात अप्रैल की रात पंजाब विरुद्ध राजस्थान रॉयल के मध्य क्रिकेट मैच खेला जा रहा था उसी दैरान संयुक्त टीम को सूचना मिलने पर रेलवे कंस्ट्रक्शन कॉलोनी दुर्गा पंडाल मैदान के पास रेड कार्यवाही कर राजेश वसनी पिता अशोक राम वसनी उम्र 38 साल निवासी बिलासपुर के द्वारा हार जीत का दवा लगवा रहा था। इसके कब्जे से आईपीएल में प्रयुक्त लाखों की सट्टा पट्टी, नगदी 5 हज़ार रुपये एवं 2 नग मोबाइल सट्टा पट्टी जब्त कर थाना लाया गया।

# लॉकडाउन का पहला दिन, चारों तरफ पसरा सन्नाटा, सड़कें सूनसान, कलेक्टर और एसपी जायजा लेने निकले

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



कोरोना महामारी की भयावहता को देखते हुए बिलासपुर जिले में भी आज 14 अप्रैल से पूर्ण लाक डाउन प्रभावशील कर दिया गया है ।अत्यावश्यक सेवाओं को छोड़ जिला मुख्यालय बिलासपुर समेत पूरे जिले में सन्नाटा पसरा हुआ है चौक चौराहों में पुलिस बल तैनात है ।दुकानें तमाम व्यवसायिक संस्थान बंद है। लाक डाउन के दौरान नियमों का पालन हो रहा है कि नही इसका जायजा लेने कलेक्टर डा सारांश मित्तर और पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल निकले और पूरे शहर का भ्रमण किया। पुराने बस स्टेंड में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कलेक्टर डा मित्तर ने कहा कि आज लाक डाउन का पहला दिन है ।लाक डाउन के नियमों का पालन हो रहा या नहीं यह देखने के लिए हम निकले है। लोग अनावश्यक घरों से तो नही निकल रहे है और जरूरी काम से निकलने वालों को कोई दिक्कत तो नही हो रही इसका जायजा हमने लिया ।उन्होंने कहा कि कोरोनो पीड़ितों के लिए सिलेंडर की कमी और निजी अस्पतालों द्वारा टेस्टिंग के नामवर ज्यादा पैसे लिए जाने की शिकायते मिली जिसे ध्यान में रख हमने निजी अस्पतालों में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर उनके मोबाइल नंबर सार्वजनिक कर दिए है ताकि किसी को भी निजी अस्पतालों से कोई शिकायत है तो वे सूचित कर सकते है जिला प्रशासन प्राप्त शिकायतों पर जांच और कार्रवाई करेगी ।कलेक्टर ने कहा कि वेक्सीनेशन के लिए टारगेट जैसी बात नही है ।गांव गांव में टीका लगाने जागरूकता आई है। टीका लगाने टीम सक्रिय है।लोग ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने नजदीक के टीकाकरण केंद्र में पहुंचे और टीका लगवाएं जिला प्रशासन पूरी मदद करेगा । 45 वर्ष और उससे अधिक उम्र वाले नागरिक स्वेच्छा से टीका लगवाएं और खुद व अपने परिवार की रक्षा करें।

कलेक्टर सारांश मित्तर ने सिलेंडर के अभाव में वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप आर्य की मृत्यु के प्रश्न पर कहा कि उनकी जानकारी में यह बात लाई गई है ।पत्रकार की मौत कैसे और किन परिस्थियो में हुई इसकी जांच कराई जाएगी ।

पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल ने कहा कि लाक डाउन का कड़ाई से पालन हो इसके लिए जिले के अंतिम छोर में रायपुर रोड ,मुलमुला मोड़ समेत और भी स्थानों में 9पॉइंट बनाकर सुरक्षा व्यवस्था पर जवान तैनात है ताकि दूसरे जिले से लोगो का आवागमन न हो ।लाक डाउन का कड़ाई से पालन के साथ ही जरूरतमंदों को कोई दिक्कत न हो इसका भी ध्यान रखा जा रहा है ।अन्य जिले आवश्यक कार्य वश जाने वाले ई पास की सुविधा का लाभ उठा सकते है इसी तरह प्लेन और ट्रैन से यात्रा करने वाले अपनी टिकट दिखा यात्रा कर सकते है साथ ही छात्र छात्राएं जिनकी परीक्षा है वे प्रवेश पत्र दिखाकर कर परीक्षा दिलाने जा सकते है। वेक्सिनेशन और कोरोना टेस्ट कराने वालों को भी लाक डाउन में आने जाने दिया जा रहा है ।इलाज कराने जा रहे मरीजों व उनके सहयोगियों को भी मदद की जा रही है ।उन्होंने कहा अभी प्रतिदिन 20 हजार वेक्सी नेशन हो रहा है उन्होंने लोगो से अपील की कि वे कोरोना नियमों का पालन करते हुए वेक्सिनेशन और कोरोना टेस्ट के लिए खुलकर आगे आएं और कोरिया चैन रोकने में सहयोग करें ।पुलिस का कंट्रोल रूम नंबर भी सार्वजनिक है कोई दिक्कत है तो कंट्रोल रूम में फोन कर सकते हैं।

## बेमेतरा बेरला पुलिस की कार्यवाही - 25 पेटी अंग्रेजी गोवा शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




दिनांक 12.04.2021 को जरिये मुखबिर से सूचना मिली की ग्राम सरदा का प्रकाश कोसले अपने घर में अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु रखा है कि सूचना पर उक्त सूचना के सबंध में वरिष्ठ अधिकारीयों को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा श्री दिव्यांग पटेल के निर्देशन पर अति. पुलिस अधीक्षक श्री विमल कुमार बैस, एसडीओपी बेरला श्रीमती ममता देवांगन के मर्गदर्शन में थाना बेरला स्टाफ गवाहो के साथ मौके पर पहुचकर घेराबंदी रेड कार्यवाही कर आरोपी को पकडा गया। आरोपी प्रकाश कोसले पिता नरेश कोसले उम्र 30 साल साकिन सरदा थाना बेरला जिला बेमेतरा के कब्जे से कुल 25 पेटी अंग्रेजी गोवा स्पेशल व्हिस्की शराब, 1200 पौवा (216000द्व्य) कुल जुमला कीमती करीबन 1,44,000/- रूपये को आबकारी एक्ट के तहत जप्त कर कार्यावाही किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना बेरला प्रभारी निरीक्षक पुष्पेन्द्र भट्ट, सउनि अंजोर साहू, प्र. आर. महावीर यादव, योगेश्वर देशमुख, आरक्षक दिनेश निषाद, तुका निषाद, भुषण मार्कण्डेय, अरूण वर्मा, नरेन्द्र वर्मा एवं अन्य स्टाफ का सराहनीय भुमिका रही।

**1 प्रकरण में 01 आरोपी के कब्जे से 25 पौवा देशी मशाला शराब जब्त-** दिनांक 11.04.2021 को थाना नवागढ पुलिस को जरिये मुखबीर से सूचना मिली कि सोनीपारा नवागढ के रहने वाला राजेन्द्र यादव बिना अनुज्ञप्ति पत्र के अपने कब्जे में शराब रखकर अवैध रूप से धन अर्जित करने के नियत से शराब बिक्री करने रखा है कि सूचना पर थाना नवागढ पुलिस द्वारा मौके पर पहुचकर घेराबंदी कर आरोपी को पकडा गया। आरोपी राजेन्द्र यादव पिता बिसाहू यादव उम्र 20 साल साकिन वार्ड नं. 06 सोनीपारा नवागढ जिला बेमेतरा के कब्जे 25 पौवा देशी मशाला शराब (4,500द्व्य) किमती 2,250/- रूपये को आबकारी एक्ट के तहत जप्त कर कार्यावाही किया गया।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने भारत के संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 130 वी जयंती मनाई

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने अपने अपने घरों में आज बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 130 वी जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया । लॉकडाउन के बावजूद जिला प्रशासन के आदेशों का पालन करते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी 01 ने कार्यकर्ताओं के माध्यम से अपने अपने घरों में बाबासाहेब को याद कर उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण किया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जावेद मेमन ने बताया कि शहर में जिला प्रशासन द्वारा सुबह से लॉकडाउन लगाया गया है जिसकी वजह से कांग्रेस जन पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपने अपने घरों में बाबा साहेब की तस्वीर पर माला पहनाकर जयंती पर उन्हें याद किया।ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जावेद मेमन मैं भी अपने निवास पर बाबासाहेब की तस्वीर पर माला चढ़ाई इसके अलावा विनय वैधे आयुष बोरकर रिजवान खान , राजू यादव वशीम खान अविनाश हुमने. नितेश नागदवने.निसांत मेसराम. आदि ने बाबा साहब को याद किया । भारत के संविधान निर्माता, समाज सुधारक और स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री भारतरत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती पर हम सब बाबा साहब का पावन स्मरण करते हैं। तैयब हुसैन ने कहा है की बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी ने भारतीय संविधान तैयार करने में केन्द्रीय भूमिका निभाते हुए सम्पूर्ण प्रभुत्व संपन्न गणराज्य की नींव रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने दलितों के अधिकारों के लिए अभियान चलाया। दलितों के साथ उन्होंने मजदूरों और महिलाओं के अधिकारों की वकालत की और उनके उत्थान के लिए संविधान में अनेक प्रावधान किए। राज्य सरकार बाबा साहब के बताए मार्ग पर चल कर समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए अनेक योजनाओं पर अमल कर रही है। राज्य सरकार राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, वनवासियों को वन अधिकार मान्यता पत्रों के वितरण, लघु वनोपजों की समर्थन मूल्य पर खरीदी और महिला स्व सहायता समूह को स्वावलंबी बनाने की योजनाओं पर अमल कर न्याय की अवधारणा को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में बाबा साहब के लाखों अनुयायी बाबा साहब का जन्मदिन उत्साह और श्रद्धा से मनाते हैं। कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण को देखते हुए घर पर बाबा साहब का जन्मदिन मनाएं। कोरोना संकट की स्थिति को देखते हुए प्रदेश के अनेक जिलों में लॉक डाउन लगाया गया है।

## कोविड उपचार कर रहे निजी अस्पतालों के लिये नोडल अधिकारी नियुक्त

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कोविड 19 संक्रमण के उपचार के लिये जिले में 17 निजी अस्पतालों को अनुमति प्रदान की गई है। उपचार के दौरान मरीजों, परिजनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसे देखते हुए रेफरल संबंधी समन्वय, अस्पतालों में उपलब्ध बेड की स्थिति, डेथ बाडी मूवमेंट प्लान, प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों के उपचार हेतु शासन द्वारा निर्धारित दर से अधिक दर लेने संबंधी अथवा अन्य किसी प्रकार की शिकायतों के निवारण एवं निजी अस्पतालों में समुचित समन्वय एवं सतत् निगरानी हेतु कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर द्वारा विभिन्न अस्पतालों के लिये नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये हैं। नियुक्त किये गये अधिकारियों में अपोलो हॉस्पिटल लिंगियाडीह, सन एंड शाइन नेहरू नगर और महादेव हॉस्पिटल व्यापार विहार के लिये प्रेमप्रकाश शर्मा क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (मो. नं.7748851177), तो नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार वासुदेव क्लीनिक एण्ड नर्सिंग होम तिलक नगर और किम्स हास्पिटल मगरपारा के लिये नोडल अधिकारी श्रीमती मोनिका वर्मा मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर मो.नं. 9329341984 होंगी। श्री राम केयर हॉस्पिटल नेहरू नगर और आर.बी. हॉस्पिटल रिंग रोड नं 2 के लिये नोडल अधिकारी अमित गुलहरे कार्यपालन अभियंता ग्रामीण सेवा यांत्रिकी मो.नं. 9406157646 होंगे। ओंकार हास्पिटल उसलापुर और केयर एण्ड क्योर हॉस्पिटल हास्पिटल के लिये नोडल अधिकारी वरूण राजपूत कार्यपालन अभियंता प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना मो.नं. 9893832467 होंगे।

## कोरोना वायरस कोविड-19 के संक्रमण को लेकर एसपी के नेतृत्व ने निर्देशों का पालन करने की दी समझाइश

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक बेमेतरा दिव्यांग पटेल के नेतृत्व में अपर कलेक्टर संजय दीवान, अति.पुलिस अधीक्षक बेमेतरा विमल कुमार बैस, एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा, डीएसपी रामकुमार बर्मन, यातायात प्रभारी निरी. सुंदरलाल बांधे, सउनि संतोष ध्रुर्वे व अन्य स्टाफ के द्वारा वैश्विक महामारी कोरोना वायरस कोविड -19 के बिमारी के रोकथाम के लिए आम नागरिकों को संक्रमण के प्रसार के रोकथाम हेतु रक्षात्मक उपायो को अपनाने एवं उसका पालन कराये जाने हेतु परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए तथा कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने हेतु अनिवार्य रूप से नियमों का पालन करने, ताकि इस संकट की घडी से हम उबर सकें। लोग यह न समझे कि हम मास्क पहनकर पुलिस से सुरक्षित रह जाएंगे, यह मास्क पुलिस से बचने के लिए नही खुद को कोरोना से बचाने के लिए जरूरी है। तथा आवश्यक वस्तुओं की उपयोग के लिए समय का ध्यान रखकर एवं मास्क लगाकर अपने घर से बाहर निकले समझाईस दी गई। तथा शासन प्रशासन के दिशा निर्देशों का पालन करने व सैनेटाइजर का इस्तेमाल करते रहने एवं सोशल डिस्टेनसिंग का क?ाई से पालन करने अपील की गई। तथा समस्त थाना चौकी व यातायात स्टाफ द्वारा मास्क नही पहनने वाले कुल 52 लोगो से 26,000/- रूपये समझौता शुल्क लिया गया।

### लॉकडाउन का पालन, महापौर रामशरण यादव अकेले पहुंचे, फूल चढ़ा कर अम्बेडकर को किया याद

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



लॉक डाउन ने सभी तरह के कार्यक्रम और आयोजनों पर रोक लगा दी । इसलिए किसी तरह के आयोजन नही हो रहे है अम्बेडकर जयंती पर कोई आयोजन नही हुए । महापौर रामशरण ने अम्बेडकर जयंती पर जीडीसी कालेज के सामने अम्बेडकर प्रतिमा फूल माला चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मेयर ने कहा कि अम्बेडकर ने देश का संविधान लिखा और आज इस संविधान से देश चल रहा है ।

## कांग्रेस नेता हेमेंद्र गोस्वामी ने जरूरतमंदों के लिए बढ़ाये हाथ

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिले में 14 से 21 अप्रैल तक कलेक्टर पी एस एल्मा के आदेश पर संपूर्ण लॉक डाउन हो रहा है। वर्तमान परिस्थितियों में कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रकोप को देखते इसके रोकथाम के लिए लॉकडाउन का निर्णय लिया गया , 14 से 21 अप्रैल के बीच लॉक डाउन की अवधि में लोगों की मदद करने के लिए कांग्रेस नेता हेमेंद्र गोस्वामी ने बड़ा दिल दिखाते हुए जरूरतमंदों को सूखा राशन और कोरोना और उपचार के लिए सामान्य तौर पर दी जानेवाली वाली मेडिसिन का पैकेज देने का ऐलान किया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ में सचिव एवं नगर पालिका के छाया अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी ने कहा है कि सूखा राशन और कोरोना उपचार का सामान्य मेडिसिन पैकेज जिले भर के जरूरतमंद लोग अलग-अलग राशन दुकानों से राशन एवं डॉक्टरों की सलाह लेकर मेडिकल स्टोर्स से अपनी अपनी सहूलियत के हिसाब से मेडिसीन प्राप्त कर सकेंगे ।इसके लिए बकायदा हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है । जो कि यह है.. 70000 85017 9131399578 कांग्रेसी नेता हेमेंद्र गोस्वामी ने पिछले बार के लॉक डाउन अवधि में भी जरूरतमंदों को राशन एवं सरकार के सहायता कोष में आर्थिक सहयोग किया था.. इस दौरान उनके द्वारा जिला प्रशासन और मुख्यमंत्री राहत कोष में 50-50 हजार रुपये का आर्थिक मदद दिया गया था ।इसके अलावा लॉकडाउन अवधि में उनके द्वारा सैकड़ों लोगों को राशन पैकेज भी मुहैया कराया गया था ।

**अस्पताल में मरीजों को मिले पर्याप्त सुविधा**

# संक्रमण को लेकर विधायक ने अधिकारियों के साथ समीक्षा की

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



विधायक आशीष छाबड़ा ने बेमेतरा में बढ़ते कोरोना संक्रमण को देखते हुए जिला कार्यालय में कलेक्टर शिव अनंत तायल एवं अन्य अधिकारियों के साथ स्थिति की समीक्षा की इस संबंध में विधायक आशीष छाबड़ा ने बेमेतरा जिला अस्पताल में बढ़ते दबाव को कम करने तथा गंभीर मरीजों को पर्याप्त सुविधा मिल सके इस बात को ध्यान में रख कर अन्य कोविड़ आइसोलेशन सेंटरों में ऑक्सिजन की पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया इसके अलावा बेरला कोविड सेंटर में बेड बढ़ाने व 13 ऑक्सिजन सिलेंडर बेड को 25 ऑक्सीजन सिलेंडर बेड करने को कहा जिससे क्षेत्र के वासियों को अच्छा उपचार मिल सके लोगो को ईलाज के लिये भटकने की आवश्यकता ना पडे बैठक मे कृषि मंत्री रवीन्द्र चौबे ने दूरसंचार के माध्यम से भाग लिया और निर्देश दिया कि ईलाज मे कोई कमी ना हो पैसों की कमी नहीं होने दी जाऐगी साथ ही स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सर्व समाज प्रमुखों की बैठक बुलाने को कहा इस दौरान विधायक आशीष छाबड़ा ने अनुमानित लागत एक लाख पच्चीस हजार प्रति नग मिलने वाली पांच नगऑक्सिजन कम मिनी वेंटिलेटर कन्सन्ट्रेटर मशीन स्वयं के खर्च पर मंगा के दिये जाने के लिए अधिकारियों को आश्वस्त किया जिससे ऑक्सिजन सिलेंडर की कमी से जूझ रहे कोविड सेंटर में मरीजों को राहत पहुंचाई जा सके इस दौरान कलेक्टर शिव अनंत तायल सी. ई.ओ जिला पंचायत रीता यादव ए.डी. एम संजय दीवान अनुविभागीय अधिकारी दुर्गेश वर्मा उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत अड़भार में लॉकडाउन से पूर्व किया गया फ्लैग मार्च

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत अड़भार में 13 अप्रैल की शाम 6.00 बजे से जिला प्रशासन के निर्देशानुसार होने वाले कोविड-19 के संक्रमण को देखते हुए लॉकडाउन को लेकर नगर पंचायत के मुख्य नगरपालिका अधिकारी वनीषचंद्र दुबे के मार्गदर्शन में नगर पंचायत के अन्य अधिकारी, कर्मचारियों एवं पुलिस प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से शहर के प्रमुख मार्गों पर फ्लैग मार्च करते हुए लोगों से लॉकडाउन के दौरान जिला प्रशासन की गाइडलाइन के अनुसार उसका सख्ती से पालन करने आग्रह किया गया, तथा इस अवसर पर नगर पंचायत के मुख्य नगरपालिका अधिकारी वनिशचंद्र दुबे ने कहा कि 13 अप्रैल की शाम 6ः00 बजे से 23 अप्रैल को रात्रि 12ः00 बजे तक जिला प्रशासन जांजगीर चांपा के दिशा निर्देश अनुसार पूरे जिले में लॉकडाउन लगाया गया है, तथा हम सभी लॉकडाउन में दर्शित शर्तों का पालन करते हुए अपने घरों में ही रहे तथा अति आवश्यक होने पर अनुमति प्राप्त कर ही अति आवश्यक सेवाओं के लिए बाहर निकले तथा अन्य लोगों को भी इस कोविड-19 के संक्रमण को देखते हुए घरों में रहने के लिए ही उन्हें जागरूक करें इस दौरान नगर पंचायत अड़भार में भी स्थानीय प्रशासन तथा पुलिस विभाग द्वारा किए गए इस फ्लैग मार्च को लेकर काफी जागरुकता देखी गई।




हमारे घर के चिराग

# प्रतीक चन्द्रा

का अखिल भारतीय रैंकिंग-1262 प्राप्त कर

भारत सरकार के प्रवर्तन निदेशालय में सहायक प्रवर्तन अधिकारी

(Assistant Enforcement Officer)

के पद पर चयन होने पर बहुत-बहुत शुभकामनाएं

-शुभेच्छु-

श्रीमती चंद्रिका चन्द्रा (बड़ी मम्मी), हरेमुरारे सिंह, विरंचीनारायण मोंहती,
राजकुमार चन्द्रा, विजय कुमार चन्द्रा (चाचा)
श्रीमती सुनीता सिंह, श्रीमती सुजाता मोंहती, श्रीमती अनिता चन्द्रा,
श्रीमती नीतू चन्द्रा (चाची) एवं समस्त बाल्को परिवार (कोरबा)

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403